CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

हल्द्वानी, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 49 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी के मंत्री राजभर की भाजपा से बगावत बिहार में लड़ेंगे चुनाव पेज 2



जोशना चिनप्पा ने जीता जापान ओपन का खिताब खेल टाइम्स



मानव जीवन में मादक पदार्थों के नुकसान तथा उनसे बचाव सम्पादकीय



हमास ने सभी 20 इजरायली बंधक रिहा किए इजरायल ने 250 फलस्तीनी कैदी छोड़े पेज 12

# पाकिस्तान में पुलिस फायरिंग में 250 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, वार्ता**

**पाकिस्तान** में गाजा पीस प्लान को समर्थन देने के खिलाफ पिछले पांच दिनों से प्रदर्शन जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी तहरीक -ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने दावा किया है कि पुलिस की फायरिंग में अब तक उनके 250 से ज्यादा कार्यकर्ता और नेता मारे गए हैं, जबकि 1,500 से अधिक घायल हुए हैं।



दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने ट्रम्प के पीस प्लान का समर्थन किया है। इसे लेकर कई पार्टियां नाराज हैं। टीएलपी चीफ साद हुसैन रिजवी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने सरकार विरोधी, गाजा समर्थक और इजरायल विरोधी अभियान के तहत लाहौर से इस्लामाबाद तक लंबा मार्च किया। मार्च के दौरान रिजवी को भी 3 गोली लगी हैं। पार्टी के प्रवक्ता के मुताबिक, रिजवी की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें पास के एक मेडिकल सेंटर ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना कहां हुई या कितने लोग मरे हैं, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। टीएलपी प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तानी पंजाब के कई हिस्सों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और झड़पें जारी हैं। टीएलपी ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्लान के विरोध में इस्लामाबाद में मार्च किया। ये -शेष पृष्ठ दो पर

- **टीएलपी का दावा, गाजा पीस डील के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे कार्यकर्ता, 1500 से ज्यादा लोग घायल**
- **पाकिस्तान रेंजर्स सहित सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले छोड़े**

## संक्षिप्त समाचार

### 'कोल्ड्रिफ' बनाने वाली श्रीसन फार्मा बंद, लाइसेंस रद्द

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया। साथ ही कंपनी को हमेशा के लिए बंद करने की घोषणा की। सरकार को श्रीसन फार्मा की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गंभीर श्रेणी की गड़बड़ियां मिली थीं। कोल्ड्रिफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। चेन्नई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को श्रीसन फार्मा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी भी की है। श्रीसन फार्मा के प्रमुख कर्मचारियों और तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (टीएनएफडीए) के गिरफ्तार डायरेक्टर इन-चार्ज पीयू कार्तिकेयन के ठिकानों पर भी रेड की गई। कार्तिकेयन को जुलाई, 2025 में रिश्वतखोरी के एक मामले में तमिलनाडु विजिलेंस एंड एंटी करप्शन (डीवीएसी) ने गिरफ्तार किया था। ईडी की ताजा कार्रवाई मिलावटी कोल्ड्रिफ सिरप बनाने और बिक्री से जुड़े वित्तीय लेन-देन मामले में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत (पीएमएलए) की जा रही है।

### मेरठः पुलिस मुठभेड़ में इनामी निक्की ढेर

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ देहात के सरूरपुर इलाके में सोमवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी वांछित अपराधी मारा गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मेरठ देहात के बहसूमा निवासी शहजाद उर्फ निक्की के रूप में हुई है, जिस पर लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न समेत कई आरोप थे। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे सरधना-बिनौली मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही पुलिस टीम ने एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। इसके बजाय, सवार ने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चला दीं। बुलेटप्रूफ जैकेट पहने एक पुलिसकर्मी गोली लगने के बाद बाल-बाल बच गया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हमलावर घायल हो गया और अपनी बाइक से गिर गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से एक पिस्तौल, कारतूस और एक अपंजीकृत बाइक बरामद की गई।एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि शहज़ाद पहले भी कई मासूम बच्चियों के साथ बलात्कार के आरोप में जेल जा चुका है।

### गायिका नेहा राठौर की मुकदमा रद्द करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के पहलगाम हमले पर कथित भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट मामले में दर्ज मुकदमा रद्द करने की उनकी याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें मामले की जांच जरूरी बताया गया था। पीठ ने कहा कि आरोप तय करते समय याचिकाकर्ता कथित तौर पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के सहित कुछ आरोपों को रद्द करने का मुद्दा उठा सकती है।

# बिहार चुनाव से पूर्व लालू परिवार को बड़ा झटका

## लालू यादव, राबड़ी देवी व तेजस्वी के खिलाफ IRCTC घोटाले में आरोप तय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव के खिलाफ भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) घोटाले से संबंधित एक मामले में भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश व धोखाधड़ी के आरोप तय किए हैं। विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने इस मामले में सोमवार को यह आदेश पारित किया।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि लालू यादव, जो 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे, ने अपनी स्थिति का दुरुपयोग करते हुए निजी कंपनी सुजाता होटल्स को रांची और पुरी में दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए अनुचित तरीके से ठेके दिए। इतना ही नहीं इसके बदले में, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव से जुड़ी एक कंपनी को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर करोड़ों की जमीन हस्तांतरित की गई। कोर्ट ने लालू यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए, जबकि राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भी साजिश और धोखाधड़ी के कई अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी यादव और तेजस्वी यादव तीनों ने आरोपों को स्वीकार करने से इन्कार किया है। उन्होंने कहा कि वो ट्रायल का सामना करेंगे।



नई दिल्लीः लालू प्रसाद यादव आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोपों पर सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट से बाहर निकलते हुए।

- **सीबीआई के आरोपः लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते समय अनुचित तरीके से दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए ठेके दिए**

### बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा सात अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की आठ सीटों के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसी के साथ पंजाब के तरनतारन, राजस्थान के अंता, ओडिशा के नुआपारा, झारखंड के घाटशिला, तेलंगाना के जुबली हिल्स, मिजोरम के डम्पा और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर विधानसभा की नगरोटा व बड़गांव की रिक्त सीटों के उपचुनावों के लिए भी अलग-अलग अधिसूचना जारी की गई हैं। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में छह और 11 नवम्बर को चुनाव कराए जाएंगे। बिहार में दूसरे चरण के चुनाव के साथ ही पंजाब, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड, तेलंगाना, मिजोरम तथा जम्मू- कश्मीर के विधानसभा के उपचुनाव 11 नवम्बर को कराए जाने हैं। इन सभी चुनाााव की मतगणना 14 नवम्बर को कराई जाएगी।

# करूर भगदड़ः सुप्रीम कोर्ट ने दिए सीबीआई जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को करूर भगदड़ मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने एक्टर विजय की पार्टी टीवीके और भाजपा नेता उमा आनंदन की मामले की सीबीआई जांच याचिका पर फैसला सुनाया। मद्रास हाईकोर्ट ने मामले की जांच एसआईटी को सौंपी थी।

बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय कमेटी जांच की निगरानी करेगी। इसमें दो आईपीएस अधिकारी (तमिलनाडु कैडर के हो, लेकिन यहां के मूल निवासी नहीं) इसमें शामिल होंगे, जो आईजीपी रैंक से नीचे के नहीं होने चाहिए। बेंच ने 10 अक्टूबर को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से पूछा था कि जब एआईएडीएमके को करूर में कम जगह होने के कारण रैली की अनुमति नहीं दी गई तो फिर टीवीके को 27 सितम्बर की रैली को कैसे इजाजत दी गई। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि मद्रास हाईकोर्ट ने एसआईटी जांच का आदेश कैसे दिया, जबकि मामला मदुरै बेंच में था। 27 सितम्बर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई थी।

- **तीन सदस्यीय कमेटी निगरानी करेगी, एक्टर विजय की रैली में 41 लोगों की हुई थी मौत**



# मोदी से मिलीं कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से सोमवार को साउथ ब्लॉक अपने कार्यालय में मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच बिजनेस, एनर्जी, तकनीक, कृषि और सहयोग को लेकर चर्चा की।

पीएम मोदी ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को शुभकामनाएं दीं और आने वाली बैठकों का इंतजार करने की बात कही। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि विदेश मंत्री आनंद के इस दौरे से दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे प्रधानमंत्री कार्नी से जल्द मिलने को उत्सुक हैं। इससे पहले भारत और कनाडा के विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद साझा बयान जारी किया गया। बयान में कहा गया कि दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर रोडमेप तैयार किया गया। दोनों मंत्रियों ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और तनाव के समय में मजबूत साझेदारी जरूरी है।

- **भारत-कनाडा संबंधों को नई गति देने के प्रयास**
- **विदेश मंत्रालय ने जारी किया साझा बयान**

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067



## संक्षिप्त समाचार

### होमगार्ड बनने के नियमों में बदलाव

**लखनऊ।** प्रदेश में होने वाली 44 हजार पदों पर होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती में अब सार्वजनिक, शासकीय व अर्द्धशासकीय सेवाओं में नियमित रूप से कार्यरत व्यक्ति आवेदन नहीं कर सकेंगे। पहले ऐसे कर्मी होमगार्ड बनने के लिए पात्र होते थे। होमगार्ड विभाग ने इसमें बदलाव करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसे मंजूरी मिलने के बाद सार्वजनिक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय सेवाओं में कार्यरत कर्मी होमगार्ड भर्ती के लिए बनने वाले एनरोलमेंट बोर्ड में आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे। होमगार्ड भर्ती के लिए एनरोलमेंट की प्रक्रिया भी तय कर दी गई है। इसके आवेदन जिलेवार ऑनलाइन लिए जाएंगे। एनरोलमेंट वास्तविक रिक्तियों के सापेक्ष होगा, जिससे लाखों युवाओं को आवेदन करने का मौका मिलेगा।

### कैडेट अंतरिक्ष के माता-पिता बोले- बेटे ने नहीं की आत्महत्या

**बहराइच।** राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के एयरफोर्स कैडेट अंतरिक्ष कुमार सिंह के पार्थिव शरीर का रविवार शाम को सुमेरपुर गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। परिवार शोक में डूबा है। परिजनों ने अंतरिक्ष की मौत को आत्महत्या न मानते हुए आरोप लगाया कि सेना के अधिकारियों द्वारा पूरे मामले को छिपाने की कोशिश की जा रही है, उन्हें सीसीटीवी रिकार्डिंग तक नहीं दिखाई गई। माता-पिता और भाई का कहना है कि अंतरिक्ष रात 10.30 बजे तक बिल्कुल सामान्य था, फिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि उसने फांसी लगा ली। अंतरिक्ष के पिता रवि प्रताप सिंह, जो असम के गुवाहाटी में सूबेदार पद पर तैनात हैं, ने बेटे को मुखाग्नि दी है।

# किशोर पर बालिग की तरह मुकदमे को आईक्यू-ईक्यू टेस्ट अनिवार्य

**प्रयागराज, वार्ता**



**किशोर न्याय बोर्ड किसी बच्चे पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने के लिए आंतरिक भावना पर निर्भर नहीं रह सकता: हाईकोर्ट**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जघन्य अपराधों में किशोर पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने के लिए आईक्यू और ईक्यू टेस्ट कराया जाना अनिवार्य है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किशोर न्याय बोर्ड (जेजे बोर्ड) किसी बच्चे पर बालिग (वयस्क) की तरह मुकदमा चलाने के लिए आंतरिक भावना पर निर्भर नहीं रह सकता। उसका मानसिक-भावनात्मक परिपक्वता का वैज्ञानिक और कठोर मूल्यांकन आवश्यक है।

कोर्ट ने इसके लिए जेजे बोर्ड और बाल न्यायालयों के लिए 11 अनिवार्य दिशानिर्देशों का एक सेट तैयार किया है जिनका पालन तब तक किया जाएगा, जब तक कि विधायिका इस संबंध में स्वयं कोई कानून नहीं बना लेती। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकल पीठ ने प्रयागराज निवासी किशोर की याचिका पर दिया है। जार्जटाउन थाने में 2019 में किशोर पर हत्या सहित विभिन्न आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया था। अपराध के समय किशोर की उम्र 17 साल छह महीने 27 दिन थी। जेजे बोर्ड ने उस पर पहले से दर्ज दो मुकदमों, जिला परिवीक्षा अधिकारी की रिपोर्ट, प्रारंभिक मूल्यांकन के आधार पर हत्या और अन्य अपराधों के परिणामों को समझने में सक्षम पाते हुए एक वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। अपीलीय न्यायालय ने भी जेजे बोर्ड के फैसले को बरकरार रखा। इन दोनों आदेशों को किशोर ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि किशोर न्याय बोर्ड, अपीलीय न्यायालय की ओर से उम्र निर्धारण के लिए किया गया प्रारंभिक मूल्यांकन कानून के अनुसार नहीं है और अविश्वसनीय है। बच्चों की उम्र का निर्धारण करने के लिए बौद्धिक क्षमता द्धआईक्यूऋ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता द्धईक्यूऋ का मनोवैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। मनोवैज्ञानिक परीक्षण के लिए मानकीकृत उपकरणों जैसे बिनेट कामत टेस्ट, विनलैंड सोशल मैच्योरिटी स्केल (वीएसएमएस), भाटिया बैटरी टेस्ट आदि का उपयोग किया जाना चाहिए। साथ ही रिपोर्ट में उपयोग की गई कार्यप्रणाली का उल्लेख होना चाहिए। जघन्य अपराध करने की बच्चे की शारीरिक और मानसिक क्षमता और उसके परिणामों को समझने की उसकी क्षमता के संबंध में स्पष्ट निष्कर्ष दर्ज किए जाएंगे। बोर्ड परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी को 15 दिन के भीतर एक सामाजिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देगा। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी दो सप्ताह के भीतर बच्चे की और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर एक सामाजिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। जघन्य अपराध के मामलों में, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एक महीने के भीतर गवाहों के बयान और जांच के अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करेगा। बच्चे के किसी भी पिछले अपराध में संलिप्तता की संख्या और प्रकृति का विवरण देना होगा।

# एक लाख का इनामी गुरुसेवक ढेर, साथी फरार

**लखनऊ।** लखनऊ के थाना पारा क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपए का इनामी बदमाश गुरुसेवक मारा गया जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पुलिस उपायुक्त पश्चिमी की क्राइम ब्रांच और लखनऊ कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि बुद्धेश्वर निवासी योगेश पॉल की हत्या कर वाहन लूटने वाला बदमाश गुरुसेवक, शाहजहांपुर के पुवायां में भी अपने साथी के साथ अवनीश दीक्षित की हत्या कर चार पहिया वाहन लूट चुका है। वह उसी वाहन को बेचने के इरादे से मोहान रोड होते हुए आउटर रिंग रोड की ओर जा रहा था। सूचना पर पुलिस टीमों ने जीरो प्वाइंट और आउटर रिंग रोड कट पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान जैसे ही संदिग्ध वाहन पहुंचा, पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने गाड़ी तेज कर भागने की कोशिश की। पीछा करने पर गाड़ी फंस गई और बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में गुरुसेवक गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा, जबकि उसका साथी झाड़ियों में भाग निकला। घायल बदमाश को तत्काल रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से मिली राहत

**प्रयागराज, वार्ता**

**कोर्ट ने रंगदारी और जमीन पर कब्जा करने के मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगाई**

कानपुर के सीसामऊ से सपा के विधायक रहे इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने रंगदारी और जमीन पर कब्जा करने के मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ कर रही है। कानपुर के जाजमऊ थाना क्षेत्र के दुर्गा विहार निवासी विमल ने 25 दिसम्बर 2022 को पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सोलंकी के साथ ही बिल्डर हाजी वसी, शाहिद लारी और कमर आलम के खिलाफ भी मारपीट, रंगदारी, धमकी समेत सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वादी ने आरोप लगाया था कि उसकी जाजमऊ स्थित आराजी संख्या 963 जिसका रकबा एक हजार वर्ग मीटर जमीन था। विधायक इरफान सोलंकी, हाजी वसी, कमर आलम और शाहिद लारी ने जबरन उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया था। डीएम से शिकायत पर लेखपाल ने जाकर जांच की और पुलिस के द्वारा कार्रवाई करके जमीन कब्जा मुक्त कराने की बात भी लिखी थी। जब इन लोगों ने उसकी जमीन पर कब्जा किया था, तो दर्शाया कि आराजी संख्या 48 की जमीन का हिस्सा है। वादी ने आराजी संख्या 48 के संबंध में जानकारी की गई तो पता चला कि यह जमीन कानपुर डेवलपमेंट अथारिटी के नाम है, जिसका पूरा रकबा 77 सौ वर्ग मीटर का है।

## बिहार के चिन्हित जिलों में मजबूत जनाधार का किया दावा

# योगी के मंत्री राजभर की भाजपा से बगावत

**बलिया, वार्ता**



**बिहार में लड़ेंगे चुनाव, कल 153 प्रत्याशी उतारेंगे, बोले-जब जरूरत थी तो गिड़गिड़ा रहे थे अभी भी समय**

एनडीए के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव में अकेले उतरने का फैसला किया है।

सुभासपा नेता और उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के बड़े बेटे अरविंद राजभर ने सोमवार को यह जानकारी ऑनलाइन दी। उन्होंने बताया कि सुभासपा बिहार के चिन्हित जिलों में मजबूत जनाधार के आधार पर अकेले चुनाव लड़ने को तैयार है। अरविंद राजभर सुभासपा के वर्तमान में प्रधान राष्ट्रीय महासचिव है। अरविंद ने एनबीटी ऑनलाइन से कहा कि यूपी की तर्ज पर उनकी पार्टी बिहार में भी एनडीए गठबंधन में रहकर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी थी। इसके लिए एनडीए गठबंधन की अगुआ बीजेपी के सभी संबंधित लीडरों से लगातार संपर्क बना हुआ था। अरविंद ने बताया कि उन्हें जानकारी हुई कि बिहार बीजेपी स्टेट यूनिट से गठबंधन को लेकर सकारात्मक रिपोर्ट बीजेपी टाप लीडरशिप को नहीं दी गयी है। इसके बाद एनडीए की ओर से इस बाबत (बिहार विधानसभा गठबंधन) अब तक कोई सकारात्मक संकेत उन्हें नहीं मिले हैं। इस बाद अरविंद ने बताया कि यूपी में बीजेपी और सुभासपा के कोआर्डिनेटर राज्यसभा सदस्य डाक्टर दिनेश शर्मा को सुभासपा के अकेले बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के निर्णय से उन्होंने भिज्ञ करा दिया है। इस बीच अरविंद ने बताया कि बीजेपी के अन्य शीर्ष नेताओं को भी निर्णय से संबंधित सूचना उनकी ओर से भेज दी गयी है। अरविंद ने बताया कि उनके पार्टी की ओर से सोमवार को 35 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की तैयारी है। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए जाएं। अरविंद राजभर ने कहा कि सुभासपा किसी समझौते या दावे के बजाय बिहार में अपने संगठन की ताकत पर भरोसा करती है। बिहार में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। ओमप्रकाश राजभर ने एनडीए की तरफ से सीटों में हिस्सेदारी नहीं मिलने पर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि बिहार के भाजपा नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व को गलत फीडबैक दिया है। इसकी सज़ा बिहार के लोगों को मिलेगी। उन्होंने 153 सीटों पर लड़ने का ऐलान करते हुए कहा कि बिहार में हम एक मोर्चा बनाकर चुनाव लड़ेंगे।

### राजनीति के दगे हुए कारतूस हैं ओपी राजभर: सपा सांसद पांडेय

**बलिया।** सपा सांसद सनातन पांडेय ने भाजपा के स्वदेशी अभियान पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के लोग और देश के पीएम वही कहते हैं, जो नहीं करते हैं। इन लोगों ने कहा था कि दीपावली में चीन से आने वाली लाइटों का उपयोग नहीं किया जाएगा। हकीकत यह है कि आज पूरे देश में चीन की लाइटें बिक रही हैं। सांसद सनातन पांडेय ने डाक बंगले में बातचीत में कहा कि कहा कि मुझे भी स्वदेशी की बात पसंद है। हम भी स्वदेशी अपनाना चाहते हैं, लेकिन भाजपा को देश और स्वदेशी पर विश्वास ही नहीं है। चीन से सटी हमारी सीमाएं कम हुई हैं। इन्हें बताना चाहिए था कि भारत की सीमाएं क्यों घटी हैं। ओमप्रकाश राजभर द्वारा आजमगढ़ की एक सड़क के विकास को मॉडल के रूप में दिखाते हुए योगी सरकार की तारीफ पर सांसद ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर का यह बयान बता रहा है कि वह अंदर से डरे हुए हैं। भाजपा में मंत्री बनने के बाद जहुराबाद का उन्होंने कितना विकास कराया।



सेंसेक्स 82327.05
निफ्टी 25227.35



सोना रु. 124155
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 175325
प्रति किलो



# आईटी कंपनियों के दबाव में लुढ़का शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के दबाव में सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के पहले ही दिन 173.77 अंक (0.21 प्रतिशत) उतरकर 82,327.05 अंक पर बंद हुआ।

पिछले दो कारोबारी दिवसों पर हरे निशान में बंद होने वाला सूचकांक आज 450 अंक से ज्यादा की गिरावट में खुला था, लेकिन बाद में कुछ हद तक उबरने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 58 अंक यानी 0.23 फीसदी की गिरावट में 25,227.35 अंक पर बंद हुआ। एनएसई में जिन 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,118 के शेयर हरे निशान में, 1,974 के लाल निशान में बंद हुए, जबकि 109 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, धातु और तेल एवं गैस समूहों में बिकवाली का जोर ज्यादा रहा।

वहीं बैंकिंग एवं वित्तीय सेक्टरों के शेयरों में लिवाली अधिक हुई। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली कंपनियों के सूचकांक मिडकैप-50 में 0.23 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.17 प्रतिशत गिर गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे अधिक 2.67 फीसदी की गिरावट रही। हिदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.46 प्रतिशत और इंफोसिस का 1.40 प्रतिशत टूट गया। पावर ग्रिड, बीईएल, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। मुनाफे में रहने वालों में अडानी पोर्ट्स का शेयर सबसे अधिक 2.04 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.32 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 0.93 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का 0.79 प्रतिशत की तेजी में रहा। भारती एयरटेल और एनटीपीसी में भी तेजी रही। अन्य एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट हावी रही। जापान का निक्केई 1.01 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.19 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.54 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03 प्रतिशत की बढ़त में थे।

### चांदी एक दिन में 10,825 महंगी 1.75 लाख पार पहुंची, सोना 2,630 बढ़कर 1.24 लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले 13 अक्टूबर को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी की कीमत एक दिन में 10,825 रुपए बढ़कर 1,75,325 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। शुक्रवार को ए 1,64,500 रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,630 रुपए बढ़कर 1,24,155 रुपए हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,21,525 रुपए पर था।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। इस साल अब तक सोने की कीमत 47,993 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,155 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 89,308 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,75,325 रुपए प्रति किलो हो गई है। गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डॉलर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपए में यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम होगा।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेंहू में मंदी रही। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 48 रिंगिट घटकर 4,496 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.20 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 107 रुपए बढ़कर 3,852.25 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं का भाव 13 रुपए टूटकर 2,851.67 रुपए प्रति क्विंटल रहा। आटे की कीमत भी 22 रुपए घटी और यह 3,303.82 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 78 रुपए और सोया तेल की 41 रुपए प्रति क्विंटल घट गयी। पाम ऑयल 89 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 28 रुपए और वनस्पति 68 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 135 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। चना दाल की औसत कीमत 127 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल भी 143 रुपए महंगी हुई। मूंग दाल की औसत कीमत 125 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल 193 रुपए और उड़द दाल 39 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 83 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी 17 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7903.22 रुपए, मसूर काली 8153.44 रुपए, मूंग दाल 10118.90 रुपए, उड़द दाल 10429.94 रुपए, तुअर दाल 10536.24 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पाकिस्तान में...**

प्रदर्शन 9 अक्टूबर से जारी है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सुरक्षा बलों और तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के प्रदर्शनकारियों के बीच सोमवार को हिंसक झड़पें हुईं। इसमें 2 पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और दर्जनों दूसरे अधिकारी घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन रात 2 बजे शुरू हुआ और सुबह 7 बजे तक चला। मुरीदके में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की। पाकिस्तान रेंजर्स सहित सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने कई जगहों पर कैंप लगाए थे, लेकिन भारी बैरिकेडिंग के बावजूद हिंसा भड़क उठी। पुलिस ने शनिवार को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 170 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सुरक्षा बलों ने उनके खिलाफ हथियारों का इस्तेमाल किया। यहां मीडिया कवरेज भी बैन है। वहीं, टीएलपी नेता साद रिजवी ने प्रदर्शनकारियों से कहा था कि गिरफ्तारी कोई समस्या नहीं है, गोलियां कोई समस्या नहीं हैं, शहादत हमारी नियति है। इस प्रदर्शन की शुरुआत तब हुई, जब गुरुवार देर रात पंजाब पुलिस ने टीएलपी मुख्यालय पर छापा मारकर इसके नेता साद रिजवी को गिरफ्तार करने की कोशिश की थी। साद निकल गया, लेकिन पुलिस और साद समर्थकों के बीच हुई झड़पों में कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने शहर के अंदर और बाहर की सड़कें बंद कर दी थी। दंगा रोकने के लिए पुलिस को प्रमुख रास्तों पर तैनात किया गया और सरकारी दफ्तरों व विदेशी दूतावासों वाले रेड जोन को पूरी तरह सील कर दिया गया। टीएलपी की स्थापना 2015 में खादिम हुसैन रिजवी ने की थी। वे पंजाब के धार्मिक विभाग में काम करते थे, लेकिन 2011 में सलमान तासीर की हत्या करने वाले मुमताज कादरी का समर्थन करने पर नौकरी से निकाले गए। 2016 में कादरी को सजा होने पर टीएलपी ने ईश निंदा के मुद्दे पर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू किए। खादिम ने फ्रांस के खिलाफ भी भड़काऊ बयान दिए। उनकी मृत्यु के बाद 2021 में बेटे साद रिजवी ने संगठन संभाला।

### पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह गोपीनाथन हुए कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह और पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे चुके केरल मूल के के. गोपीनाथन सोमवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। गोपीनाथन कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पवन खेड़ा, कांग्रेस सांसद शशि कांत सेंथिल की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। गोपीनाथन ने 2019 में नौकरी से त्यागपत्र दिया था, लेकिन उनका इस्तीफा अब तक स्वीकार नहीं किया गया। वेणुगोपाल ने कांग्रेस का अंग वस्त्र पहनाते हुए उनका परिचय देते हुए कहा कि देश के दलित और हाशिए पर पड़े लोगों के प्रति जुनून रखने वाले और हमेशा न्याय और एकता के लिए लड़ने वाले बहादुर नौकरशाहों गोपीनाथन की पहचान है। गोपीनाथन का कांग्रेस में शामिल होना स्पष्ट संदेश है कि यह एकमात्र ऐसी पार्टी है जो न्याय के लिए लड़ रही है।

# नकली कफ सिरप: यूपी में नारकोटिक्सस टीमों के ताबड़तोड़ छापे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ सहित कई जिलों में पड़ताल, मेडिकल स्टोर सील**

**लखनऊ।** कोडिन कफ सिरप की धरपकड़ के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने जिले भर में छापे मारे।

लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में टीमों ने 10 जगह पर छापा मारकर जांच की। इस दौरान कई फर्म संचालक शटर बंद करके भाग गए। टीम ने फर्म संचालकों को फोन करके कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज तलब किए हैं। जांच दौरान गड़बड़ी मिलने पर दो मेडिकल स्टोर (एक लखनऊ व एक सीतापुर में) सील किए गए। अफसरों का कहना है कि गुजरात की एक फर्म जिसका डिपो लखनऊ में है, के जरिए नारकोटिक्स की दवाओं व कफ सिरप की आपूर्ति कई जिलों में की गई थी। एफएसडीए के सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश यादव ने बताया कि छापे के लिए 13 जिलों के ड्रग इंस्पेक्टरों को लखनऊ बुलाया गया। टीम ने लखनऊ में नौ फर्म व सीतापुर में एक फर्म की जांच की। सहायक मंडल आयुक्त के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ साइंसेज व अर्पिक फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन स्थानों पर जांच की गई जिसमें फर्म के अंदर गड़बड़ी मिली। नारकोटिक्स औषधियों का भंडारण संतोषजनक नहीं था। फर्म के जरिए भारी मात्रा में कोडिन कफ सिरप विक्रय में अनियमितता मिली। बिक्री से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए हैं। ब्रजेश ने बताया इधिका व अर्पिक फर्म के मालिक मनोहर जैसवाल हैं, जो गुजरात में रहते हैं। लखनऊ में इनका डिपो है। गुजरात की इस फर्म के जरिए बड़ी तादाद में कोडिन सिरप प्रदेश के विभिन्न जिलों में भेजा जा रहा था। अमीनाबाद ओल्ड मेडिसिन मार्केट स्थित श्री श्याम फार्मा जांच के दौरान बंद मिला। टीम ने स्टोर को सील कर दिया है। टीम का कहना है इस मेडिकल स्टोर ने बड़ी तादाद में कफ सिरप व नारकोटिक्स दवाओं की खरीद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फर्म से की है। वहीं सीतापुर के नैमिष धाम मेडिकल स्टोर संचालक ने 2600 बाटल कोडिन कफ सिफ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ साइंसेज फर्म से क्रय किया था।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कैबिनेट निर्णयः राज्य की रजत जयंती पर होगा विधानसभा का विशेष सत्र

## यूसीसी में नेपाली-भूटानी दंपत्ति के पंजीकरण की व्यवस्था को भी मंजूरी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर उत्तराखंड राज्य की पंचम विधानसभा का विशेष सत्र की तिथि के निर्धारण हेतु कैबिनेट ने मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता में कुछ संशोधन को मंजूरी दी है। सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यूसीसी में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत अब उत्तराखंड में निवास करने वाले नेपाली, भूटानी व तिब्बती नागरिक भी विवाह पंजीकरण करा सकते हैं। कैबिनेट की बैठक में 8 निर्णय लिए गए हैं, जिसको लेकर गृह सचिव शैलेश बगोली ने मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग की।

■ मंत्रिमंडल ने विशेष सत्र की तिथि के लिए मुख्यमंत्री को किया अधिकृत

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री पदोन्नति कोटा हुआ 50 फीसदी

उत्तराखंड महिला एवं बाल विकास अधीनस्थ सुपरवाइजर सेवा नियमावली 2021 के संशोधन को कैबिनेट ने दी मंजूरी। सुपरवाइजर सेवा नियमावली के अंतर्गत सुपरवाइजर के पदों पर 50 प्रतिशत सीधी भर्ती से एवं 40 प्रतिशत आँगनबाड़ी कार्यकर्त्री एवं शेष 10 प्रतिशत मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ती के पदोन्नति से भरे जाते थे। भारत सरकार के दिशा निर्देशों में राज्य के समस्त मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों में उच्चीकृत किया जाना है, ऐसे में मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ती से सुपरवाइजर पद पर होने वाले पदोन्नति के 10 प्रतिशत कोटा को भी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के पदोन्नति कोटे में शामिल करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के पदोन्नति कोटे को 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया है।

### कैबिनेट के कुछ अन्य निर्णय

राज्य कर्मचारियों की पदोन्नति के संबंध में अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण की नियमावली में संशोधन का निर्णय। मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में विचलन के माध्यम से विधानसभा का सत्रावसान किए जाने के संबंध में लिए गए निर्णय को कैबिनेट के संज्ञानार्थ लाया गया। राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को कर के बाद के लाभांश (प्रॉफिट आफ्टर टैक्स) की 15% धनराशि को राज्य सरकार को देना होगा। इसके लिए कैबिनेट में अपनी मंजूरी प्रदान की।

### रायपुर फ्रीज जोन में छोटे निर्माणों को मंजूरी

रायपुर एवं उसके समीप क्षेत्रों के अंतर्गत जहां विधानसभा परिसर प्रस्तावित है, उस क्षेत्र को फ्रिज जोन बनाया गया था। अब कैबिनेट ने फ्रिज जोन में आंशिक संशोधन करते हुए इन क्षेत्रों में छोटे घरों (लो-डेंसिटी हाउसों) और छोटी दुकानों के निर्माण की अनुमति दे दी है। जिसके मानक आवास विकास विभाग के द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।

## स्वास्थ्य पर्यवेक्षक को एक बार पारस्परिक स्थानांतरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक की सेवा नियमावली में संशोधन की कैबिनेट ने दी मंजूरी। अब स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के 5 साल की संतोषजनक सेवा के बाद एक स्थान से दूसरे स्थान तक अपने जीवनकाल में एक बार पारस्परिक स्थानांतरण को अनुमति दी जाएगी। नए स्थान में जाने पर अपने नए जनपद के कैडर के अंतर्गत यह सबसे जूनियर होंगे। इसके अलावा रिक्त पद उपलब्ध होने पर पहाड़ से पहाड़ में एवं मैदानी जनपदों से पर्वतीय जनपदों में स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिसके लिए मानक विभाग द्वारा तैयार किए जाएंगे।

## यूसीसी संशोधनः देना होगा नेपाली भूटानी प्रमाण-पत्र

**देहरादून।** समान नागरिक संहिता के अंतर्गत होने वाले ऑनलाइन विवाह पंजीकरण में संशोधन को कैबिनेट ने दी मंजूरी। यूसीसी में पंजीकरण हेतु आधार कार्ड की व्यवस्था रखी गई है। क्योंकि उत्तराखंड प्रदेश में नेपाली भूटानी एवं तिब्बती मूल के लोगों से भी शादी होती है। ऐसे में आधार के अलावा अब नेपाल, भूटान के नागरिकों हेतु नेपाली एवं भूटानी नागरिकता प्रमाण पत्र, एवं 182 दिनों से अधिक के प्रवास के लिए भारत में नेपाली मिशन/रॉयल भूटानी मिशन द्वारा जारी प्रमाणपत्र एवं तिब्बती मूल के व्यक्तियों के लिए विदेशी पंजीकरण अधिकारी द्वारा जारी वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र को अनुमन्य किया जाएगा।




## सैन्य धाम के अंतिम चरण के कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएंः जोशी

■ सैनिक कल्याण मंत्री ने विभाग के अधिकारियों के साथ उत्तराखंड के पंचम धाम सैन्य धाम के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को कैंप कार्यालय में सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ उत्तराखंड के पंचम धाम सैन्य धाम के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सैन्य धाम के अंतिम चरण के कार्य, विशेष रूप से रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्य, शीघ्रता से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि सैन्य धाम का निर्माण उत्तराखंड के वीर सैनिकों की अमर गाथा और उनके बलिदान को समर्पित है, इसलिए हर कार्य में गुणवत्ता और भव्यता का विशेष ध्यान रखा जाए।

जोशी ने यह भी निर्देशित किया कि सैन्य धाम के लोकार्पण से संबंधित सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि यह धाम प्रदेश के साथ ही देश के हर नागरिक में देशभक्ति और सम्मान की भावना जागृत करेगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सैन्य धाम प्रदेश की जनता को समर्पित किया जाएगा। बैठक के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आगामी माह में हल्द्वानी में (प्रस्तावित) पूर्व सैनिकों के सम्मान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में भी चर्चा की और अधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) अमृतलाल, उपनिदेशक विंग कमांडर (सेनि) निधि बधानी, एमडी उपनल ब्रिगेडियर (सेनि) जे.एन.एस., परियोजना निदेशक रविंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विपक्ष के 'टूलकिट' को दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब

### भाजपा की सोशल मीडिया गोष्ठी में बोले मुख्यमंत्री धामी



शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्द्वानी।** भाजपा जिला नैनीताल द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी संकल्प अभियान' के अंतर्गत गौलापार स्थित एक बैंक्वेट हॉल में सोशल मीडिया गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। गोष्ठी की शुरुआत दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम् गान के साथ की गई। मुख्यमंत्री धामी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में सोशल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के समान ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछली लोकसभा चुनावों से ही विपक्ष 'टूलकिट' जैसी योजनाओं के जरिये फेक नैरेटिव गढ़ने की कोशिश कर रहा है, जिसका जवाब भाजपा कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर रचनात्मक और प्रभावी ढंग से देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने स्नातक स्तरीय परीक्षा के संदर्भ में कहा कि यह मामला पेपर लीक नहीं, बल्कि नकल से जुड़ा है, जिसकी सीबीआई जांच की सिफारिश की जा चुकी है और परीक्षा रद्द कर दी गई है। उन्होंने दावा किया कि बीते चार वर्षों में राज्य सरकार ने 25,000 युवाओं को सरकारी नौकरियाँ दी हैं, जो एक रिकॉर्ड है। धामी ने आगे कहा कि उनकी सरकार ने कई वर्षों से रुके हुए ऐतिहासिक कार्यों को आगे बढ़ाया है। इनमें जमरानी बहुद्देश्यीय बांध, खुर्पिया फार्म किच्छा में एम्स सेटेलाइट सेंटर, नवीन औद्योगिक नगर और पंतनगर एयरपोर्ट का अंतरराष्ट्रीय विस्तार शामिल हैं। साथ ही हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय और राज्य कैंसर संस्थान के निर्माण की भी घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान आई आपदा के बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इसके अलावा राज्य के खनन राजस्व में भी 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार की प्रभावी खनन नीति का परिणाम है। धामी ने राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि समान नागरिक संहिता, दंगारोधी कानून, कठोर नकल विरोधी अध्यादेश, मदरसा बोर्ड की समाप्ति जैसे कई ऐतिहासिक फैसले उत्तराखंड ने देश में पहली बार लागू किए हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाएं और विपक्ष के प्रपंचों को निष्फल करें। कार्यक्रम के अंत में सोशल मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट व संचालन जिला महामंत्री रंजन बर्गली व विनीत अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में लालकुआ विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, दीपक मेहरा, दिनेश आर्य, शंकर कोरंगा, रेनू अधिकारी, नवीन वर्मा, शांति मेहरा, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सह प्रभारी श्रीपाल राणा, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, जिला मीडिया संयोजक नितिन राणा, दीपेंद्र कोश्यारी, सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल मीडिया /सोशल मीडिया/आई.टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व पर्यवेक्षकों को मिला जनपद परिवर्तन का अवसर

### कैबिनेट ने दी स्वीकृति, 5 वर्ष की सेवा के बाद एक बार मिलेगा मौकाः डॉ रावत



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (एएनएम) एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों की लंबे समय से लंबित मांग आखिरकार पूरी हो गई है। अब पांच साल की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (एएनएम) एवं स्वास्थ्य पर्वेक्षक पूरे सेवाकाल में एक बार जनपद परिवर्तन कर सकेंगे। जिसकी मंजूरी राज्य कैबिनेट ने दे दी है।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न चिकित्सा इकाइयों में तैनात एएनएम एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अब अपनी सम्पूर्ण सेवा अवधि में एक बार जनपद परिवर्तन का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय इन कर्मचारियों की व्यावहारिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे सैकड़ों एएनएम और पर्यवेक्षक सीधे-सीधे लाभान्वित होंगे। डॉ. रावत ने बताया कि कई एएनएम अपनी गंभीर समस्याओं का हवाला देकर अपना स्थानांतरण दूसरे जनपदों में कराने के लिये अनुरोध करते थे लेकिन सेवा नियमावली मे अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की व्यवस्था न होने के चलते ऐसा संभव नहीं हो पाता था। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की इस समस्या को दृष्टिगत रखते हुये राज्य कैबिनेट ने यह बड़ा फैसला लिया है। जिसके तहत इन्हें अब एक जनपद से दूसरे जनपद में समान संख्या के आधार पर स्थानांतरण का लाभ दिया जा सकेगा।

डॉ. रावत ने बताया कि वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के 2295 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 2083 पदों पर एएनएम कार्यरत हैं तथा 212 पद रिक्त हैं। इसी प्रकार स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के 338 पद स्वीकृत हैं, जिनमें 157 पद भरे हैं तथा 181 पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि कैबिनेट का यह निर्णय उन एएनएम एवं पर्यवेक्षकों के लिए राहत लेकर आया है जो वर्षों से अपने गृह जनपद में तैनाती की मांग कर रहे थे। कैबिनेट के इस फैसले के बाद राज्यभर के एएनएम एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों में खुशी का माहौल है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी वर्षों पुरानी मांग को पूरा कर दिया है। जिससे वह अब अपने इच्छित जनपदों में स्थानांतरण पा सकेंगे।



### राज्यपाल से की पूर्व सीएम डॉ निशंक ने शिष्टाचार मुलाकात

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल "निशंक" ने शिष्टाचार भेंट की।

## डांडागांव छानी से टटाऊ महाविद्यालय तक जल्द स्वीकृत होगा सड़क व पूल निर्माण कार्य



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** यमुना घाटी स्थित कई गाँवों मे सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की और सड़कों की स्वीकृति की मांग करते हुए ज्ञापन दिया।

ज्ञापन मे उन्होंने डांडागांव छानी से टटाऊ महाविद्यालय तक सड़क एवं पूल निर्माण कार्य, खरादी से खनेड़ो मोटर मार्ग की स्वीकृति, कुथनौर से नकोड़ा, कपोला मोटर मार्ग स्वीकृति तथा पटागडी रोड की स्वीकृति की मांग की। मुख्यमंत्री ने सचिव लो.निवि को तत्काल पत्रावली प्रस्तुत करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिये। क्षेत्र भ्रमण से लौटकर चौहान ने कहा कि सीएम ने सभी स्वीकृति और निर्माण पर शीघ्र कारवाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यमुनोत्री क्षेत्र मे मूलभूत समस्याओं पर सरकार सजग है और जल्द ही अन्य मामलों पर भी कार्यवाही की जायेगी।

## अल्मोड़ा के विकासखंड धैलादेवी में सक्रिय हुआ स्वास्थ्य विभाग

■ संदिग्ध मृत्यु वाले क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण जारी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**अल्मोड़ा/देहरादून।** अल्मोड़ा जिले के विकासखंड धौलादेवी के प्रभावित गांवों-काफड़ी, फाकरखोली और देवलीबाग में घर-घर जाकर जांच, जल सैंपल परीक्षण और स्वास्थ्य सर्वेक्षण की कार्रवाई।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार के दिशा-निर्देशों के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें अल्मोड़ा जिले के विकासखंड धौलादेवी के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय हो गई हैं। हाल के दिनों में प्राप्त हुई संदिग्ध मौतों की सूचना के बाद विभाग ने त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला व ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा दलों को मौके पर भेजा। इन टीमों ने प्रभावित गांवों काफड़ी, फाकरखोली और देवलीबाग में घर-घर जाकर जांच, जल सैंपल परीक्षण और स्वास्थ्य सर्वेक्षण की कार्रवाई की है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की जनस्वास्थ्य समस्या की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग तत्काल संयुक्त रूप से जांच कर स्थिति का वास्तविक आकलन करें। निर्देशों के अनुपालन में मुख्य चिकित्साधिकारी अल्मोड़ा के नेतृत्व में गठित जिला स्तरीय रैपिड रिस्पांस टीम, जिला सर्बिलांस अधिकारी ने टीम सहित क्षेत्र का निरीक्षण किया और संभावित कारणों की जांच की। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक और जिला स्तरीय चिकित्सा दलों ने पाया कि कुछ क्षेत्रों में पीने के पानी के सैंपल में कोलिफॉर्म पाया गया है।

## आपदा प्रबंधन में अब मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा को मिलेगी प्राथमिकता

### आपदा प्रभावितों के मनोबल को मजबूत करेगा उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग, निमहांस-बेंगलुरु के सहयोग से स्वास्थ्यकर्मियों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** पिछले कुछ समय से उत्तराखंड लगातार प्राकृतिक आपदाओं की मार झेल रहा है। कहीं भूस्खलन, कहीं बादल फटना तो कहीं अत्यधिक वर्षा के कारण जनख्रजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। इन आपदाओं ने न केवल राज्य की भौतिक संरचना को प्रभावित किया है, बल्कि लोगों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोस्थिति पर भी गहरा प्रभाव डाला है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के दिशाख्रनिर्देशों के बाद इस चुनौती को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने आपदाओं के दौरान मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर राज्य में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इस पहल के तहत राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखंड द्वारा भारत सरकार और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज (निमहांस), बेंगलुरू के सहयोग से राज्यभर के स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे आपदा के दौरान और उसके बाद प्रभावित लोगों को मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक सहायता सेवाएँ प्रदान कर सकें।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य विभाग के चंदर नगर स्थित प्रशिक्षण केंद्र, देहरादून में किया गया।इस अवसर पर डॉ. शिखा जंगपांगी, निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण, उत्तराखंड; डॉ. सुनीता चुफाल, प्राचार्य प्रशिक्षण केंद्र; डॉ. संजीव कुमार मणिकप्पा एवं डॉ. अनिल (निमहांस, बेंगलुरू) के साथ डॉ. सुमित देव बर्मन, डॉ. विमलेश जोशी, डॉ. सुजाता और डॉ. पंकज सिंह भी उपस्थित रहे।



### शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक घावों को भरना भी जरूरीः डॉ. सुनीता टम्टा

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सुनीता टम्टा, महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने रते हुए कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यहाँ आपदाएँ अपरिहार्य हैं। इन आपदाओं के बाद केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक घावों को भरना भी उतना ही जरूरी है। यह पहल राज्य के आपदा प्रबंधन तंत्र को और अधिक मानवीय और प्रभावी बनाएगी।

### तीन चरणों में होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रथम बैचः जनपद देहरादून, द्वितीय बैचः जनपद पौड़ी गढ़वाल, तृतीय बैचः जनपद नैनीताल का होगा। अगले दो महीनों में प्रदेशभर से लगभग 100 स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इनमें मनोचिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, काउंसलर और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं। ये प्रशिक्षित कर्मी जिला और ब्लॉक स्तर पर जाकर आपदा प्रभावित परिवारों को मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करेंगे।

# भीड़ वाले क्षेत्रों में नियमित हो गश्त

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों की कार्रवाई की समीक्षा की। एसएसपी ने आगामी दीवाली त्यौहारों को लेकर पुलिस बल को अलर्ट रहने और सभी थाना प्रभारियों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त करने के निर्देश दिए।



शाम करीब 04 बजे एसएसपी ने अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं, मुकदमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने ऑपरेशन कालनेमि के तहत सनातन धर्म की आड़ में साधु, संतों का भेष धारण कर लोगों को ठगने व उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वालो के विरुद्ध कड़ी करने, स्कूल, कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थानों के खुलने व बंद होने के समय पुलिस मोबाइल पार्टियों को सतर्क दृष्टि रखने, व्यक्तियों की धर-पकड़ करने, नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति अपनाकर मादक पदार्थों की बरामदगी व नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने, बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन अभियान चलाने समेत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी देवेंद्र पींचा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया। थाना सल्ट क्षेत्र से दो अलग-अलग मामलों में कुल 23.58 किलो अवैध गांजा बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सराहनीय योगदान दने वाले थाना सल्ट में नियक्त हेड कांस्टेबल दीपक कुमार को पुलिस ऑफिसर ऑफ द मंथ चुना गया। वहीं, प्रभावी पुलिसिंग, मानवीय कार्य एवं गुड वर्क एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस ऑफिसर ऑफ द मंथ सहित 13 अधिकारी, कर्मचारी गणों की कार्यो की सराहना कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। बैठक में एएसपी हरबन्स सिंह, सीओ रानीखेत विमल प्रसाद, सीओ दूरसंचार राजीव टम्टा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा योगेश चन्द्र उपाध्याय, निरीक्षक दरबान सिंह मेहता, निरीक्षक अभिसूचना मनोज भारद्वाज, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पाण्डे, प्रभारी निरीक्षक जानकी भण्डारी, मदन मोहन जोशी, प्रभारी अशोक कुमार, विनोद जोशी, भुवन जोशी, कमाल हसन, सुनील सिंह बिष्ट, प्रमोद पाठक, अजेन्द्र प्रसाद, अवनीश कुमार, कश्मीर सिंह, कमित जोशी, महेश कश्यप, राहुल राठी, मोहित कुमार, बरखा कन्याल, हीरा सिंह, दान सिंह मेहता, अमित कुमार आदि पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# ईओ की कुर्सी का चार्ज का बना चर्चा का विषय

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** नगर पालिका बागेश्वर में ईओ की कुर्सी को लेकर चर्चाओं का बाजार थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब ईओ का कक्ष डबल लॉक यानी दो तलों में बंद कर रखा है। जबकि अमूमन किसी भी कक्ष में एक ही ताला लगता है, जो सुर्खियों में बना हुआ है। बता दें कि नगर पालिका बागेश्वर में तैनात ईओ मुहम्मद यामीन का सितम्बर के अंत में स्थानांतरण हुआ। जिसके बाद ईओ का चार्ज नगर पालिका में तैनात कर अधिकारी हयात सिंह परिहार को दिया गया। लेकिन परिहार को वित्तीय पावर नहीं दी गई। जिसके बाद कर्मचारियों को अक्टूबर सितम्बर माह से तनख्वाह नहीं मिल पाई है। वित्तीय चार्ज को लेकर कई बार अध्यक्ष नगर पालिका से परिहार द्वारा अनुरोध किया गया। लेकिन कुछ




दिनों बाद हयात सिंह परिहार का तबादला हल्द्वानी का आदेश नगर पालिका बागेश्वर में आया। वहीं ईओ का चार्ज अल्मोड़ा में कर अधिकारी धीरज चंद्र कांडपाल को बागेश्वर स्थानांतरण कर ईओ का चार्ज दिया दिया। शासन के इस फैसले के खिलाफ हयात सिंह प्रहार ने हाईकोट में रीड दायर की गई। जिस पर हाईकोट ने रोक लगाते हुए मामला सुनवाई के लिए रखा गया है। इधर नगर पालिका में ईओ के कक्ष में लटके दो तालों में एक हयात सिंह परिहार तो दूसरा धीरज चन्द्र कांडपाल के नाम से सुर्खियां बटोर रहे हैं।

## एक नजर

### राम मंदिर निर्माण से जुड़े लोग सम्मानित

**अल्मोड़ा।** नगर में रामज्योति आंदोलन के 35 वर्ष पूरे होने पर सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा, पूर्व सांसद बलराज पासी, विधायक बंसीधर भगत ने शिरकत की। इस दौरान राम मंदिर निर्माण से जुड़े लोगों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रामभक्तों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और रामज्योति आंदोलन के गौरवशाली इतिहास पर चर्चा की। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि आज से 35 वर्ष पहले आडवाणी के नेतृत्व में 25 सितंबर 1990 को सोमनाथ से रामज्योति आंदोलन शुरू हुई और 30 अक्टूबर 1990 को कार सेंवको ने राममंदिर निर्माण का कलश स्थापित किया। इस दौरान लाखों कार सेवकों का दमन किया गया और अल्मोड़ा में भी बड़ा आंदोलन हुआ। रामज्योति आंदोलन के उन महान लोगों याद किया जा रहा है।

### योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश

**अल्मोड़ा।** मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में नरेगा, एनआरएलएम, रीप, विधायक निधि, सांसद निधि, मुख्यमंत्री पलायन योजना आदि की बिंदुवार समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को समस्त योजनाओं में शत प्रतिशत प्रगति लाए जाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास की योजनाओं में अधिकारी अपेक्षित प्रगति लाएं। कहा कि यह भी ध्यान रखा जाए कि योजनाओं का पूरा लाभ ग्रामीणों को मिले। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं के कार्यों में गुणवत्ता के साथ कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि योजनाओं में प्राप्त धनराशि को जनहित में ही व्यय करें। जो धनराशि विभागों को प्राप्त हो गई है, उसका शतप्रतिशत व्यय सुनिश्चित करें। कहा कि लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

### खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग

**अल्मोड़ा।** सोमनाथ खेल मैदान सोमेश्वर में सोमवार को दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुरु हो गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि भुवन चंद्र जोशी ने दीप जलाकर किया। शुभारंभ अवसर पर स्वागत गीत, शपथ ग्रहण एवं अतिथियों का बैज अलंकरण कर उनका स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 14, 17 और 19 आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने 100, 200 और 400 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक और गोला फेंक समेत अन्य प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इधर, 200 मीटर दौड़ में रोहन सिंह भाकुनी प्रथम, राहुल गिरी द्वितीय, अमित सिंह खर्कवाल तृतीय रहे।

### ढाई किलो चरस संग युवक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी है। इधर लमगड़ा पुलिस ने 2.532 किलो चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी ने टीम को पांच हजार रुपये ईनाम की घोषणा की है। लमगड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान जागेश्वर स्वीट्स के पास से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जो संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। पुलिस ने व्यक्ति को रोका और तलाशी लेने पर आरोपी ललित पाण्डे पुत्र पूरन पाण्डे, निवासी धुरासंग्रोली, पोस्ट-चायखान, लमगड़ा अल्मोड़ा के कब्जे से 2.532 किलो चरस बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने चरस को सीज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बरामद चरस की कीमत करीब पांच लाख से अधिक आंकी गई। मामले में थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि आरोपी चरस को गांवों से चरस खरीदकर हल्द्वानी ले जाने की फिराक में था। चेकिंग के दौरान गिरफ्त में आया। टीम में मोरनौला चौकी प्रभारी नरेश कोहली, एसओजी प्रभारी भुवन जोशी, त्रिलोक नाथ गोस्वामी, केशव भौत, राकेश भट्ट, चंदन सिंह, इरशाद उल्ला, राजेश भट्ट रहे।

### चकाचक सामान बेच दिया कबाड़ के भाव

**बागेश्वर।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा सोमवार को अपने कार्यालय का सामान कबाड़ में घोषित कर कबाड़ियों को बेच डाला। लोगों ने जब सड़क में रखे समान को देखा वे दंग रह गए। उनका कहना है कि कबाड़ में दिए गए सामग्री में टेबल, कुर्सी, आलमारी, जनरेटर, मैट सहित अन्य सामग्री शामिल है। देखने वाली बात यह है कि ऑक्शन में दिए गए सामग्री में से 60 प्रतिशत सामग्री सुरक्षित एवं सही हालत में है। जिनमें सिर्फ धूल जमी हुई है। लोगों का कहना है कि विभाग ने लाखों रुपए खर्च कर ये सामग्री जुटाई होगी। उसके बाद कौड़ी के भाव में सामग्री को कबाड़ी में बेच डाला। समान को आते जाते देखने वाले लोगों कहा कहना है कि जनता के पैसे का इस प्रकार दुरपयोग करना गलत है। यदि विभाग को कार्यालय से सामग्री हटानी ही थी तो नई पॉलिसी तैयार कर जिले के इंस्टीट्यूट, स्कूल, कॉलेजों में देना चाहिए था।

### अल्मोड़ा में कर विभाग कर्मियों का विरोध जारी

**अल्मोड़ा।** दस सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर राज्य कर विभाग के कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी है। सोमवार को भी नाराज कर्मचारियों ने बाह में काला फीता बाध कार्य किया। जल्द राज्य कर अधिकारियों की नई नियमावली बनाने की मांग उठाई। सांकेतिक प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पिछले कई दिनों से कर्मचारी काली पटी बांधकर विरोध कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारियों की दस सूत्रीय मांगों पर सरकार की ओर से कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### 21.21 ग्राम हैरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** नशा मुक्त उत्तराखंड के अनुपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशा तस्करी की रोकथाम तथा नशा तस्करो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा गस्त के दौरान 21.21 ग्राम हैरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक काशीपुर के नेतृत्व में पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए गत दिवस क्षेत्रांतर्गत गश्त के दौरान शमशुद्दीन उर्फ़ शम्शू पुत्र मोहम्मद निवासी अल्लीखां गोसिया मस्जिद के पास काशीपुर को कर्बला मैदान मे गश्त के दौरान पकड़ा गया। उसके कब्जे से 21.21 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। उसके विरूद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र चौधरी, उप निरीक्षक कौशल भाकुनी व मनोज धौनी, हेड कां. जगत सिंह, कां. प्रेम सिंह कनवाल व ज्ञानेंद्र कुमार शामिल रहे।

### जीएसटी 5 प्रतिशत करने की मांग

**काशीपुर।** देवभूमि व्यापार मंडल समिति द्वारा प्रधानमंत्री को पत्र प्रेषित कर इलैक्ट्रिक आईटम पर जीएसटी 18 प्रतिशत की जगह 5 प्रतिशत किये जाने की मांग की है। प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र में संगठन के नगर अध्यक्ष सुनील टंडन ने कहा कि आप बधाई के पात्र हैं कि आपने सम्पूर्ण भारत में जीएसटी की दरों में भारी कमी कर जनता को दीपावली का तोह्ना दिया है, साथ ही आपने आयकर की सीमा भी बढ़ाई है जिससे आम जनता को दोहरा फायदा हुआ है। परन्तु कुछ आइटमों पर जीएसटी की दरें अभी भी 18 प्रतिशत हैं, जैसे इलैक्ट्रिक आइटम में बल्ब, ट्यूबलाइट, पंखे व बिजली के सामान। इन आइटमों पर जीएसटी 5 प्रतिशत कर दी जाये, जिससे आम जनता लाभान्वित होगी। कहा कि ऑनलाइन से आम जनता के घर वस्तुएं इतनी सस्ती दरों पर हैं।

# बेहतर विश्व का निर्माण करती है सहकारिता: अजय टम्टा

## सड़क परिवहन राजमार्ग राज्यमंत्री ने किया सहकारिता मेले का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री, भारत सरकार अजय टम्टा ने नुमाइशखेत में सहकारिता मेला 2025 का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय योजनांतर्गत 27 काश्तकारों को 31.50 लाख रुपए के ब्याज रहित ऋण के चैक और सहकारी समिति डंगोली और गरुड़ को माइक्रो एटीएम प्रदान किए।



सहकारिता मेला के उद्घाटन अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजय टम्टा ने कहा कि मेले का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं पारंपरिक उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि बागेश्वर जनपद कीवी उत्पादन में प्रथम स्थान पर होने के साथ ही मत्स्य पालन, अचार-नमकीन निर्माण तथा तांबे के बर्तनों के निर्माण में भी अग्रणी है। मेले में स्थानीय कलाकारों, बच्चों एवं महिलाओं को अपनी प्रतिभा एवं उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यशालाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने कहा कि सहकारिता आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है। जनपद में कीवी, ट्राउट फिश, शहद एवं सुगंधित पौधों का उत्पादन हो रहा है। सहकारिता मॉडल के माध्यम से ब्रांड वैल्यू बढ़ाकर आर्थिक लाभ कमाया जा सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ने व योजनाओं का लाभ उठाने के निर्देश दिए। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है, जिसका मुख्य विषय सहकारिताएं एक बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं है। उत्तराखंड सहकारिता विभाग द्वारा इस वर्ष सभी जनपदों में सहकारिता मेलों का आयोजन किया जा रहा है, बागेश्वर में पांच दिन तक चलने वाले मेले की थीम सहकारिता से पर्वतीय कृषि है। मेले का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों तथा अन्य ग्रामीण उद्यमियों को एक मंच प्रदान करना है, जहाँ वे अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विपणन कर सकें। मेले में स्थानीय व ग्रामीण उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री, महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी, किसान उत्पादक संगठनों द्वारा जैविक उत्पादों का स्टॉल, सहकारी बैंकों, डेयरी, हथकरघा व हस्तशिल्प की प्रदर्शनी, सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व लोकनृत्य प्रस्तुतियाँ दी जा रही हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, बागेश्वर विधायक पार्वती दास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, भाजपा महामंत्री कुंदन सिंह परिहार, जिला अध्यक्ष भाजपा प्रभा गड़िया, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौंरयाल, संजय जगाती सहित मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी मौजूद रहे।

## सहकारिता मेले में बाहरी व्यापारियों का विरोध

**बागेश्वर।** नुमाइश मैदान में आयोजित सहकारिता मेले में बाहरी व्यापारियों द्वारा दुकान लगाए जाने पर नगर के व्यापारियों ने विरोध किया। व्यापारियों ने कहा कि व्यापारियों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें लोकल के उत्पादों को बढ़ावा देने की बात कही गई है। लेकिन मेले में कुछ लोगों द्वारा बाहरी व्यापारियों को बुलाकर मेले के स्वरूप को ही बदलने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका नगर के व्यापारी विरोध करते हैं। सहकारिता मेले के दिवस पर सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक व्यापारी मैदान में डेट रहे। इस दौरान उन्होंने कई बार अधिकारियों से वार्ता कर बाहरी व्यापारियों को वापस भेजने की बात कही। मेले के उद्घाटन के अवसर पर कांग्रेस के नेता भी मैदान में पहुंचे। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भगत डसीला एवं बाल कृष्ण गेट पास जमीन में लेट गए। इस दौरान मुख्य अतिथि अजय टम्टा मौके पर पहुंचे। उन्हें भी कांग्रेस के नेताओं का विरोध झेलना पड़ा। हालांकि मेले का शुभारंभ करने के बाद सभी से हटा दिए गए। जिसके पश्चात व्यापारियों ने सांसद राज्य मंत्री अजय टम्टा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने बाहर के व्यापारियों को वापस भेजने की मांग की। इस मौके पर गिरीश बिष्ट व्यापार मंडल उपाध्यक्ष, देवेंद्र अधिकारी महासचिव, आलोक शाह, राजेंद्र परिहार, जिलाध्यक्ष बबलू नेगी, नवीन लाल साह, हरीश सोनी सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।

### दुकान से मोबाइल उठा ले गया उचक्का

**काशीपुर।** बाइक सवार एक उचक्का एसी रिपेयर दुकान के स्वामी का मोबाइल उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बाईक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम बैंतवाला निवासी महेन्द्र कुमार पुत्र लाखन सिंह ने बताया कि उसकी आर्यनगर स्थित नीरे वाली गली में उसकी एसी रिपेयर की दुकान है। बीती 11 अक्टूबर को तबीयत खराब होने के कारण उसकी आंख लग गयी तभी वहां पर एक अज्ञात बाइक सवार संख्या यूपी21 डीएम 1206 आया और उसका मोबाइल चुराकर भाग गया। पीछा करने पर उसका कहीं पता नहीं चला। उक्त घटना पास लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधर पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### सेल्समैन का थैला उड़ाया

**काशीपुर।** बाइक सवार दो अज्ञात चोर एक सैल्समैन की बाइक पर रखा एक थैला उठाकर फरार हो गये। थैले में करीब 40 हजार रूपये की सिगरेट रखी थी। पीड़ित ने चौकी पुलिस को तहरीर सौंप अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश करने की गुहार लगाई है। टांडा चौकी पुलिस को दी तहरीर में टांडा उज्जैन निवासी संजय गुप्ता पुत्र भगवान देई गुप्ता ने बताया कि वह सैल्समैन का कार्य करता है। बीती 11 अक्टूबर की दोपहर करीब 1 बजे वह दढ़ियाल फाटक के पास अंग्रेजी शराब की कैन्टीन पर सामान देने के लिए अंदर गया तो एक अज्ञात युवक उसकी बाईक पर टंगे थैलों में से एक थैला उतारकर बाइक पर पहले से ही तैनात एक अज्ञात व्यक्ति के साथ बैठकर फरार हो गया। सैल्समैन ने बताया कि उक्त थैले में करीब 40 हजार रूपये की सिगरेट रखी हुई थी। उसने बताया कि उक्त घटना सीसीटीवी में भी कैद हो गई है।

# आईजीएल ने बनवाया वर्टिकल गार्डन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** केमिकल्स उत्पाद का अग्रणी संस्थान इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों/ दायित्व को निभाने के लिए हमेशा से आगे रहा है। इसी क्रम में नगर में कम्पनी में 4 बस स्टॉप का निर्माण, पीएचसी नारायणपुर में टिनशेड निर्माण, सार्वजनिक स्थानों पर 2-2 वर्टिकल गार्डन व पेयजल वाटर कूलर आदि आम जनता को सर्मित किये हैं। आईजीएल के आलोक सिंघल अधिशासी निदेशक, डॉ. आरके शर्मा ई. एचएस विभागध्यक्ष, डॉ. विनोद प्रसाद जोशी रिसर्च एंड डेवलपमेंट विभागाध्यक्ष, मानव संसाधन-प्रशासन-लाईजनिंग हेड राजेश कुमार सिंह, डॉ. सुबोध शर्मा इत्यादि लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर जनता को सौंप दिये।



इस दौरान अजय भरतिया सरस्वती विद्या मंदिर के क्रीड़ा प्रांगण जीर्णोद्धार लोकार्पण का भव्य कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें राम मेहरोत्रा विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष, अमित मित्तल प्रबंधक, सुखविंदर सिंह कोषाध्यक्ष, जयपाल सिंह प्रधानाचार्य सहित विद्यालय स्टाफ व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सफल कार्यक्रम के लिए आईजीएल प्रबंधन सहित सभी विभागध्यक्षों ने कार्यक्रम संयोजक विक्रांत चौधरी सहायक महाप्रबंधक प्रशासन को धन्यवाद किया। इस दौरान टीम आईजीएल से डॉ. गौरव मुंद्रा चिकित्सा अधीक्षक, आरसी उपाध्याय प्रबन्धक लाइजिनिंग, चंदन सिंह प्रबंधक सिक्योरिटी, डॉ. सिद्धार्थ, दीपक भट्ट, सचिन गुप्ता, शरद शर्मा, नीरज पांडे रहे।

# कुमायूं वैश्य महासभा ने लगाया दीपावली मेला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** रामलीला परिसर में कुमायूं वैश्य महासभा महिला शाखा के तत्वावधान में दीपावली अवसर पर आयोजित चैरिटी मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर दीपक बाली ने किया। चैरिटी मेले में साड़ियों सूटो, सौन्दर्य, ज्वैलरी दीपावली सजावटी वस्तुओं की दुकानों समेत खाने पीने के दर्जनों की संख्या में लगे स्टाल आकषर्ण का केंद्र बने। महापौर श्री बाली ने स्टालों पर भ्रमण कर चैरिटी के लिए लगाए गए मेले की प्रशंसा करते हुए महिला शाखा अध्यक्षा प्रीति अग्रवाल समेत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महासभा अध्यक्षा श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि यह चैरिटी मेला कन्याओं के विवाह तथा अन्य सामाजिक कार्यों के सहायतार्थ लगाया गया है। हमारी पूरी महिला कार्यकारिणी उक्त कार्यक्रम आयोजित करने में महीनों से तैयारी करती है। इस अवसर पर कुमायूं वैश्य महासभा महिला महामंत्री अनीता बंसल, कोषाध्यक्ष कविता गोयल, विमल अग्रवाल, सुधा जिंदल, सविता अग्रवाल, रेखा जिंदल, ऊषा संगल, आदर्श अग्रवाल, अंश अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, उद्यमी पवन अग्रवाल, एसपी गुप्ता, एसके अग्रवाल, सुशील बंसल, डा. एके गोयल, जेपी अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, डा. बीएम गोयल, कपिल अग्रवाल, विमल अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, मंजू अग्रवाल समेत वैश्य समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस का अभियान 9 नवंबर से

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** उत्तराखंड में युवा कांग्रेस का सदस्यता अभियान आगामी 9 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के साथ-साथ संगठन में चुनाव संबंधी प्रक्रिया भी चलेगी। चुनाव में कुल 6 पदों प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष तथा चार ब्लॉक अध्यक्ष पर निर्वाचन की प्रक्रिया होगी।

इस अभियान में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवा सदस्यता ले सकेंगे और साथ ही वोट भी कर सकेंगे। सदस्यता के साथ ही वोटिंग प्रक्रिया भी संपन्न होगी। यह जानकारी युवा कांग्रेस संगठन द्वारा भेजे गए जिला प्रभारी विनय प्रताप सिंह भोपर (राजस्थान) ने एक प्रेस कॉन्फेंस में दी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पार्षद अब्दुल कादिर ने कहा कि काशीपुर विधानसभा क्षेत्र में हजारों युवाओं को युवा कांग्रेस से जोड़ा जाएगा और संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्षद सरफराज सैफी, पार्षद हनीफ गुड्डू, पार्षद मोहम्मद अरशद, प्रेस कॉन्फ्रेंस की व्यवस्था करने वाले युवा कांग्रेसी नेता सारिम सैफी, पार्षद प्रत्याशी ललित मोहन सिंह, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष मोहम्मद अरशद पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गुरु प्रेम सिंह सहित सैंकड़ों कांग्रेस और युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एलबीएस महाविद्यालय में रोजगार परामर्श कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्दूचौड़।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर डा. सीमा श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में एकदिवसीय रोजगार प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन द ब्रिटिश इंस्टीट्यूट हल्द्वानी के सहयोग से किया गया। जिसमें महाविद्यालय के दर्जनों दर्जन छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने रोजगार प्रशिक्षण हेतु



वर्तमान में चल रहे विभिन्न स्किल डेवलपमेंट रोजगारपरक और स्वरोजगार युक्त कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ प्रभारी डा. प्रदीप मंडल, डा. हेमलता गोस्वामी, डा. मंजु जोशी, डा. गीता तिवारी पाण्डे, डा. जगत सिंह बिष्ट, प्रोफेसर डा. ललित मोहन पाण्डे, डा. वीरेन्द्र सिंह दानू, डा. भगवती देवी, डा. हेम चन्द्र पाण्डे तथा महाविद्यालय के समस्त विभागों के प्राध्यापक, कर्मचारी, नवनिर्वाचित छात्रसंघ के पदाधिकारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत संचालन रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ प्रभारी डा. प्रदीप मंडल द्वारा किया गया।

# अखिल भारतीय किसान मेला संपन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में आयोजित चार दिवसीय 118वां अखिल भारतीय किसान मेला आज समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन गांधी हाल में हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान रहे। उनके साथ मंच पर निदेशक प्रसार शिक्षा

**NAME CHANGE**
I **DAVINDER SINGH** have changed my name from **DAVINDER SINGH KARAKOTI** hence forth I shall be known as **DAVINDER SINGH** S/o THAKUR SINGH R/o Vill- Bunga Naurad Seem, Almora (Uttarakhand)




### उत्कृष्ट स्टॉल्स और नवाचारों को मिला सम्मान

डा. जितेन्द्र क्वात्रा, निदेशक शोध डा. सुभाष चंद्र, कृषि महाविद्यालय के 1963 बैच के पूर्व छात्र डा. सुखचरन सिंह और प्रगतिशील कृषक श्रीमती गीतांजलि भोज उपस्थित रहे। डा. चौहान ने मेले की ऐतिहासिक सफलता के लिए सभी विभागों और कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य किसानों की आय वृद्धि और सतत कृषि विकास है। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों, फसल विविधीकरण और जलवायु-स्मार्ट कृषि अपनाने का आग्रह किया। साथ ही, अगले किसान मेले को पांच दिवसीय करने की घोषणा भी की। निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने जानकारी दी कि मेले में कुल 575 स्टॉल लगाए गए और लगभग 1 करोड़ 45 लाख रुपये के बीजों की बिक्री हुई। मेला लगभग 37,800 किसानों ने भ्रमण किया।

समारोह में मैसर्स जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज, रुद्रपुर को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल और मैसर्स जसवंत एग्रीकल्चर वर्क्स, पंजाब को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। महिला क्लब, पंतनगर को बेस्ट समूह का पुरस्कार प्राप्त हुआ। अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। महिला क्लब की अध्यक्षा बीना चौहान ने बताया कि क्लब द्वारा अर्जित धनराशि सामाजिक कार्यों हेतु चैरिटी में खर्च की जाती है। समारोह का समापन डा. सुभाष चंद्र के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# कमेटी के सदस्यों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** मोहल्ला कटरामलियान, जुलमगढ़ में गत दिनों संपन्न हुए गणेश महोत्सव के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में प्रजापति महासभा काशीपुर के पदाधिकारियों ने श्री गणपति बाल युवा कमेटी के सभी सदस्यों को सम्मानित किया। निगम पार्षद शिवांश गोले के



आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व उपचेयरमैन नगर पालिका काशीपुर कैलाश चन्द्र प्रजापति ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से सनातन धर्म का प्रचार और प्रसार होता है साथ ही युवाओं को प्रोत्साहित किया जाना भी आवश्यक है जिससे भविष्य में वे और अधिक ऊर्जा और लगन के साथ ऐसे कार्यक्रम करते रहे। सभी सनातनियों को इन युवाओं को अपनी क्षमता के अनुसार तन, मन और धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में निगम पार्षद शिवांश गोले, बाल युवा कमेटी के दिव्यांशु प्रजापति, वंश ठाकुर, तुषार प्रजापति, हिमांशु प्रजापति, ललित प्रजापति, अंकुश कश्यप, अभिषेक सैनी, संजू सैनी, गौरव तोमर, राजेश कुमार तथा प्रजापति महासभा काशीपुर के अध्यक्ष राजेश गोला सहित महेश गोला, सूरज प्रकाश प्रजापति, कवि विवेक प्रजापति, वीर सिंह प्रजापति, रवि गोला, मुकेश प्रजापति और धर्मेंद्र प्रजापति उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन क्लीन: कबाड़ की दुकानें, मेडिकल स्टोरों की जांच

## त्योहारी सीजन से पहले कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस का एक्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए जनता की सुरक्षा, अपराध की रोकथाम और संदिग्ध गति. विधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नैनीताल पुलिस द्वारा वृहद चेकिंग एवं सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर किया गया, जिसमें जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। एसएसपी के आदेशानुसार चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त, अवैध नशे के व्यापार और बाहरी व संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने के लिए जनपद के



128 कबाड़ी शॉप, 158 मेडिकल स्टोर, 7 गन शॉप और 187 मोबाइल दुकानों की जांच की गई। यह कार्रवाई एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र व एसपी सिटी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में अलग-अलग टीम बनाकर की गई। बीते रविवार की रात टीम ने चेकिंग के दौरान 133 दुकानदारों, संचालकों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई तथा 40,400 का संयोजन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने इस दौरान दुकानदारों को चेताया कि वे अपने कर्मचारियों का शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं और सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में अनैतिक गतिविधियों की सूचना मिलती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम जनता को भी जागरूक करते हुए पुलिस ने अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सहायता की आवश्यकता पर टोल फ्री नंबर-112 पर तुरंत संपर्क कर पुलिस को सूचित करें।

## इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन जॉब के झांसे में आई महिला, 17 लाख से ज्यादा की ठगी

**हल्द्वानी।** घर बैठे पैसे कमाने की चाहत ने एक महिला को आर्थिक रूप से पूरी तरह से कंगाल कर दिया। इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर ठगों ने महिला से धीरे-धीरे कराकर 17 लाख 62 हजार रुपए से अधिक की ठगी कर डाली। अब पीड़िता ने पुलिस में तहरीर दी है, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार पूरनपुर नैनवाल, कमलुवागांजा निवासी दीपा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह इंस्टाग्राम का नियमित इस्तेमाल करती हैं। कुछ दिन पहले उनके इंस्टाग्राम पर एक ऑनलाइन जॉब से जुड़ा लिंक आया, जिसे उन्होंने खोल लिया। इसके बाद उनके पास एक कॉल आया और कॉल करने वाले ने टेलीग्राम ऐप डाउनलोड कर जॉब प्रक्रिया में शामिल होने को कहा। महिला ने टेलीग्राम डाउनलोड किया, जहां एक व्यक्ति ने उन्हें 800 रुपए जमा करने को कहा। पैसे जमा करने के कुछ देर बाद ही उन्हें 1030 रुपए वापस मिल गए। इससे उन्हें कॉलर पर भरोसा हो गया। इसके बाद ठग ने 7000 रुपए, फिर 20,000, 50,000, 80,000 और 9,30,000 रुपए की अलग-अलग रकम उनके खाते में दिखाई। लेकिन जब महिला ने ने इन पैसों को निकालने की कोशिश की तो उन्हें बताया गया कि राशि फ्रीज हो गई है, और उसे निकालने के लिए और पैसे जमा करने होंगे। इस तरह ठगों ने उन्हें विश्वास में लेकर कुल 3,56,400 रुपए और जमा करा लिए। धीरे-धीरे कर कई किश्तों में ठगों ने महिला से कुल 17,62,561 की ठगी कर ली। जब लगातार पैसे मांगने के बावजूद कोई रकम वापस नहीं मिली, तब जाकर महिला को ठगी का एहसास हुआ। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## महिला ने युवक पर लगाए आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थानाक्षेत्र में एक महिला ने पड़ोस पर रहने वाले युवक पर पारिवारिक मामलों में हस्तक्षेप, माहौल बिगाड़ने, डराने धमकाने और अपमान का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्यवाई की मांग की। पीड़ता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह यहां अपने परिवार के साथ रहती है। पीड़िता का आरोप है कि क्षेत्र में रहने वाला एक व्यक्ति मेरे बेटे के स्वास्थ्य कारण से हमारे सम्पर्क में आया। उसने बेटे का इलाज कराने की बात कही। कुछ समय बाद आरोपी की नीयत पर उन्हें संदेह हुआ। वह अनावश्यक अश्लील बातें करता व पारिवारिक मामलो में हस्तक्षेप करने लगा। कुछ समय तक नजरअंदाज किया, लेकिन पिछले महीने उसने कुछ बेहद आपत्तिजनक कहकर सीमा पार कर दी। महिला ने कहा वह युवक से काफी परेशान है। कार्यवाई की मांग को लेकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## 57वें दिन भी धरना जारी

**हल्द्वानी।** बागजाला को मालिकाना अधिकार, देने निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने, विकास कार्य शुरू करने, पेयजल योजना चालू करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 57वें दिन भी जारी रहा। धरने में विमला देवी, वेद प्रकाश, डा.कैलाश पाण्डेय, पंकज चौहान, प्रेम सिंह नयाल, हेमा देवी, हरक सिंह बिष्ट, दीवान सिंह बर्गली, सतपाल, यासीन, भोला सिंह, मीना भट्ट, चन्दन सिंह मटियाली, मन्नू देवी, देवकी देवी, गीता, सोहन लाल, हरीश, हीरा देवी, नीलम आर्य, महेश राम, नीमा, तुलसी, दिनेश चन्द्र, रमेश चन्द्र, मुन्नी देवी, रेखा देवी आदि मौजूद रहे।

## रूसी बाइपास से हनुमान मंदिर तक पैच कार्य शुरू

**नैनीताल।** नैनीताल- काठगोदाम मार्ग की गड्ढों भरी सड़क पर अब लोगों को सफर नहीं करना पड़ेगा। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के निर्देश के बाद एडीबी की ओर से भी रूसी बाईपास से हनुमान मन्दिर तक गड्ढे भरने के लिए पैच कार्य शुरू कर दिया गया है। बता दें कि नैनीताल-काठगोदाम मार्ग में जगह-जगह बन रहे गड्ढे लोगों के लिए सिर दर्द बन गए हैं लेकिन अब लोगों को गड्ढों भरी सड़क पर सफर नहीं करना पड़ेगा। एनएच की ओर से पूर्व में सड़क में पैच कार्य शुरू कर दिया था। अब एडीबी की ओर से रूसी बाइपास से हनुमान मंदिर तक भी पैच कार्य शुरु किया जा चुका है। एडीबी के सहायक अभियंता अनिल परिहार ने बताया कि रूसी बाइपास से हनुमान मंदिर चार किलोमीटर में बरसात में बहुत गहरे गड्ढे हो गए थे, जिनको भरने के लिए पैच कार्य शुरू कर दिया गया है जल्द ही सड़क को गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा।

## नगर निगम में स्वदेशी दीवाली मेला शुरू

**हल्द्वानी।** नगर निगम परिसर में चार दिवसीय स्वदेशी दीवाली मेला सोमवार से शुरू हो गया। मेयर गजराज बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि आज स्वदेशी व स्थानीय उत्पादों का महत्व बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि मेले को सफल बनाने के लिए निगम ने महिलाओं के स्वयं सहायता समूह गठित किए है ताकि उनके द्वारा बने हस्त निर्मित उत्पादों को मंच मिल सके। मेले में मुख्यत: घरेलू सजावट का सामान, त्योहार-संबंधी वस्तुएं, हस्तशिल्प प्रदर्शित किए गए हैं। यह सभी उत्पाद महिलाओं ने स्वयं से तैयार किए हैं। मेले का उद्देश्य महिलाओं की आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है। इस दौरान परियोजना प्रबंधक ईश्वर रावत सहित निगम कर्मी मौजूद रहे।

# अटल इन्नोवेशन मैराथन का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** विद्यार्थियों में रचनात्मक अभिव्यक्ति को विक. सित कर विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के



लिए युवाओं की भूमिका बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार के नीति आयोग, शिक्षा मंत्रालय एवं अटल इन्नोवेशन मिशन के तहत अटल इन्नोवेशन मैराथन का भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा सोमवार को एक ऑनलाइन कार्यक्रम में उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सत्र में ऑनलाइन मोड पर 28 लाख विद्यार्थियों शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। भारत के सबसे बड़े आइडिया कंपटीशन में विशेष रूप से कुछ विद्यालयों को स्पॉटलाइट स्कूल के रूप में चयनित किया गया। स्पॉटलाइट स्कूल के रूप में चयनित होकर प्रतिभाग करने पर पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज हल्दुचौड़ के प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर, उप प्रधानाचार्य भुवन चंद्र मठपाल तथा प्रभारी प्रधानाचार्य एवं अटल लैब प्रभारी डा. दिनेश जोशी, कार्यक्रम संयोजक एवं मेंटर डा. हिमांशु पांडे आदि द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इससे एक महत्वपूर्ण कामयाबी बताया साथ ही जनपद नैनीताल से दून कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा वोकल फॉर लोकल थीम के अंतर्गत दिए गए प्रस्तुतीकरण को राष्ट्रीय स्तर पर सराहे जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास हल्दूचौड़ के वार्डन एवं अटल इन्नोवेशन मैराथन के मेंटर शिक्षक डा. हिमांशु पांडे ने बताया कि इस प्रयास में देवलचौड़ हाईस्कूल के बाल वैज्ञानिक आदर्श द्वारा प्रोटोटाइप प्रस्तुत किया गया साथ ही अन्य टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्नू दर्मवाल, गिरीश शर्मा, कैलाश चंद्र सिंह, मोती सिंह मेवाड़ी, महेश जोशी, भावना मेहता तथा मंजू आदि द्वारा योगदान दिया जा रहा है।

# रजत जयंती पर जगमगाएगा हल्द्वानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जनपद नैनीताल में 1 नवंबर से 9 नवम्बर तक विभिन्न जनभागीदारी आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सोमवार को जिला सहकारी बैंक सभागार, हल्द्वानी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी जिलाधिकारी अना. मिका ने की। प्रभारी जिलाधिकारी ने बताया कि समारोह को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से मनाने के लिए सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रमों की श्रृंखला में नदी स्वच्छता अभियान, खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक संध्याएं, क्विज, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, नेचर वॉक, बर्ड वॉचिंग, ट्रैकिंग, पेयजल स्रोतों की विशेष सफाई, स्वच्छता अभियान, बायर-सेलर मीट, महिला



सशक्तिकरण कार्यक्रम तथा फूड फेस्टिवल जैसे आकर्षक आयोजन शामिल रहेंगे। प्रभारी जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि समारोह की विशेषता 7, 8 एवं 9 नवंबर को नैनीताल जिला मुख्यालय में आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक संध्याएं होंगी, जिनमें प्रदेश की लोक संस्कृति व स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां दर्शकों को उत्तराखंड की सांस्कृतिक विविधता से रूबरू कराएंगी। बैठक में प्रभारी जिलाधिक. ारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि रजत जयंती समारोह राज्य के गौरव, संस्कृति एवं जनसहभागिता का प्रतीक होगा। बैठक में अपर जिला. धिकारी विवेक राय, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, एपीडी चंदा फर्त्याल, उप जिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खलिक आदि मौजूद रहे।

## नगदी के साथ चार जुआरी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दीपावली पर्व के मद्देनज़र जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही नशा तस्कर व जुआरियों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। बीते



रविवार की रात मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी पुलिस को सूचना मिली की कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे हैं। सटीक सूचना पर थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने मय टीम के साथ बिठौरिया नंबर-एक गैर वैशाली में बताए गए स्थान पर छापेमारी की तो पुलिस ने रंगेहाथ मौके से चार जुआरियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते व 37 हजार 500 सौ रूपये की नगदी बरामद की। पकड़े गए जुआरियों ने अपना नाम दिनेश बिष्ट निवासी बिठौरिया नंबर-एक गैर वैशाली, विपिन चंद्र कांडपाल बिठौरिया नंबर-एक नियर चौफला, देवेंद्र सिंह निवासी गैस गोदाम रोड, भूमिया मंदिर के पास और हरीश चंद तिवारी निवासी तिवारी कॉलोनी बिठौरिया नंबर-एक बताया है। पुलिस ने चारों जुआरियों के खिलाफ धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

# 21 प्रस्ताव सर्वसम्मति से हुए पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के योजना बोर्ड की आठवीं बैठक सोमवार को विश्व. विद्यालय मुख्यालय हल्द्वानी में कुल. पति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय की विकास योजनाओं से संबंधित कुल 21 प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इससे पूर्व सतवीं बैठक की पुष्टि की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों को राज्य के उच्च शिक्षा एवं दूरस्थ शिक्षा तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए दूरदर्शी और प्रभावी बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय नई शैक्षणिक, अनुसंधानात्मक और



यूओयू में योजना बोर्ड की आठवीं बैठक सम्पन्न

अधोसंरचनात्मक योजनाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ शिक्षा के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

बैठक में शिशु सदन एवं महिला अध्ययन केंद्र के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों की पूर्ति, विश्वविद्यालय परिसर का लैंडस्केप डेवलपमेंट, ट्रांजिट हॉस्टल एवं सेमिनार हॉल की स्थापना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप नए पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए अतिरिक्त भूमि की व्यवस्था, इन्क्यूबेशन सेंटर, उद्योग-अकादमिक प्रकोष्ठ, रक्षा प्रकोष्ठ, शोध परिषद एवं नैतिक समिति की स्थापना, हिमालय अध्ययन केंद्र एवं विरासत संग्रहालय की स्थापना, क्षेत्रीय केंद्रों और पुस्तकालयों के विकास संबंधी प्रस्ताव शामिल रहे। इसके अतिरिक्त, सामुदायिक रेडियो हैलो हल्द्वानी की ढांचागत संरचना को और सुदृढ़ किए जाने से संबंधित प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट ने सभी प्रस्तावों का वाचन किया। इस मौके पर बाह्य सदस्य के रूप में एनटीए के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार जोशी, इग्नू की प्रो. शची साह, विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. रेनू प्रकाश, प्रो. जितेंद्र पाण्डेय, वित्त नियंत्रक एसपी सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. सोमेश कुमार, डा. नीरजा सिंह, डा. हरीश जोशी मौजूद रहे।

## हेमंत साहू 'हाउस अरेस्ट'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी दौरे से पहले विरोध की तैयारी कर रहे युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू व अन्य लोगों को पुलिस ने पहले ही घर में दबिश देकर नजरबंद कर दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की



पुलिस के साथ हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। युकां प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री लगातार हवा-हवाई दौरों से सरकारी खजाने का दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। राजपुरा सहित हल्द्वानी के कई इलाकों में मकानों पर लाल निशान लगाकर सरकार ने गरीबों का जीना दुर्भर कर दिया है। साहू ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जब भी जनता के विरोध से डरते है तो पुलिस के बल पर लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास करते है। युवा नेता दीपा खत्री और पार्षद प्रीति आर्या ने कहा कि हल्द्वानी की स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे है और स्मैक जैसे नशे का कारोबार युवाओं का भविष्य तबाह कर रहा है। बावजूद इसके सरकार और पुलिस-प्रशासन मौन है। हाउस अरेस्ट किये लोगों में पार्षद प्रीति आर्या, दीपा खत्री, मयंक गोस्वामी, निर्भय खत्री, काजल आर्या आदि शामिल रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आकृति सोसायटी द्वारा एक भव्य वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज सेवा, शिक्षा, संस्कृति और जनकल्याण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा राज्यमंत्री नवीन वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति जीना और सुमित्रा प्रसाद मौजूद रही। सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों में मोहनी रावत, योगेश चंद्र पांडे, विपिन चंद्र पांडे, अरुणा टंडन, नीता मेहरा, जीवन चंद्र पंटोला, शेखर भट्ट, सुवीर सैन, धन सिंह बिष्ट, दिवान सिंह बिष्ट, डीसी जोशी, दिवान सिंह भंडारी और मुकेश बिष्ट शामिल रहे। सभी को सम्मान पत्र और प्रतीक चिह्न



भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षा सोसायटी की कुसुम दिगारी ने वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत करते हुए कहा वरिष्ठजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से ही युवा पीढ़ियाँ दिशा पाती हैं। आकृति सोसायटी सदैव उनके प्रति सम्मान और समर्पण की भावना को जीवित रखने का प्रयास करती है। कार्यक्रम में राधे राधे ग्रुप, वमनिया ग्रुप, नारीशक्ति ग्रुप, शिवा म्यूजिक ग्रुप और आकृति सांस्कृतिक ग्रुप की रंगा. रंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में हर्ष वर्धन पांडे, करणवीर दिगारी, शर्मीला मित्रा, गीता बिष्ट, भगवती बिष्ट, अनिता पांडे, हिमानी पंत, कोमल कार्की, सहित सोसायटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## समिति ने आरटीओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 15 साल से अधिक पुरानी गाड़ियों पर अतिरिक्त टैक्स न लेने जैसे विभिन्न मांग को लेकर सोमवार को गोला खनन मजदूर संघर्ष समिति के पदा. धिकारी परिवहन कार्यालय पहुंचे और आरटीओ गुरुदेव सिंह से मुलाकात कर



ज्ञापन सौंपा। आरटीओ गुरूदेव सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में समिति ने कहा कि उत्तराखंड में 15 साल से अधिक पुराने वाहनों की फिटनेस फीस को उत्तर प्रदेश की तर्ज पर ही लिया जाए। समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि खनन सत्र शुरू होने से पहले ही वाहन चालकों के बीच भ्रम की स्थिति है। कई बार समिति द्वारा निर्धारित 108 क्विंटल की सीमा में भी चालान किया जाता है, जिससे खनन क्षेत्र के वाहन स्वामियों में रोष है। समिति ने ज्ञापन में यह भी कहा कि प्राइवेट फिटनेस की प्रक्रिया में भी मनमाने ढंग से वसूली की जा रही है, जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने मांग की कि गोला से जुड़े वाहनों को पूर्व की भांति फिटनेस में रियायत दी जाए। इसके अलावा जीपीएस सिस्टम की अनिवार्यता से छूट दी जाए, जैसा पहले लागू था। राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा, यदि हमारी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया, तो हम पूर्व की तरह एक बार फिर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र सिंह बिष्ट, करन अधिकारी, संतोष कुमार, राजेश बिष्ट मौजूद रहे।

# फतेहपुर में स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जनमैत्री संगठन ने सोमवार को बावन डॉठ फतेहपुर हल्द्वानी में सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। इस ऐतिहासिक स्थल को प्लास्टिक व अन्य कचरे से मुक्त करने के उद्देश्य से कई संगठनों व नागरिकों ने मिलकर सफाई अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व वनाधिकारी मदन बिष्ट द्वारा गुलमोहर और हरड़ के पौधारोपण से हुई।



जनमैत्री संगठन के संयोजक बची सिंह बिष्ट ने कहा हम धरती को माता और नदियों-जंगलों को देवता मानते हैं, पर व्यवहार में हम लगातार उन्हें गंदा कर रहे हैं। यतीश पंत ने सरकारों की नीति पर सवाल उठाते हुए कहा जब यह साबित हो चुका है कि प्लास्टिक से धरती, पानी, वायु सब प्रदूषित हो रहे हैं, तो सरकारों को चाहिए कि इसका उत्पादन बंद करें या बेहद सीमित करें।

पूर्व वनाधिकारी मदन बिष्ट ने कहा आज प्लास्टिक पन्नियों और पैकेटों के कारण हमारा घर, हवा, पानी सब ज़हरीले हो रहे हैं। इसे अब नागरिक जीवन का गंभीर मुद्दा मानकर चलना होगा। इसके बाद पूर्व शिक्षक मदन मेर, शिक्षक कैलाश चंदोला, पूर्व उप निदेशक यतीश पंत, वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन रौतेला, पत्रकार डा. भुवन तिवारी, अपूर्व पांडे, सामाजिक कार्यकर्ता भास्कर उप्रेती, हर्षिता रौतेला बीज बिखेरो अभियान, उत्तराखंड क्रांति दल के जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान, वन विभाग के अधिक. ारी व अन्य स्वयंसेवक सफाई अभियान में शामिल हुए।

# प्रभजोत सिंह ने बढ़ाया राष्ट्रीय गौरव

## गतका चैंपियनशिप में उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित गुरु नानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 13वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया। उत्तराखंड के प्रभजोत सिंह ने अंडर-14 वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतकर मैन ऑफ द मैच और बेस्ट प्लेयर ऑफ-द चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सहयोग से आयोजित की गई। यह आयोजन न केवल एक खेल प्रतियोगिता था, बल्कि भारत की प्राचीन जंगी परंपरा और सिख



आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी रहा, जिसमें वीरता, अनुशासन और सांस्कृतिक एकता का संदेश प्रमुखता से झलका। उद्घाटन समारोह में दुर्ग संसदीय क्षेत्र के सांसद विजय बघेल और पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। हरप्रीत सिंह ने जानकारी दी कि चैंपियनशिप में देशभर के 12 राज्यों से 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो गतका जैसे पारंपरिक खेल के बढ़ते प्रभाव और लोकप्रियता को दर्शाता है। प्रतियोगिता का समापन समारोह में गतका सोती और फरी-सोती स्पर्धाओं के व्यक्तिगत और टीम विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष हरवीर सिंह गिल, विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल, खेल विभाग, ओलंपिक विभाग और शिक्षा विभाग ने इस सफलता पर सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर एनजीएआई के अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल, छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के चेयरमैन जसबीर सिंह चहल, न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एवं समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू, महासचिव जसवंत सिंह खालसा और उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के महासचिव हरप्रीत सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## स्कूटी में टक्कर मारने वाले बस चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** चार दिन पूर्व स्कूटी सवार को टक्कर मारने वाले अज्ञात बस चालक के खिलाफ पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हल्दूपोखरा नायक आनन्दपुर हल्द्वानी निवासी पंकज सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 10 अक्टूबर को उसका भाई अरुण सिंह रुद्रपुर स्थित कंपनी से ड्यूटी समाप्त कर घर को लौट रहा था। जैसे ही वह रामपुर रोड गन्ना सेंटर के पास पहुंचा तभी तेज गति से आ रहे एक अज्ञात बस ने पेट्रोल पंप के पास पीछे से उसे टकर मार दी। आनन फानन में उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## किसान मोर्चा ने लिया नया संकल्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** किसान मोर्चा द्वारा नैनीताल रोड स्थित एक स्थान पर टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप कुकसाल द्वारा की गई। जबकि इस टिफिन बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह नेगी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष नेगी ने बैठक में पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि संगठन की जमीनी मजबूती के लिए ऐसी बैठकों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमल जोशी मुनि, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरीश सुनाल, अरुण सिंह नेगी, बहादुर सिंह करायत, भैरव दत्त खोलिया, गणेश कांडपाल, नरेश बजावल, नवीन शर्मा कुलयाल, उपेन्द्र सिंह उप्पी, सचिन गुप्ता, बालम देवका, दीपू शर्मा, नरेश सिरोही, हर्षित शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# फांसी के फंदे में लटका मिला सिडकुल कर्मी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज सोमवार प्रातः ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम फुलसुंगा में सिडकुल कर्मी का शव उसके कमरे में फांसी पर लटका पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव फांसी से उतारकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और युवक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले से उसके परिजनों को अवगत कराया।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम मिसरीपुर, थाना अछलदा, औरैया उत्तर प्रदेश निवासी 27 वर्षीय कौशल कुमार पुत्र ज्ञानसिंह यहां ग्राम फुलसुंगा में पिछले डेढ़ माह से अकेले रायल ग्रीन कालोनी पुफलसुंगा में लालबहादुर के मकान में किरायेदार के रूप में रहकर सिडकुल स्थित एक कम्पनी में काम करता था। बताया जा रहा है कि रविवार की रात्रि वह काम कर कमरे में वापस लौटा था और खाना खाकर सो गया। आज प्रातः जब उस भवन में रहने वाले कौशल के साथी जयदीप व अनुराग उसके कमरे में साथ चलने को आये तो उन्हें कमरा बंद मिला। जब उन्होंने दरवाजा खोला तो भीतर कौशल को मफलर से फांसी पर लटका पाया। उन्होंने मकान मालिक को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी भी वहां आ गए।

उन्होंने कौशल को फांसी से उतारकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और कौशल को चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को मामले से अवगत कराया।कौशल का मोबाईल अपने कब्जे में ले लिया।

# खरीदने के पांच वर्ष बाद भी प्लाट पर कब्जा न देने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** तहसील क्षेत्र की एक महिला ने अपने खरीदे गए प्लाट पर कब्जा दिलाने तथा उसको तंग व परेशान करने वाले आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

ग्राम कंचनपुरी पचपेड़ा निवासी नसरीन पत्नी जाहिद शाह ने एसडीएम तुषार सैनी को एक शिकायती पत्र सौंप कर बताया कि वह गरीब व विधवा महिला है। शिकायती पत्र के मुताबिक पीड़िता के पति की मार्ग दुर्घटना में हुई मृत्यु के बाद क्लेम की धनराशि से ग्राम भगचूरी, तहसील खटीमा निवासी ओम प्रकाश निषाद पुत्र राम सुमेर से ग्राम भैंसिहा में 30X40 फीट का एक प्लांट पांच वर्ष पूर्व चार लाख रुपये में खरीदा था, जिस पर उसने बुनियाद भर रखी है। पीड़िता का कहना है कि उक्त प्लाट पर गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा दावा करने पर विक्रेता द्वारा दूसरा प्लाट देने की बात कही गई। इसी क्रम में विक्रेता द्वारा भैंसिहा गांव के चरनजीत सिंह पुत्र देशा सिंह की भूमि से प्लाटिंग कर लिखित रूप में पीड़िता को प्लाट दिया गया, लेकिन उक्त इस प्लाट की रजिस्ट्री चरनजीत सिंह ने अपने नाम कर लिया। वहीं पीड़िता का आरोप है कि प्लाट पर कब्जा दिलाने की मांग करने पर विक्रेता ओमप्रकाश द्वारा लगातार गुमराह और परेशान किया जा रहा है। पीड़िता का आरोप है कि पांच वर्ष बीतने के बाद भी ओमप्रकाश द्वारा उसको झूठा आश्वासन देखकर टालमटोल किया जा रहा है। पीड़िता द्वारा ओमप्रकाश निषाद व चरनजीत सिंह की मिली भगत से प्लाट को चरनजीत सिंह के नाम रजिस्ट्री करा लेने और उसको परेशान करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने उक्त प्लाट पर कब्जा दिलाने तथा उसको परेशान व तंग करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## एक नजर

### बीएसएफ के इंस्पेक्टर होशियार सिंह खड़का को पुत्र शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बीएसएफ के इंस्पेक्टर होशियार सिंह खड़का के पुत्र कमल सिंह खड़का 44 के अकस्मात निधन पर पूर्व अर्द्ध सैनिक संगठन के पदाधिकारियों ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में एसएस कन्याल, कविंद्र सिंह कन्याल, एम.एस भंडारी, दुर्गा सिंह सामंत, पुष्कर चंद, कै. शेर राम, कै. विष्णु दत्त भट्ट आदि मौजूद रहे। इधर विधायक भुवन कापड़ी, विधायक गोपाल सिंह राणा, राजेन्द्र सिंह भंडारी, गणेश ठकुराठी, हिमांशु बिष्ट, राकेश बिष्ट, किशन चंद, हयात सिंह गैड़ा, दर्शन खड़का, विजेन्द्र खड़का, हरीश गुंसाई, रमेश रौतेला, डा.भगवान सिंह फर्त्याल, अर्जुन सिंह रुमाल, नरेन्द्र बिष्ट, पूरन बिष्ट, लक्ष्मण सिंह गैड़ा, विनोद चंद, हीरा राजपूत, नरेन्द्र आर्य ने मृत आत्मा शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख बर्दाश्त करने की क्षमता बाबत प्रार्थना की।

### हरैया ने गिधौर को हराकर जीता वॉलीबॉल टूर्नामेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** गांगी गिधौर में चल रहे प्रथम ग्रामीण वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मैच हरैया और गिधौर के बीच खेला गया। इस फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरीश राणा जिला अध्यक्ष जनजाति मोर्चा भाजपा , मंजीत राणा ग्राम प्रधान सबोरा एवं प्रधान संघ अध्यक्ष खटीमा, निशान ग्राम प्रधान गिद्धौर, अमित राणा पूर्व बीडीसी बनकटिया ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। फाइनल मैच हरैया और गिद्धौर के बीच खेला गया। जिसमें हरैया ने 2-0 से गिद्धौर को पराजित कर जीत हासिल की। मुख्य अतिथि हरीश राणा ने विजेता टीम को पुरस्कृत कर उज्जवल भविष्य की बधाई दी और बढ़ते नशे के चलते सभी युवाओं को खेल के प्रति जागरूक होने के लिए और नशे से दूर रहने के लिए जागृत किया। कार्यक्रम संयोजक संजीत राणा रहें। वहां पुष्कर सिंह, मैकिंद सिंह, बांधूं सिंह, लक्ष्मण सिंह, धर्म सिंह, उपकार सिंह, कन्हैया सिंह, अमर सिंह मौजूद थे।



### माता की चौकी में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर की प्रतिष्ठित बत्रा कॉलोनी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य माता की चौकी का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई और सुख-समृद्धि की कामना की। भजन-कीर्तन के स्वर और भक्तिमय वातावरण देर रात तक गूंजता रहा। कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा ने विशेष अतिथि के रूप में पहुंचकर हाजिरी लगाई और माता रानी के चरणों में नमन करते हुए समस्त क्षेत्रवासियों के लिए सुख, समृद्धि और कुशल जीवन की कामना की। माता की चौकी में आगमन पर बत्रा रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने महापौर विकास शर्मा का स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। माता रानी की कृपा से हमारा नगर निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर बृजेश शर्मा, धर्मवीर मित्तल, विपिन त्यागी, बाला दत्त नैनवाल, रोहताश बत्रा एवं योगराज बत्रा,एडवोकेट प्रमोद मित्तल, मनीष मित्तल, विनय बत्रा, केसी बठला, मोहित कौशिक सहि त अन्य सदस्य और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।



### देश में हो पूर्ण शराब बंदी लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामनगर। देश में पूर्ण शराब बंदी लागू करने की मांग को लेकर देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि स्थल राजघाट पर प्रार्थना एवं संकल्प लेकर समाधि स्थल के बाहर सत्याग्रह किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया। राष्ट्रीय शराब बंदी संयुक्त मोर्चा की अगुवाई में नशा नहीं रोजगार दो अभियान समिति , उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी से जुड़े प्रभात ध्यानी, आसिफ, सुनील पर्नवाल, कुसुम, भारत की लोग जिम्मेदार पार्टी के जेसी उप्रेती, कांग्रेस के धीरेंद्र प्रताप ने राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा की अगुवाई में देश में शराबबंदी लागू करने और नशा मुक्त भारत बनाने के लिए देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ गांधी स्मारक निधि से राजघाट तक मार्च किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि स्थल पर प्रार्थना कर नशा मुक्त भारत का संकल्प लेते हुए राजघाट समाधि स्थल के बाहर गेट पर सत्याग्रह किया। उन्होंने पूरे देश में शराब बंदी लागू करने और अवैध नशे के कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। प्रभात ध्यानी ने बताया कि राष्ट्रीय शराब बंदी संयुक्त मोर्चा की अगुवाई में पूरे देश के राज्यों में नशाबंदी की मांग को लेकर सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। उत्तराखंड में जनवरी माह में प्रस्तावित सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि हिस्सेदारी करेंगे।

### चुनाव प्रक्रिया को लेकर युवा कांग्रेसियों ने की बैठक


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** युवा कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव उत्तराखंड,नैनीताल के जिला युवा समन्वयक भावेश प्रताप पाठक ने रामनगर विधानसभा में चुनाव प्रक्रिया को लेकर नगर पालिका में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने युवा कांग्रेस का सदस्यता अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक नॉमिनेशन, 9 नवंबर से 10 दिसंबर तक सदस्यता और वोटिंग होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, नैनीताल जिला अध्यक्ष, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष और चार ब्लॉक अध्यक्ष का चुनाव होंगे। प्रभारी भावेश प्रताप पाठक और नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम ने सभासदों और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पोस्टर लॉन्च करते हुए सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस दौरान बैठक में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व सभासद तनुज दुर्गापाल, अब्दुल रहमान, ललित कड़कोटी, शमीम अहमद,नदीम अंसारी, राजा सलमानी,सोनू करीम, तहसीन रजा, समीर हसनी,आरिश सिद्दीकी,मोहम्मद फैजान, अरसलान आदि लोग मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची विद्युत विभाग की टीम का विरोध, बैरंग लौटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने को पहुंची टीम का उपभोक्ताओं ने विरोध करते हुए हंगामा किया। लोगों ने आरोप लगाया कि जब उनके मीटर ठीक है तो फिर बिना उनकी सहमति के क्यों बदला जा रहा है। विरोध के चलते टीम को बैरंग लौटना पड़ा। कांगेसी नेता जावेद खान ने कई आरोप लगाए हैं।



सोमवार को रामनगर के शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची विद्युत विभाग की टीम और ठेकेदार से लोगों ने सवाल जवाब किए तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। ग्रामीणों का कहना है कि उपभोक्ताओं की मर्जी के बिना जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को विद्युत कर्मचारियों व ठेकेदार द्वारा सही जानकारी नहीं दी गई। इसके बाद लोगों ने मीटर नहीं लगने दिए और टीम लौट गई।लोगों का आरोप हैं, कि स्मार्ट मीटर से लोगों के बिल ज्यादा आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई दर लगातार बढ़ रही है और कारोबार भी ठप है।बिजली बिल और पानी बिलों में बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है। इस दौरानजावेद खान,शरीफ अंसारी, लईक अंसारी, लईक अल्वी, ताहिर अंसारी, काशिफ पाशा,मोहम्मद आरिफ,हाजी कादिर, रईस अल्वी, शकील अल्वी,शमीम अहमद,नफीस पाशा, जुल्फी,पेशकार अहमद, डा. दिलशाद आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# शिविर में दर्जनों ने किया रक्तदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल जसपुर, रेड क्रॉस सोसाइटी व लकड़ी व्यापार मंडल पदाधिकारीयों द्वारा सामूहिक रूप से पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम द्वारा पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइल मैन एपीजे अबुल कलाम के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जसपुर स्थित वीर अब्दुल हमीद द्वार के पास नेता जाकिर नूरी के प्रतिष्ठान पर जसपुर ब्लड सेंटर द्वारा एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

निर्धारित कार्यक्रम अनुसार रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधायक आदेश चौहान, पालिका अध्यक्ष नौशाद सम्राट ने संयुक्त रूप से किया । रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष हरिओम सिंह ने बताया कि यह रक्तदान शिविर व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष अर्पित रस्तोगी के पिता स्वर्गीय विमल कुमार रस्तोगी को भी समर्पित है । इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान, पालिका अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद, व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, आदित्य गहलोत, राजकुमार चौहान, राहुल चौहान, सर्वेश वत्सल ,आबिद नूरी, महफूज अली, नासिर अली, शाहनवाज सिद्दीकी, सरफराज सिद्दीकी, मोहम्मद यामीन, पत्रकार प्रदीप श्रीवास्तव, आलम रजा, नदीम अहमद, उस्मान अली, शरीफ खान, समीर परवेज, मुशर्रफ अली, आबिद नूरी, जाकिर नूरी, नफीस अहमद समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

# गांधी पार्क में होगा ऐतिहासिक दिवाली मेला

- मेले के आयोजन को लेकर महापौर ने ली बैठक
- स्वदेशी थीम पर 14 अक्टूबर से शुरू होगा मेला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गांधी पार्क में आयोजित होने वाले भव्य दिवाली मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को महापौर विकास शर्मा ने गांधी पार्क में तैयारियों का गहनता से जायजा लिया और नगर निगम, पुलिस प्रशासन तथा ठेली व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर विस्तृत रूपरेखा तैयार की। महापौर ने स्पष्ट किया कि यह मेला श्स्वदेशी अपनाओश की थीम पर ऐतिहासिक होगा और 14 अक्टूबर से शुरू होकर 21 अक्टूबर तक चलेगा। महापौर ने बाजार का भ्रमण कर व्यापारियों को सड़क पर अतिक्रमण न करने की अपील भी की।

महापौर शर्मा ने कहा कि यह दिवाली मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वदेशी अपनाओ' के आह्वान और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीब और छोटे लघु व्यापारियों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने नारा दिया है, स्वदेशी अपनाओ। यानी जो भारत में बनी हुई चीज है, भारत के लोगों द्वारा बनी चीज है, भारत के व्यापारियों द्वारा बनी चीज है, उसको हम प्रमोट कर रहे हैं। मेले में छोटे व्यापारियों को रोजगार देने के लिए लगभग 300 दुकानें लगाई गई हैं, जो उन्हें बहुत ही मामूली किराए पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन दुकानों के माध्यम से ये व्यापारी सात दिनों तक अपना व्यापार कर सकेंगे। महापौर ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि मेले के सात दिन तक बाजार में वाहनों का आवागमन और ठेली पर प्रतिबंद रहेगा। उन्होंने कहा बाजार में कोई ठेली नजर नहीं आएगी। बाजार में सड़क पर कहीं पे कोई सामान बिकता हुआ नजर नहीं आएगा। बाजार में जिसकी जो दुकान हैं, वहीं अपना सामान बेच.ेगा... अगर वह अपने सामने कोई दुकान लगाता पाया गया, तो उस पर कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था गरीबों का शोषण रोकने और सभी व्यापारियों को समान अवसर देने के लिए लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत लोगों ने उनकी बात मानी है और उन्हें व्यवस्थित जगह पर खड़ा किया गया है। महापौर ने उन दो-चार प्रतिशत व्यापारियों को अंतिम चेतावनी दी जो अभी भी चोरी-छुपे ठेली लगा रहे हैं। उन्होंने कहा उनका सामान जप्त होगा, उनकी ठेली जप्त होगी, उनका चालान कटेगा और वह वापस भी नहीं मिलेगा। अब तक तो मैंने ठेली वालों पर कार्यवाही नहीं की है लेकिन अब जो नहीं सुधरेंगे, उनको हम सुधारने का भी काम करेंगे। महापौर ने सभी क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि वे गांधी पार्क आएं, इस भव्य दिवाली मेले का आनंद लें।

इस अवसर पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडेय, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, सहायक नगर आयुक्त रणदीप सिंह, सिटी मिशन मैनेजर मनोज कर्नाटक, बाजार पार्षद चिराग कालरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, महामंत्री पारस चुघ, राजन राठौर, परवेज खान, सचिन तनेजा, मनीष कालरा, सनी गाबा, राजेश मोनू, अभिमन्यु ढिंगरा, कन्हैया, एसआई नवीन बुधनी, टीआई नरेंद्र कुमार आर्या, बाजार चौकी इंचार्ज जितेंद्र खत्री, एसआई अमित कलखुड़िया, एसआई गोधन सिंह आदि मौजूद थे।

# जिला एथलेटिक्स मीट में भानु प्रताप स्कूल ने परचम लहराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रामपुर एथलेटिक्स संगठन द्वारा आयोजित प्रथम जिला एथलेटिक्स मीट आयोजित की गई, जिसमें जिले भर के 8 से 9 प्रतिष्ठित स्कूलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन ऊर्जा, प्रतिस्पर्धी भावना और प्रेरक प्रदर्शनों से भरपूर था, जिसने युवा एथलीटों के खेल कौशल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के सच्चे सार को दर्शाया।

समग्र चैंपियनशिप परिणामों में भानु प्रताप पब्लिक स्कूल, शारदा नगर, डिबडिबा, बिलासपुर ने उपविजेता ट्रॉफी हासिल की, जिससे पूरे स्कूल परिवार में अपार खुशी और गर्व की लहर दौड़ गई। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के युवा एथलीटों ने असाधारण प्रतिभा और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में कुल 12 पदक जीते। उनकी सफलता उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और उनके खेल शिक्षकों सुनील सिंह, वंदना और राजेंद्र सिंह के निरंतर मार्गदर्शन का एक आदर्श प्रतिबिंब थी, जिनके ईमानदार प्रयासों ने छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में मदद की। अंडर-12 वर्ग की 200 मीटर दौड़: प्रतीक (कक्षा 8)-रजत, 400 मीटर दौड़: अंकित दास (कक्षा 5) - स्वर्ण, 400 मीटर दौड़: हर्ष (कक्षा 4)-कांस्य, लंबी कूद: इशिता चौरसिया (कक्षा 7)-स्वर्ण, अंडर-14 वर्ग की लंबी कूद: कनिका (कक्षा 7)-रजत, 100 मीटर दौड़: लस्या (कक्षा 7)-रजत, लंबी कूद: वैष्णवी (कक्षा 6) स्वर्ण और अंडर-17 वर्ग के भाला फेंक: नेत्र सिंह (कक्षा 10) वर्ण, लंबी कूद: प्राची साहनी (कक्षा 9) स्वर्ण, 100 मीटर दौड़: शिवम सेमवाल (कक्षा 10) रजत, गोला फेंक: रौनक यादव (कक्षा 8) रजत और गोला फेंक में आदित्य कुमार (कक्षा 10) ने चौथा स्थान पाया। समस्त शिक्षण स्टाफ, समन्वयकों और प्रधानाचार्य ने सभी विजेताओं, प्रतिभागियों और खेल शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों और उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई दी।

# 25 लाख से निर्माणाधीन विश्रामगृह का विधायक राणा ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने ब्लॉक कैंपस का निरीक्षण किया। उन्होंने विधायक निधि की 10 लाख सहित 25 लाख की लागत से निर्माणाधीन विश्राम गृह (कृषक भवन) का निरीक्षण किया। विधायक राणा ने इस दौरान ब्लाक परिसर में स्थापित महान विभूतियों की मूर्तियों का निरीक्षण किया और कहा कि वास्तविकता से परे इन मूर्तियों के भिन्न चेहरों में अनावश्यक सरकारी बजट का दुरुपयोग चिंताजनक है।

विधायक राणा ने ब्लॉक कैंपस पर निर्माणाधीन टू रूम सेट वाले विश्राम गृह का निरीक्षण किया। उन्होंने विश्राम गृह के आगे खड़े पेड़ हटाने एवं कैंपस के समतल.ीकरण सहित बरसाती पानी के समुचित निकास मार्ग के लिए खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कन्याल को निर्देशित किया। विधायक राणा ने ब्लॉक कैंपस पर स्थापित महान विभूतियों सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, डा.भीमराव अंबेडकर, महाराणा प्रताप, शहीद उधम सिंह, पंडित गोविंद बल्लभ पंत तथा डा. अब्दुल कलाम के चित्रों को उनके वास्तविक चेहरों से भिन्न बताया और कहा कि सरकार के धन से स्थापित इन चित्रों से आने वाली पीढ़ी भ्रमित होने लगी है। वास्तविक फोटो के बजाय नकली चेहरे स्थापित कर भावी पीढ़ी को भ्रमित करने से कम नहीं है। विधायक राणा ने ब्लॉक परिसर में स्थापित राष्ट्रीय ध्वज विहीन पोल के संबंध में बीडीओ कन्याल से पूछताछ की बीडीओ कन्याल ने बताया कि आंधी से राष्ट्रीय ध्वज क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें शीघ्र ही दूसरा ध्वज स्थापित किया जा रहा है।

विधायक के समक्ष ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने लंबे समय से मनरेगा का भुगतान नहीं होने का मामला उठाया। विधायक राणा ने इस मामले को विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया।

# लिटिल किंगडम में फायर कैम्प का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लिटिल किंगडम विद्यालय में आज एक विशेष फायर कैम्प का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आग से सुरक्षा और बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान फायर विभाग के अधिकारियों ने बच्चों को आग के विभिन्न प्रकारों जैसे विद्युत आग, रसोई की आग, रासायनिक आग और ज्वलनशील पदार्थों से लगने वाली आग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि आग लगने पर किस प्रकार के उपकरणों का प्रयोग किया जाना चाहिए, जैसे फायर एक्सटिंग्विशर, पानी, रेत, फायर अलार्म और फायर ब्रिगेड की सहायता लेना। बच्चों को यह भी सिखाया गया कि आग लगने की स्थिति में घबराएं नहीं, बल्कि शांत रहकर सही कदम उठाएं, जैसे तुरंत बिजली के स्विच बंद करना, गैस का रेगुलेटर बंद करना और बाहर सुरक्षित स्थान पर जाना। फायर अधिकारियों ने एलपीजी गैस सिलिंडर के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि गैस सिलिंडर का इस्तेमाल करते समय हमेशा पाइप की जांच करें, चूल्हे के पास माचिस या दीया न जलाएं, और सिलिंडर को सीधा खड़ा रखें। यदि गैस की गंध महसूस हो, तो तुरंत सभी खिड़कियां खोल दें और बिजली के उपकरणों को चालू न करें।

बच्चों ने पूरे जोश और ध्यान के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया। अंत में अधिकारियों ने बच्चों से सुरक्षा संबंधी प्रश्न पूछे और उन्हें फायर सेफ्टी की छोटी-छोटी डेमो एक्टिविटीज भी कराई। विघालय प्रशासिका परविंदर पुरी ने कहा सुरक्षा हमारी सबसे पहली जिम्मेदारी है। यदि हम सतर्क रहें तो किसी भी आपदा से बचा जा सकता है। प्रधानाचार्यागायत्री खन्ना ने कहा कि आग एक उपयोगी साधन है, लेकिन लापरवाही के कारण यह भयावह रूप भी ले सकती है। हमें बच्चों में प्रारंभ से ही सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करनी चाहिए। विद्यालय के संचालक लक्ष्य शर्मा ने कहा इस प्रकार के शैक्षिक कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि जीवन की वास्तविक परिस्थितियों से निपटने की समझ भी देते हैं। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या सिमरन पूरी, विकास शर्मा, राखी राजपूत, मानसी, पूजा, भूमिका श्रीवास्तव, सुरभि श्रीवास्तव, पूनम सहानी आदि लोग मौजूद थे।

# डिप्टी कलेक्टर का पौड़ी के लिए हुआ स्थानांतरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** उप जिला अधिकारी चतर सिंह चौहान का स्थानांतरण डिप्टी कलेक्टर जनपद पौड़ी के लिए हो गया। जसपुर में उनकी तैनाती को लगभग 10 माह ही हुए थे। अभी उनके स्थान पर किसी नए उप जिला अधिकारी को नहीं भेजा गया ।

चतर सिंह चौहान सौम्य स्वभाव के कर्मठ प्रशासनिक अधिकारी हैं । अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हैं ।

उप जिलाधिकारी के स्थानांतरण हो जाने के चलते सोमवार को दीपावली पर्व को लेकर पूर्व प्रस्तावित बैठक स्थगित कर दी गई है।

दोबारा होने वाली बैठक की तारीख फिर से तय की जाएगी।


## सूचना

मेरी राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगला की वर्ष 2021 हाईस्कूल की मार्कशीट रोल नंबर-21126618 जो घर में आग लगने से नष्ट हो गई है। प्रार्थिनी को दूसरी मार्कशीट उपलब्ध कराई जाए।

**अंजली सिंह पुत्री वीरेश सिंह**
**निवासी-नगला, थाना हल्दी, पंतनगर, उधमसिंह नगर**
**उत्तराखण्ड**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत

पत्रांक-1044/ नामान्तरण सूचना/2025-26 दिनांक-06/10/2025

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर पंजिका में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज किये जाने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण/संशोधन किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री राम चन्दर पुत्र श्री शिव चरन | वार्ड नं.-09 में भवन संख्या 160 के अन्तर्गत 10 फीट व 14 फीट चौड़ाई का बना भवन | श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी श्री शिव चरन | श्री राम चन्दर पुत्र श्री शिव चरन | आवेदन पत्र बिक्रीनामा आधार कार्ड गृहकर रशीद |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर पंजिका में पूर्व में अंकित व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालन नं0 5 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# प्लॉट पर जबरन कब्जा करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर अपनी पैतृक संपत्ति पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए अपनी संपत्ति को कब्जा मुक्त कराने की गुहार शासन प्रशासन से लगाई है।

मोहल्ला विपिन बिहार कोटद्वार रोड निवासी राजीव कुमार अग्रवाल ने सोमवार को कोसी बैराज स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रेसवार्ता की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पिता स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार अग्रवाल को 31 जुलाई 1974 को नगर पालिका द्वारा 90 साल की लीज पर कुछ प्लॉट दिए थे जिसमें उनके पिताजी द्वारा 25% पैसा ओक्शन के तहत 7225 रुपये जमा भी किया गया था उनका आरोप है कि सन 1990 में जब वह कब्जा लेने गए तो उनके प्लॉटों पर कुछ लोगों द्वारा जबरन अवैध रूप से कब्जा किया गया और उन्हें कब्जा नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में उनके द्वारा पीएम और सीएम पोर्टल में शिकायत भी दर्ज कराई गई है। इसके बाद नगर पालिका प्रशासन द्वारा कब्जा धारी को नोटिस देने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों उनके खाली प्लॉट पर निर्माण कार्य किया जा रहा था। विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है और उनको नोटिस जारी किए गए हैं।उन्होंने सरकार व विभाग से कब्जा की गई भूमि को शीघ्र ध्वस्तीकरण कर कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। वही मामले में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि यह मामला जिला विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आता है। उन्होंने बताया कि विकास प्राधिकरण द्वारा ही इस मामले में नोटिस देने के साथ ही यहां पर बने भवनों को सील करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि यदि इस मामले में विकास प्राधिकरण को नगर पालिका से कोई भी सहयोग मांगा जाएगा तो पालिका प्रशासन द्वारा उन्हें सहयोग किया जाएगा। इस दौरान प्रेसवार्ता में भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती भी मौजूद रहे।

# बिंगराकोट गांव में मनरेगा के तहत हुए कार्यों की लोकपाल से कराई जाएगी जांच: डीएम

**■ जन मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कई समस्याओं का मौके में ही किया समाधान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** बैरख गांव के मैत्रातोक में घराट (पंचक्की) पुनर्जीवित कर उसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए किसान हयात सिंह मेहरा के लंबे समय से चले आ रहे प्रयासों में आज जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में पंख लग गए। श्री मेहरा लंबे समय से इस मांग को करते आ रहे थे। जिलाधिकारी ने केदारनाथ से मैत्रा तोक तक सड़क बनाने की भी स्वीकृति दी। इस कार्य में आने वाली दिक्कतों के समाधान के लिए पाटी की एसडीएम को निर्देशित किया गया।

कोटा रोला मेल गांव में फूलों की खेती को पुनर्जीवित करने के लिए किसान पूर्णानंद भट्ट समेत अन्य काश्त कारों के लिए यहां सोलर सिंचाई योजना, किसानों को अन्य सभी सुविधाएं देने के साथ हल्द्वानी में फूलों की मंडी खोलने की भी पहल की जाएगी। मालूम हो कि इस गांव में फूलों का फलता-फूलता कारोबार किसानों की अपेक्षा के कारण ठप पड़ गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों की एक टीम गठित की जो इस गांव के अलावा मैत्रा तोक एवं भूमवाडी के प्रगतिशील किसान तुलसी प्रकाश की भी समस्याओं का मौके में निराकरण करेंगे। जन मिलन कार्यक्रम में नगर तिलवाड़ा वार्ड में रास्ते के निर्माण की मांग को लेकर आई महिलाओं की समस्याओं का जिलाधिकारी ने स्वयं वहां जाकर परिस्थितियों को देखने के बाद स्वीकृति देने की बात कही। स्वयं दिव्यांगता के बावजूद दूसरों को रोजगार दे रहे देवीधुरा के हिम्मत सिंह को सभी विभागों से अवशेष पांच कंप्यूटर उन्हें उपलब्ध कराने की जिलाधिकारी ने सभी से अपील की। बसकुनी ग्राम पंचायत में साम. ुदायिक भवन के साथ वहां उरेड़ा द्वारा पथ प्रकाश के लिए सोलर लाइट लगाई जाएगी। कैनूडा गांव में चार दिन में जलापूर्ति करने के भी आदेश दिए गए। उन्होंने एप्पल मिशन के तहत किसानों को अवशेष सामग्री शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। गांव को आदर्श रूप दे रहे नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान छुलापै गांव के गंगाधर पंत द्वारा गांव में सिंचाई योजना, खेल मैदान, पुस्तकालय आदि मांग की गई थी। जिसके लिए वीडियो एवं अन्य अधिकारी गांव का भ्रमण कर अन्य मांगों को अंतिम रूप देंगे। जिलाधिकारी ने बिंगराकोट गांव में मनरेगा के तहत किए गए कार्यों की लोकपाल से जांच करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### सिक्स सिग्मा कॉलेज के छात्रों का इलेक्ट्रिकल पावर हाउस भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के इलेक्ट्रिकल इंजी. नियरिंग तृतीय वर्ष एवं प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने क्षेत्र के प्रतिष्ठित सब-स्टेशन इलेक्ट्रिकल पावर हाउस, रुद्रपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का आयोजन रजत धवन (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड) के नेतृत्व में किया गया।

इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को विद्युत ऊर्जा के संचारण एवं वितरण की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने स्विचगियर डिवाइस के संचालन और विद्युत प्रवाह को नियंत्रित करने की प्रक्रिया को समझा। साथ ही, उन्होंने ट्रांसफॉर्मर की कार्य प्रणाली एवं विद्युत संचारण में उनकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की इस औद्योगिक भ्रमण के माध्यम से छात्रों को कक्षा में सीखे गए सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों में देखने और समझने का अवसर मिला, जिससे उनके तकनीकी ज्ञान और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। भ्रमण के दौरान गीता आर्य तथा प्रियरंजन तिवारी द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें व्यवहारिक अनुभव से सीखने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की सफलता पर संस्थान के अध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, चेयरमैन राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डा. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, शौर्य अरोरा तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### ब्लॉक स्तरीय कला उत्सव का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**रामनगर।** एमपी इण्टर कॉलेज रामनगर में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेम चन्द्र पाण्डे ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रामनगर हवलदार प्रसाद और संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास प्रवक्ता सुंदर सिंह टैगोर, कला शिक्षक जफर अली और ब्लॉक कला समन्वयक अमरजीत के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

विकसित भारत थीम पर 12 श्रेणियों में प्रतियोगिताएं कराई गयी। गायन, वादन, नृत्य और दृश्य कला में समूह और एकल प्रतियोगिताएं हुई।कला उत्सव में एमपी इंटर कॉलेज का प्रदर्शन शानदार रहा, कला की 12 विधाओं में से विद्यालय ने 09 विधाओं में प्रतिभा किया जिसमें विद्यालय ने 07 विधाओं में प्रथम स्थान 01 में द्वितीय स्थान 01में तृतीय स्थान प्राप्त किया।संगीत (गायन) समूह प्रथम तनुजा जोशी कक्षा 11ए,निहारिका कक्षा 12,पलक कक्षा 11 और अनुष्का कक्षा 10 रही।संगीत (गायन) एकल शास्त्रीय प्रथम हर्षित पाठक 12 बी रही।संगीत (वादन) एकल तबला प्रथम हर्षित सती 11 बी रही।नृत्य (शास्त्रीय) एकल प्रथम खुशी शर्मा 11बी रही।नृत्य (लोक/जनजातीय) समूह प्रथम खुशी शर्मा 11 ए,मन्नत 11बी, खुश्बू महेश्वरी 11बी और कोमल 11बी रही।दृश्यकला (द्विआयामी) चित्रकला सेकेंड तुषार 11 ए रहे।दृश्यकला (त्रिआयामी) मूर्तिकला थर्ड अयान अहमद 11 रहे।संगीत (वादन) वाधवृन्द समूह प्रथम पारस पांडे कक्षा 10,हिमांशी आर्य कक्षा 10 और पीयूष कांडपाल कक्षा 9 रहे।नाटक समूह प्रथम निखिल आर्य कक्षा 12,नेहा सिंह कक्षा 12 सुमन कक्षा 12 और तनु कक्षा 12 रहे।इस दौरान कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता मेवा लाल, राजीव शर्मा, चेतन स्वरुप, कृष्ण कुमार फुलेरा, डा. प्रभाकर पाण्डे, गौरव शर्मा, चारु तिवारी आदि मौजूद रहे।

# अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाना भाजपा का मूल उद्देश्य: वल्दिया

**■ भाजपा लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हुआ संपन्न**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** भाजपा के विधानसभा लोहाघाट के कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख वक्ता के रूप में पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र बल्दिया ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के तहत भाजपा का मूल मंत्र है। श्री बल्दिया ने कहा कि आज जन-जन मा. मोदी जी की सरकार से एवं उनके विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा के साथ जुड़ा है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर हम सबके सामने आई है।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संचालन जिला महामंत्री मुकेश कलखुडिया ने किया। संयोजक सुभाष बगौली द्वारा कार्यकर्ताओं का स्वागत कर कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत द्वारा जनपद में हो रहे हैं विकास कार्यों की बारे में बताते हुए कहा कि जनपद को मुख्यमंत्री का प्रतिनिधित्व मिलने से जनपद दिन प्रतिदिन विकास के आयाम छू रहा है।इस अवसर पर प्रदेश मंत्री निर्मल मेहरा द्वारा कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि पूर्व की भांति हमें एकजुट होकर कार्य करना है।

प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सतीश पांडे ने समस्त कार्यकर्ताओं को एकजुट रहकर आगामी विधानसभा के लक्ष्य को भेदने का आह्वान किया। इस अवसर पर गो. विंद वर्मा, आनंद अधिकारी, राजू गड़कोटी, सचिन जोशी, कैलाश पांडे, गिरीश कुवंर, सतीश खर्कवाल, सीमा आर्य, अंचला बो. हरा, ज्योति राय, राजू अधिकारी, गौरव पांडे, देवेंद्र अधिकारी, महेंद्र ढेक, आनंद राय, भीम दत्त बगौली,आरडी चौथिया, राकेश बोरा, मनोज जोशी,जगदीश बोहरा, देवेंद्र पाटनी, बबलू देव, जगदीश जोशी आदि उपस्थित रहे।

# रामपुर जिला एथलेटिक प्रतियोगिता में होली चाइल्ड ने चैंम्पियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रामपुर जिला एथलेटिक चैम्पियनशिप का आयोजन जीडी गोयनका स्कूल, डिबडिबा में किया गया, जिसमें होली चाइल्ड स्कूल ने 13 स्वर्ण, 7 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ कुल 32 पदक अर्जित कर ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी अपने नाम किया।

12 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रभप्रीत सिंह ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक एवं 400मी. में रजत पदक, वंदना जोशी 200 मी. एवं 400 मी.में स्वर्ण पदक, आगमन शर्मा 100 मी. में स्वर्ण पदक एवं 100 एवं 200 मी. में काँस्य पदक, मोहित 100 मी. में कांस्य पदक, मन्नत कौर 200 मी. एवं 400मी. में रजत पदक, रिया राय 100 मी. में रजत और 200मी. में कांस्य पदक, तेजवीर सिंह लंबी कूद में रजत पदक, शगुन कश्यप लंबी कूद में स्वर्ण पदक, वैष्णवी लंबी कूद में रजत पदक, जानविका राठौर लंबी कूद में कांस्य पदक अर्जित किया। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक बालिकाओं में वैदेही छिंमवाल 100मी. एवं 200 मी. में स्वर्ण पदक, तन्मय कुशवाहा 100 मी. में कांस्य पदक, वीराज मदान 400 मी. में कांस्य पदक, आरांश बिष्ट चक्का फेंक में स्वर्ण पदक एवं गोला फेंक कांस्य पदक, कृष्ण भारद्वाज लंबी कूद में स्वर्ण पदक अर्जित किए। 17 वर्ष से कम आयु के बालक बालिकाओं में मनप्रीत कौर 100 मीटर एवं 200 मीटर में स्वर्ण पदक, आदित्य प्रताप सिंह चक्का फेक में स्वर्ण पदक गोला फेक में रजत पदक, परिधि शर्मा 100 एवं 200 मीटर में कांस पदक, एवं हर्ष बतला चक्का फेक में कांस्य पदक अर्जित कर अपने स्कूल अभिभावक एवं अपने गुरुजनों को गौरवान्वित किया।

इस उपलब्धि पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोंि. हताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) मंजू अधिकारी, सुधाकर सिंह (एचओडी-फिजिकल एजूकेशन) तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने छात्र व छात्राओं की इस उपलब्धि पर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

## श्री रामलीला कमेटी ने प्रशासनिक अधिकारियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने रामलीला के कुशल समापन पर प्रशासनिक अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, प्रशासनिक सुरक्षा, सहायता व अमूल्य योगदान, सहयोग के लिए उपहार व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। श्री रामल. ीला कमेटी के कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, समाजसेवी नितिन एडवोकेट, विनय कुमार जाटव, ऐश्वर्या लाल, विनोद कुमार जाटव व नगर के नागरिकों ने प्रशासनिक अधिकारियों एसडीएम जसपुर चतर सिंह चौहान, तहसीलदार शुभांगिनी, प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी व अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड को सम्मानित किया।

# ग्रामीण स्वास्थ्य के लिए हिन्दुस्तान जिंक की पहल



**25 गांवों के लिए मोबाइल हेल्थ वैन की शुरुआत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर/पंतनगर।** उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले के स्वास्थ्य सेवा पहुंच में सुधार के लिए संचा. लित सामुदायिक पहल के रूप में, हिन्दुस्तान जिंक ने ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के सहयोग से उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले के 25 गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए मोबाइल हेल्थ वैन की शुरूआत की।

मोबाइल हेल्थ वैन को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कलक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में हिन्दुस्तान जिंक और ममता संस्था की इस पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी और लोगों से आग्रह किया कि वे इस सुविधा का पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने इस पुनित कार्य के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। वैन को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे समुदायों तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें स्वास्थ्य जांच और बुनियादी उपचार जैसी सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

हिन्दुस्तान जिंक के पंतनगर प्लांट की एसबीयू हेड अनामिका झा ने मोबाइल स्वास्थ्य वाहन के शुभारम्भ को सामुदायिक स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में हिन्दुस्तान जिंक के सतत प्रयासों में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले के 25 गांवों एवं राजस्थान के चार जिलों सहित कुल 135 गावों में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स चलाई जा रही है।

इन मोबाइल यूनिट्स में डॉक्टर, स्टाफ नर्स, काउंसलर, ड्राइवर और समन्वयक शामिल हैं, जो ग्रामीण समुदायों को परामर्श और उपचार की सेवाएं देंगे। हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी परियोजनाओं से उत्तराखंड और राजस्थान में लगभग दो लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल, उप जिलाधिकारी गौरव पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके सिन्हा, पंतनगर प्लांट के डिप्टी हेड मुरुगन मणि, सीएसआर हेड नमरा यशा, ममता एचआईएमसी के उप निदेशक मुरारी चंद्र, ममता संस्था के क्षेत्रीय प्रबंधक हेमंत शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी तान्या सिंह, जिला परियोजना समन्वयक नीरज सक्सेना, डॉ. राकेश और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मोबाइल स्वास्थ्य वैन का शुभारंभ दूरदराज के क्षेत्रों में ग्रामीण समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो यह सुनिश्चित करता है कि उन्हें मौसमी और सामान्य दोनों बीमारियों के लिए समय पर उपचार और दवाएं मिलें। वर्ष 2018 से, हिन्दुस्तान जिंध्क विभिन्न सामुदायिक पहलों के माध्यम से ग्रामीण स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

### ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 का जश्न मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025, जो 22 सितंबर से शुरू हुआ था, ने उत्तराखंड के ग्राहकों और विक्रेताओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी है, जिसमें स्मार्टफोन्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, रोजमर्रा की जरूरतें, ग्रॉसरीज और बड़े उपकरणों जैसी श्रेणियों में मजबूत वृद्धि हुई है। ग्राहक अब बहुप्रतीक्षित ष्दीवाली स्पेशलष डील्स और ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। उत्तराखंड के ग्राहक अब अमेजन के विस्तारित लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का लाभ उठाते हुए प्रीमियम उत्पादों की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे राज्य में डिलीवरी की गति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, "उत्तराखंड के ग्राहक अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 को पहले से कहीं अधिक बड़े पैमाने पर मना रहे हैं। प्रीमियम टीवी और कीमती आभूषणों से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों और अमेजन बाजार के उत्पादों तक, राज्य ने ऑनलाइन शॉपिंग में शानदार वृद्धि दिखाई है। जीएसटी बचत, बैंक और अमेजन पे ऑफर्स के साथ, हम उत्तराखंड के ग्राहकों के लिए त्योहारी खरीदारी को और भी किफायती और फायदेमंद बना रहे हैं। धनतेरस और दीवाली की ओर बढ़ते हुए, हम ग्राहकों को सबसे व्यापक चयन, बेजोड़ मूल्य और सबसे तेज डिलीवरी की सुविधा के साथ यह त्योहारी सीजन और भी आनंदमय बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा/योग स्पर्धा का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विद्यालयीय शिक्षा क्रीड़ा स्पर्धा के तहत विभिन्न आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की आयोजित ब्लॉक स्तरीय योगा प्रतियोगिता में पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। जिले के लिए अठारह बालिकाओं समेत छत्तीस खिलाड़ियों का चयन किया गया।

सोमवार को पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज के योगा कक्ष में आयोजित ब्लॉक स्तरीय योग स्पर्धा का उद्घाटन प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। कहा कि योग से शरीर ही नहीं मस्तिष्क का भी विकास होता है जिससे बच्चे स्वयं का विकास कर समाज और देश की तरक्की में योगदान देते हैं। उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा योग की और ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे और प्रचार प्रसार कर लोगों को योग से होने वाले लाभ के बारे में बताएं।

ब्लॉक खेल समन्वयक केशव सिंह ने बताया कि अंडर-14 में उत्तनासन, उष्ट्रासन, वक्रासन, वृक्षासन, उत्तानपादासन, हलासन, पूर्ण भुजंगासन, गरुणासन, शालभासन,एक पाद स्कांदासन, पूर्ण चक्रासन ,कुकूटासन, वीर भद्रासन् अंडर - 17 में सर्वांगासन, पूर्ण धनुरासन, अर्धमत्स्येंद्रासन, वातायानासन, बकासन, कुर्मासान, पूर्ण शलभासन, गर्भपिंडासन,बुद्ध परिवर्त पाश्रब्कोरासन और अंडर-19 में उपविष्टकोणासन, मतस्यासान, पदम सर्वांगासन, कणपीणासन, कपोतासन, पूर्ण मतस्येंद्रासान, त्रीविक्र्मासन के आधार पर चयन किया गया। अंडर 14 मे पीपीएनटी की आफिया , हर्षिता अग्रवाल, सृष्टि, नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज की सोफिया ,अंडर 14 बालक वर्ग में पीपीएनटी से दीशु गुप्ता, कार्तिक, अंडर 17 बालिका में पीपीएनटी से शुमायला,शाहेनूर, शालिनी पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआ डाबरा, बालक वर्ग में पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज के प्रिंस, ईशान और अंडर-19 बालि. का वर्ग में पीपीएनटी की सृष्टि, अजरा , अरमीन व बालकों में पीपीएनटी के मोहम्मद शोएब आलम, जय कुमार का जनपद के लिए चयन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों से बहत्तर बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

इस मौके पर सुभाष चंद्र, संजय वर्मा, केशव सिंह, तस्लीम अहमद, राजेश चौधरी, ब्लॉक खेल सह समन्वयक ताबिंदा अली, दीपक कुमार, प्रभा रानी, मोनिका, खेल प्रशिक्षक रवि कुमार आदि मौजूद थे।

# द डॉस वार प्रतिभागियों ने कुमाऊं भर के कलाकारों ने मचाया धमाल

**■ टीवी रियल्टी शो कलाकारों ने कार्यक्रम में समा बांधा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** द डॉस वार प्रतियोगिता में कुमाऊं मंडल के डॉस कलाकारो ने अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया। प्रतियोगिता मे विजयी रहे प्रतिभागियो को सीआरपीएफ के डीआईजी शंकर दत्त पांडेय के द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

इएसएस फिल्म प्रोडक्शन के द्वारा कार्बेट मोटल होटल मे आयोजित कार्यक्रम मे विभिन्न टीवी रियल्टी शो के जरिये देशभर मे अपनी पहचान बनाने वाले डॉस व मॉडलिंग कलाकार वैभव,अभिषेक वशिष्ठ, विशाल त्यागी, चैतन राजवंशी आदि ने प्रतियोगिता में जज की भूमिका निभायी व एंकर का दायित्व इण्टरनेशनल एंकर आरजे राहुल सिंह ने निभाया।

प्रतियोगिता मे सीनियर विनर अभय, सब जूनियर विनर अफान, जूनियर विनर नवीन, जूनियर डयूट विनर मिताली व नवीका, सीनियर डयूट विनर द गोल्डन बॉयस व आर्ट मोटिशन क्यू रहे। कार्यक्रम मे उत्तराखंड के उभरते हुए बाल डॉस कलाकार व शार्क इंडिया के ब्रॉड एम्बेडकर ईशम सिंह संधु के द्वारा दी गई। डॉस प्रस्तुति ने दर्शकों की तालियॉ व वाहवाही लूटी।

इस मौके पर कार्यक्रम में आये टीवी रियल्टी शो के कलाकारों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया और प्रतिभागियों के द्वारा उनके साथ सेल्फी खिचवानें का सिलसिला लगातार जारी रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व आरपीएफ केडीआईजी शंकर दत्त पांडे, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और भाजपा नेता इंदर रावत के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस अवसर पर डॉस कलाकार वैभव गुगी, आयोजक लवजीत कौर संधु ने ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, इन्दर रावत, एसएसआई मौ. युनुस, डा. जफर सैफी, उधमसिंह राठौर, रूबीना सैफी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर लवजीत कौर संधु, प्रडूसर अतुल मेहरोत्रा, सीए सलील गुप्ता, आलिया सिद्दीकी, गुरदेव सिंह संधु, रविन्द्र संधु, विधायक दीवान सिंह बिष्ट,मंजू नेगी, एसएसआई मौ. युनुस, इन्दर रावत, सूरज सिंह चौहान, डा. जफर सैफी, रूबीना सैफी, जसवंत बिष्ट, रंजीत बिष्ट, बीएस डंगवाल, अंकित रावत आदि लोग मौजूद रहे।

### विधायक ने मुख्यमंत्री के विवेकाधीन कोष से बांटे चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री के विवेकाधीन कोष से पुत्रियों के विवाह और उपचार के लिए सहायतार्थ स्वीकृत 57 पात्र परिवारों को छ9.92 लाख की सहायता राशि के चेको का भाजपा कार्यकर्ताओ और राजश्व उप निरीक्षको के साथ वितरण किया गया।विधायक ने बताया की हर पात्र परिवार को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना हमारी प्राथमिकता है। जिसके लिए हमारी सरकार व पार्टी का हर कार्यकर्त्ता जन-जन तक पहुंचकर उनको सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने को निरंतर प्रयासरत रहते है।इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र खाती, ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, पीरूमदारा मण्डल अध्यक्ष बलदेव रॉवत,मनीष अग्रवाल, मनमोहन सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रताप रावत, पुरुषोत्तम सिंह,हरिओम सिंह,आदिल हुसैन, दिवेक सम्मल,एडवोकेट दानिश सिद्धिकी, कानूनगो राजीव बिष्ट, राजश्व उपनि. रीक्षक राहुल आर्या,देवेंद्र मेहरा, प्रकाश थापा आदि मौजूद रहे।

### जिला विकास प्राधिकरण का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम छोई क्षेत्र में जिला विकास प्राधिकरण लागू होने पर सोमवार को कांग्रेस नेता भुवन पांडे के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट से मुलाकात कर एक ज्ञापन उनके माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा है।

भेजे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण ग्रामीण क्षेत्र में लागू होने पर ग्रामीणों को बहुत अधिक नुक्सान होंगा।उन्होंने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण से बहुत बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर ग्रामीण क्षेत्रों से विकास प्राधिकरण नहीं हटाया गया ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा उसके खिलाफ सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से विकास प्राधिकरण को हटाने की मांग की है।

वहीं दीवान सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री से वार्ता करने की बात कही है। इस दौरान कांग्रेस नेता भुवन पांडे, भूपेंद्र कुमार, पर्वत लटवाल,पियूष बिष्ट, दारा सिंह लटवाल,भारत सिंह नेगी,गोविंद पांडे, बब्लू बिष्ट,राजू लटवाल, इंदर सिंह लटवाल,भावेश चौधरी,गोविंद पांडे आदि मौजूद रहे।

# ठेकेदारों को महंगी पड़ेगी गड़बड़ी

## उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने भुगतान न करने के निर्देश देकर मांगा हलफनामा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के द्वारा जारी जल जीवन मिशन के अंतर्गत टिहरी जिले के प्रताप नगर तहसील के 23 गांवों मे हर घर में जल एव नल में जल की योजना में हुई भारी गड़बड़ियों और गबन के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेन्द्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने गड़बड़ी करने वाले पेयजल लाइनों के ठेकेदारों को भुगतान नहीं करने के निर्देश दिए साथ में खण्डपीठ ने राज्य सरकार सहित उत्तराखंड पेयजल निगम से हलफनामा पेश करने को कहा है। मामले के अनुसार प्रतापनगर तहसील के भेलुंटा गांव के पूर्व प्रधान दिनेश चंद्र जोशी की ओर से दायर जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश जी नरेंदर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में सुनवाई हुई। जनहित याचिका में कहा गया कि प्रतापनगर तहसील में हर घर जलए हर घर नल योजना के तहत गांवों में पेयजल लाइन बिछाने का काम किया गया है। जो कार्य संबन्धित ठेकेदारों के द्वारा हवा हवाई में पूर्ण कर दिया, जो नल ढाई फिट जमीन के अंदर गड़ने चाहिए थे उन्हें ठेकेदार ने जमीन के ऊपर पेड़ों व जमीन पर गाड़ दिए गए जबकि जब इनका टेंडर हुआ था उसमें शर्ते यह थी कि जो भी पाइप लाइन बिछाई जएगी वह जमीन के अंदर ढाई फिट के अंदर होंगी।

लेकिन पेयजल निगम व ठेकेदार तथा कार्यदायी संस्था के द्वारा इनका अनुपालन न करते हुए संबन्धित ठेकेदारो को लाभ पहुचाने के लिए कोई ठोस कदम नही उठाया जिसकी वजह से उनके ग्रामो में आपदा के दौरान नियमित पानी की सप्लाई नही हो पा रही है इसलिए इस प्रकरण की जांच कराई जाए तथा इसमें शामिल कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाय। जनहित याचिका में कहा गया है कि मानकों के अनुसार काम नहीं किया गया है। कुछ गांवों में पेयजल लाइनें खुले में डाल दी गयी हैं जबकि कुछ गांवों में पाइप लाइनें अपेक्षाकृत कम गहरी हैं। अधिशासी अभियंता ने भी भेलुंटा, देवल व खेतगांव और खोलगढ़ आदि गांवों में पेयजल लाइनों में गड़बड़ी की बात स्वीकार की है। सरकार की ओर से गड़बड़ी की बात स्वीकार करते हुए कहा गया कि जिन गांवों में मानक के अनुरूप काम नहीं पाया गया है वहां का भुगतान रोक दिया गया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता पूरण सिंह रावत के अनुसार कोर्ट उन गांवों की पेयजल लाइनों के भुगतान रोकने के निर्देश दे दिए जिनमें गड़बड़ी पायी गई है। अगली सुनवाई 1 दिसंबर सोमवार को तय है।

## विवि की सभी अपीलों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने हेमवती नंदन केंद्रीय विश्वविद्यालय गढ़वाल में वर्षो से कार्यरत कर्मचारियों को एकलपीठ के द्वारा उनके पक्ष में दिये गए निर्णय के वाबजूद भी उन्हें नियमित नहीं करने के आदेश के खिलाफ विश्वविद्यालय की ओर से दायर 40 के करीब विशेष अपीलों पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने विश्वविद्यालय की सभी अपीलों को निस्तारित करते हुए और एकलपीठ के द्वारा उनके पक्ष में दिए गए आदेश को संशोधित कर कहा है कि जो कर्मचारी जिस विभाग में कार्य कर रहे हैं उन्हें उसी पर नियमित किया जाय और जो कर्मचारी वर्षो से कार्य रहा है और उसके लिए विश्वविद्यालय में कोई पद सृजित नहीं है उसके लिए नया पद सृजित किया जाए क्यों कि वह कई वर्षो से अपनी सेवा देते हुए आए हैं। हाईकोर्ट नेकहा कि जिन लोगों को विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस दौरान विज्ञप्ति जारी करके नियमित किये हैं उनकी भी एक वरिष्ठता सूची जारी करें, साथ मे नियमित होने वाले कर्मचारियों की भी उनकी साथ में सबकी एक साथ वरिष्ठता सूची जारी करें, चाहे कर्मचारी पहले नियमित हुआ हो या बाद में। वरिष्ठता के आधार पर ही उनको वरिष्ठता दी जाय। चाहे वे कमीशन से आये हो या प्रमोशन से। जिन पदों पर भर्ती अभी तक न हुई हो उसको विश्वविद्यालय सृजित करें। खाली पड़े पदों पर कर्मचारी कार्य तो कर थे पद सृजित न होने के कारण उनका शोषण हो रहा है। मामले के अनुसार पूर्व में एकलपीठ ने सभी कर्मचारियों के मामले पर सुनवाई करते हुए कहा था कि इनको वरिष्ठता के आधार पर नियमित किया जाए लेकिन कोर्ट के आदेश होने के बाद भी उन्हें नियमित नहीं किया गया, न ही पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किया गया। जो कर्मचारी पहले से कार्यरत थे उनकी जगह नई विज्ञप्ति जारी कर उन्हें भर्ती कर दिया गया। अब वर्तमान में उनसे कनिष्ठ कर्मचारी उनसे वरिष्ठ हो गए हैं, इसलिए उनकी भी वरिष्ठता सूची उसी दिन से गिनी जाय जिस दिन से उन्होंने विश्वविद्यालय को दी है। जिस पर सोमवार को कोर्ट ने अहम फैसला देते हुए कहा कि इसमें सर्वप्रथम एक कमेटी गठित की जाए। कमेटी सभी इस दौरान होने वाले नियमित कर्मचारियों का दस्तावेजों का अवलोकन करेगी। उसी के आधार पर उनकी वरिष्ठता सूची जारी करेगी और उन्हें द्व माह के भीतर उनके दस्तावेजों का अवलोकन करने के उपरांत अपना निर्णय लेगी।

## पूर्व भाजयुमो जिला मंत्री के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज

**नैनीताल।** नैनीताल से गुमशुदा किशोरी को लेकर फरार भाजयुमो के पूर्व जिला मंत्री को पुलिस ने हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज किया है। चिकित्सा परीक्षण के बाद किशोरी और युवक को कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 8 अक्टूबर को एक महिला ने कोतवाली में उसकी 16 वर्षीय बच्ची के गुम होने की शिकायत की थी। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की। हालांकि शहर के ही पूर्व भाजयुमो जिला महामंत्री पर किशोरी को भगा ले जाने की चर्चाएं थी। मामला चर्चाओं में आया तो युवक के परिजनों ने उसे जायदाद से बेदखल भी कर दिया। इधर मोबाइल लोकेशन और मुखबिरों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने रविवार को किशोरी को युवक के साथ हरिद्वार से बरामद कर लिया। देर रात पुलिस युवक और किशोरी को लेकर नैनीताल पहुंची। एसपी डा. जगदीश चंद्रा ने बताया कि मल्लीताल निवासी देव सिंह बगड़वाल के खिलाफ पॉक्सो की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी व युवक के मेडिकल परीक्षण के बाद दोनों को न्यायालय पेश करने की तैयारी की जा रही है।

## समस्याओं पर की चर्चा

**नैनीताल।** प्रगतिशील भोजन माता संगठन ने सोमवार को भोजन माताओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अपनी मांगों के संबंध में बैठक कर चर्चा की और शासन की ओर से मांगे न माने जाने पर प्रदर्शन करने की बात कही। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी ने बताया कि संगठन ने मल्लीताल में बैठक कर स्कूलों में छात्र संख्या कम होने पर भोजन माताओं को ना निकालने की मांग को लेकर चर्चा की। उनकी मांगें न माने जाने पर संगठन की ओर से धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान रजनी जोशी, चंपा देवी मौजूद रहीं।

## एक नजर

### पूर्व सभासद गज़ाला खान का निधन



**नैनीताल।** पूर्व सभासद 61 वर्षीय गज़ाला खान का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया है। वे अपने पीछे पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ गई हैं। नगरपालिका में वह दो बार मल्लीताल बाजार और हरीनगर वार्ड की सभासद रही हैं। उनके परिवार में उनके पति माजिद खां, पुत्र अधिवक्ता शारिक खां, सुलेमान खां और पुत्री बुशरा हैं। उनके निधन से परिवार में शोक की लहर है। मल्लीताल बारापत्थर कब्रिस्तान में शाम को इशां की नमाज के बाद उन्हें सुपुर्द खाक किया गया। उनके निधन पर विधायक सरिता आर्या, पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, समस्त सभासदों और शहरवासियों ने शोक जताया है।

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों का अभिमुखीकरण प्रशिक्षण

**नैनीताल।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों का पांच दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को विकासखंड भीमताल में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख क्षेत्र पंचायत डा. हरीश सिंह बिष्ट ने कहा कि क्षेत्र पंचायत के विकास में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की अहम भूमिका है। सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सामंजस्य बनाकर अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के हल करने के लिए आगे आना होगा। इससे पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का डा. बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर पीके शर्मा द्वारा पंचायती राज अधिनियम क्षेत्र पंचायत के अधिकार कर्तव्य एवं समितियां के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी असलम अली द्वारा पंचायती राज व्यवस्था तथा संविधान संशोधन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत ललित कुमार, सहायक खंड विकास अधिकारी बृजमोहन सिंह बिष्ट, कनिष्ठ प्रमुख रागिनी आर्या, हिमांशु पांडे, शालिनी, पंकज, सूर्य, हरिशचंद्र, अंकित आर्य, निशा रमोला, अजय सिंह, अंकित आर्य, रीना देवी तथा उमा देवी व सूरज अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## ऑल सेंट्स में बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरु




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल में सोमवार से 12वीं ऑल सेंट्स कॉलेज अंतर-विद्यालयीय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। उद्घाटन समारोह के दौरान मेजबान विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजिना रिचर्ड्स द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया जिसमें सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों ने खेल भावना और नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। शपथ के तुरंत बाद मुकाबलों की शुरुआत हुई। पहला मैच ऑल सेंट्स कॉलेज की व्हाइट टीम और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के बीच खेला गया जिसमें ऑल सेंट्स व्हाइट ने 11-6 से जीत दर्ज की।

विजेता टीम की ओर से दिव्यानी सिंह ने 5 अंक और अनन्या पिमोली ने 4 अंक बनाए जबकि भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की हिमानी कार्की ने अपनी टीम के लिए 4 अंक अर्जित किए। दूसरा मैच ऑल सेंट्स कॉलेज की बलू और ऑल सेंट्स रेड टीमों के बीच खेला गया। इस एकतरफा मुकाबले में ऑल सेंट्स बलू ने रेड टीम को 44-2 से हराया, ब्लू टीम की जायना रहमान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 अंक जुटा और भाव्या श्रीधर ने 4 अंक का योगदान दिया। रेड टीम के लिए एकमात्र 2 अंक वल्लरी मोदी ने बनाए। प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम मैच में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय का मुकाबला सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज नैनीताल से हुआ।

यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और अंततः भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ने 17-14 से जीत हासिल की। हिमानी कार्की ने अपनी टीम के लिए 13 अंक अर्जित कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया वहीं सेंट मेरीज की तरफ से तरणप्रीत कौर ने 7 अंक जुटाए। प्रतियोगिता के संचालन में रेफरी दल में भुवन सिंह बिष्ट, राजीव गुप्ता, हरीश चौधरी, फरीद अहमद, हरीश जोशी, शेरब खंपा और विनोद कनारी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान ऑल सेंट्स कालेज की प्रधानाचार्या अंजिना रिचर्ड्स, सेंट मेरीज़ कॉन्वेंट कॉलेज की प्रधानाचार्या सिस्टर मंजुषा, ऑल सेंट्स कॉलेज के खेल विभागाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट सहित दिक्षित बिष्ट, मयंक रावत, भुवन पडियार, माणिक साह और भूपेंद्र सिंह रावत तथा अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## जिपं चुनाव प्रकरण पर सुनवाई अब कल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 14 अगस्त को हुए नैनीताल जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान हुए बवाल और 5 सदस्यों का अपहरण तथा चुनाव में डाले गए एक मतपत्र पर ओवरराइटिंग की शिकायत व जिला पंचायत का चुनाव रिपोलिंग कराने को लेकर दायर स्वतः संज्ञान व पीड़ित पक्षकार की याचिका पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के मुख्य न्यायधीश जी नरेन्द्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने राज्य सरकार से अब तक कि गयी जाँच रिपोर्ट को कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा कहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर बुधवार की तिथि नियत की है। बता दें सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि घटना के दिन सदस्यों के अपहरण करने के मामले की जाँच राज्य सरकार ने सीआईडी को दे दी है जिसकी रिपोर्ट आनी बाकी है। जिसका बिरोध करते हुए पीड़ितों की तरु से कहा गया कि सीआईडी पहले से वहां मौजूद थी। उनको तब पता नहीं चला अब कया रिपोर्ट देंगे। मामले की जाँच करानी है तो उच्च स्तर की जाँच एजेंसी से कराई जाए जिसपर कोर्ट ने सरकार से अब तक हुई कार्यवाही पर प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अब मामले की अगली सुनवाई आने वाले बुधवार यानी 15 अक्टूबर को होगी।

## आरोपी की जमानत अर्जी स्वीकार

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हत्या सहित कई गंभीर धाराओं में न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी की जमानत अर्जी स्वीकार की है। न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ ने हत्या आरोपी जावेद की लंबी सुनवाई अवधि और जेल में बिताए गए साढ़े चार साल से अधिक के समय को ध्यान में रखते हुए उसे जमानत दी है। बता दें कि जावेद पर हरिद्वार जिले के लकसर पुलिस स्टेशन में 9 मई 2021 को हत्या व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। हत्यारोपी पर अंधाधुंध फायरिंग में शामिल रहने का आरोप है। जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि चार्जशीट में 60 गवाह हैं लेकिन आज तक केवल 10 गवाहों की ही जांच हो पाई है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि यद्यपि आरोपी से देशी पिस्तौल की बरामदगी दिखाई गई है लेकिन किसी भी घायल व्यक्ति को उस बोर के हथियार से कोई चोट नहीं लगी है। उन्होंने इतनी लंबी अवधि तक सुनवाई पूरी न होने के आधार पर जमानत की मांग की।

## सरोजनी हाउस ओवरऑल चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैन्सी ग्रुप आफ स्कूल ज्योलीकोट नैनीताल में तीन दिवसीय खेल महाकुंभ का समापन सोमवार को अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर खेल भावना, तालियों की गूंज और जोश




से भर गया। खेल महाकुंभ में नर्सिंग कालेज तथा सीबीएसई सेकशन के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मार्च पास्ट व शपथ ग्रहण समारोह और मशाल प्रज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों ने वालीबाल, बास्केटबाल, फुटबाल, क्रिकेट तथा एथलेटिकस सहित कई खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान टीम भावना और अनुशासन की मिसाल देखने को मिली। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक श्रीवास्तव जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मार्केटिंग हेड सुश्री इशिता उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्या श्रीमती हीना एवं श्रीमती शोभा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। प्रतियोगिता में सरोजिनी हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्राफी अपने नाम की जबकि इंद्रा हाउस द्वितीय एवं लक्ष्मी हाउस तृतीय स्थान पर रही। व्यक्तिगत श्रेणी में सोहेब मसूरी, वेदिका सिंह एवं सत्यम रवि को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। नर्सिंग के विद्यार्थियों ने भी इस महाकुंभ में शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। पूरे आयोजन का सफल संचालन डीन ऑफ एटिविटी देवेंद्र भंडारी के निर्देशन में हुआ जिन्होंने प्रतियोगिताओं की रूपरेखा से लेकर आयोजन तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नैन्सी एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के निदेशक डा. संजय कुमार सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं जो विद्यार्थियों में नेतृत्वए टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। इस अवसर पर चेयरपर्सन मंजू सिंह एवं मैनेजिंग डायरेटर इंजी. आईपी सिंह ने सभी विद्यार्थियों और आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि नैन्सी परिवार सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## विबकॉन-2025: 6 नवम्बर से

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**मुक्तेश्वर।** आईसीएआर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान आईवीआरआई मुक्तेश्वर आगामी 6 से 8 नवम्बर तक वन हेल्थ परिदृश्य के अंतर्गत पशुधन उत्पादन और संरक्षण की परिकल्पना विषय पर आईएसवीआईबी के तीसरे वार्षिक अधिवेशन एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन विबकॉन-2025 का आयोजन करने जा रहा है। यह भव्य आयोजन नैनीताल की सुरम्य पहाड़ियों में स्थित आईवीआरआई के परिसर में होगा, जो 1893 से पशु चिकित्सा अनुसंधान का एक अग्रणी केंद्र है। उक्त जानकारी भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के संयुक्त निदेशक डा. वाईपीएस मलिक ने दी। सोमवार को पत्रकार वार्ता करते हुए संयुक्त निदेशक डा. वाईपीएस मलिक ने बताया कि



सम्मेलन का उद्देश्य वन हेल्थ दृष्टिकोण से पशु स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी, रोगप्रतिरोध, खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन तथा रोगाणुरोधी प्रतिरोध जैसी वैश्विक चुनौतियों पर केंद्रित वैज्ञानिक विमर्श को बढ़ावा देना है। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से 250 से अधिक वैज्ञानिक, शोधकर्ता और विशेषज्ञ शामिल होंगे। इनके साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकारों के अधिकारी, आईसीएआर, आईसीएमआर, सीएसआईआर, डीबीटी और 35 से अधिक औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। उन्होंने बताया सम्मेलन से पूर्व 5 नवम्बर को वन हेल्थ विषय पर एक प्रायोगिक कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें चुनिंदा शोधार्थी भाग लेंगे। सम्मेलन के संरक्षक आईवीआरआई के निदेशक डा. त्रिवेणी दत्त, अध्यक्ष डा. यशपाल सिंह मलिक, तथा आयोजन सचिव डा. करम चंद और डा. अमित कुमार इस आयोजन सचिव रहेगे। विबकॉन-2025 न केवल वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और उद्योगों के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा, बल्कि वन हेल्थ की अवधारणा को सुदृढ़ कर पशुधन कल्याण, खाद्य सुरक्षा और किसानों की आजीविका सुधार की दिशा में भी एक सार्थक पहल सिद्ध होगा।

## नैनीताल में बच्चों ने किया सहज़योग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित चन्द्रा भवन चार्टन लॉज में सोमवार को सहज योग बाल शक्ति सेमिनार का आयोजन किया गया। राज्य भर के सभी शहरों से बालशक्ति और अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। बालशक्ति कोऑर्डिनेटर रश्मि श्रीवास्तव व नारी सशक्तिकरण कोऑर्डिनेटर तृप्ति तिवारी अपने संबोधन में बताया कि सहजयोग के नियमित ध्यान से हमारे बच्चों को मनोवैज्ञानिक, शारीरिक व आध्यात्मिक समझ मे बहुत सुधार होता जाता है इससे बच्चों का पढ़ाई में ध्यान केंद्रित होता है जिससे वे इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में अपनी अच्छी पकड़ बना लेते हैं। कहा कि उन्हें मानसिक संतुलन और निरोग शरीर मिलता है जिससे वे स्पोर्ट्स आदि में भी एक उच्च और अच्छा स्थान बना लेते हैं। कहा कि ध्यान एक स्वतः होने वाली प्रक्रिया है व्यक्ति के विचार या तो भूतकाल में



रहते हैं या भविष्य काल में। जब हम अत्यधिक भूतकाल या भविष्य काल के विचारों में चले जाते हैं तो हमारे शरीर में तनाव आ जाता है और हमें शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक असंतुलन आ जाता है। सहजयोग में मेडिटेशन के द्वारा बाल विकास की निरंतर प्रगति और अभिभावक की बच्चों के प्रति जागरूकता पर उपस्थित सभी जन को सुंदर ज्ञान हासिल हुआ। कार्यक्रम में बालशक्ति द्वारा नृत्य, गायन व क्विज कंपटीशन और ड्राइंग की आकर्षक व सुंदर प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में राज्य समन्वयक डीके चावला, चिकित्साधिकारी डा. वीरेन्द्र मिश्रा व वरिष्ठ सहजयोगी कर्नल वीरेन्द्र तिवारी, तृप्ति तिवारी, रशिम श्रीवास्तव, वंदना, दिव्या व अधिवक्ता जगदीश बिष्ट, पशु चिकित्साधिकारी एएस वाणी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सेपक टाकरा टीम के लिए ट्रायल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सेपक टाकरा फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 29वीं जूनियर सेपक टाकरा (बालक/बालिका) राष्ट्रीय चैंपियनशिप जो एलपीयूएफ गवाड़ा (पंजाब) में आगामी 27 नवंबर से 1 दिसंबर को आयोजित होने वाली है के लिए सोमवार को सेपक टाकरा



एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के तत्वावधान में उत्तराखंड जूनियर (बालक/बालिका) सेपक टाकरा टीम के चयन हेतु ट्रायल का आयोजन कराया गया। बता दें ट्रायल में विभिन्न जनपदों से 30 खिलाड़ियों ने ट्रायल हेतु प्रतिभाग किया। चयन ट्रायल प्रक्रिया में विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों के मध्य मैत्री माचों का आयोजन कर चयन ट्रायल को संपन्न कराया गया। ट्रायल में चयनकर्ता के रूप में सावन मल्होत्रा, प्रगति दुम्का, गौरव बिनवाल एवं डा. नागेंद्र प्रसाद शर्मा उपस्थित रहे। संघ के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने बताया की टीम की घोषणा सभी खिलाड़ियों के प्रपत्रों की जांच करने के उपरांत की जाएगी।

## ग्राफिक एरा कैंपस में अलुमनाई मीट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस में आयोजित अलुमनाई मीट का दूसरा दिन पुरानी यादों और नए अनुभवों से सराबोर रहा। ग्राफिक एरा एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस पुनर्मिलन समारोह की शुरुआत हुई प्रकृति की गोद में नामक सनराईज ट्रेक से। पूर्व छात्र सुबह की ठंडी हवा और पहाड़ों की सुंदर वादियों के बीच साततال झील तक पहुंचे जहाँ हँसी खुशी और पुरानी यादों की गूँज सुनाई दी। इस दौरान उन्होंने झील के किनारे पहुंचकर पूर्व छात्रों ने बोटिंग और कायाकिंग का आनंद लिया। झील की लहरों पर गूंजती हँसी, पुराने दोस्तों की बातें और प्रकृति का शांत वातावरण सबने मिलकर इस पल को यादगार बना दिया। रोमांच का सिलसिला यहीं नहीं थमा, जार्बिंग और नौकुचियाताल झील पर पैराग्लाइडिंग ने कार्यक्रम में नया जोश भर दिया। हवा में उड़ते हुए पूर्व छात्रों ने भीमताल की वादियों और झीलों का मनोरम दृश्य निहारा। प्रकृति के सानिध्य में झील किनारे नाश्ते के साथ दिन की थकान मिटाई गई। खुले आसमान और हल्की ठंडी हवा के बीच पुरानी बातें और नई कहानियाँ



सहज रूप से बहती रहीं। वापस ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस में हुए समापन समारोह में सभी पूर्व छात्र भावुक और उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व छात्रों को सममानित किया गया और विश्वविद्यालय की पहाड़ी संस्कृति एवं भावना को दर्शाते हुए स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

## डा.सूर्य प्रकाश बने तीरंदाजी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड तीरंदाजी एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव देहरादून में संपन्न हुआ। प्रदेश के 8 जिलों के पदाधिकारियों ने इस चुनाव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। चुनाव के उपरांत एडवोकेट मिताली अरोड़ा की देखरेख में विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की गई



नैनीताल जिले के लिए गर्व का विषय था कयों कि पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के प्रधानाचार्य डा.सूर्य प्रकाश को एसोसिएशन का उपाध्यक्ष घोषित किया गया। विदित रहे कि पार्वती प्रेमा जगाती ने पिछले 12 वर्षो से सैकड़ों की तादाद में तीरंदाज बनाए हैं जो देश के लिए अपने प्रदेश के लिए निरंतर खेल रहे हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. आनंद सिंह राणा, सचिव राजेंद्र सिंह तोमर, कोषाध्यक्ष अंकित सिंह नेगी, संदीप राणा, भानु प्रकाश नेगी और सरोज को संयुक्त सचिव, रमेश प्रसाद और संदीप कुमार को भी उपाध्यक्ष पद का भार दिया गया। डा. सूर्य प्रकाश ने उपाध्यक्ष पद ग्रहण करने के पश्चात यह आश्वासन दिया कि उत्तराखंड में और भी अच्छे तीरंदाज बनाए जाएंगे एवं प्रतिभा की खोज की जाएगी जिस से अपने प्रदेश का नाम गौरवपूर्ण हो विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल ने प्रधानाचार्य डा.सूर्य प्रकाश को उपाध्यक्ष बनने की बधाई दी एवं प्रबंध समिति ने इस पद को ग्रहण करने की प्रशंसा की तथा कहा कि इससे स्कूल को तीरंदाजी के खेल को एक नया आयाम हासिल होगा साथ ही देश के लिए एक अच्छे तीरंदाज का निर्माण होगा।

## रंगारंग प्रस्तुतियों पर झूम उठा स्थानीय समुदाय

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आरोही संस्था एवं स्थानीय समुदाय के सहयोग से आयोजित ग्रामीण हिमालयन हाट के तहत आयोजित रंगारंग झलकियों ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया। इस दौरान स्थानीय प्रतिभाओं के लिए खुला मंच आयोजित किया गया जिसमें समुदाय के कलाकारों ने लोक संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। माँ सरस्वती लोक सांस्कृतिक कला केन्द्र हरतोला के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान हुई ऐपण प्रतियोगिता में सोनी सुनाल ने प्रथम, हेमा रावत ने द्वितीय तथा विदुषी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पुरस्कृत हुए। डेली रैफल के परिणामों की घोषणा भी की गई। रात्रि में जन जागृति सांस्कृतिक कला समिति




### ग्रामीण हाट में प्रतिभाओं को मिला मंच

बिन्दुखत्ता हल्द्वानी के कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर आधार शिविर की जानकारी समुदाय के साथ साझा की गई जिसमें आधार संशोधन कार्य रियायती दरों पर मुहैया कराने की बात बताई गई। हिमालयन हाट मेले के तहत विभिन्न विद्यालयों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें नृत्य प्रतियोगिता (जूनियर वर्ग) में प्रथम स्थान चिराग स्कूल जबकि द्वितीय स्थान आरोही बाल संसार एवं सरस्वती शिशु मंदिर मौना को मिला। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान श्रीराम एकेडमी मुक्तेश्वर, द्वितीय जीएचइस एकेडमी रीठा और तृतीय स्थान चिराग स्कूल को प्राप्त हुआ। आरोही संस्था के सहयोग से आयोजित आधार कार्ड संशोधन शिविर में 60 लोगों द्वारा संशोधन कार्य करवाया गया। सांस्कृतिक संध्या में ताराराम कवि एंड पार्टी दाड़िमा ने अपनी लोक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया वहीं रात्रि कार्यक्रम में पर्वतीय लोक सांस्कृतिक उत्थान समिति नथुवाखान के कलाकारों ने ऐसी शानदार प्रस्तुति दी कि पूरा दर्शक वर्ग थिरक उठा। कार्यक्रम में बलाक प्रमुख धारी भावना आर्य ने संस्था के शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की सराहना की और भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया।

## मुद्दों पर 'जनहित' की बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जनहित संस्था नैनीताल की आम बैठक सोमवार को संस्था के संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में श्री राम सेवक सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में संस्था द्वारा विभिन्न सार्वजनिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। सर्वप्रथम नैनीताल शहर में सार्वजनिक रूप से उत्कृष्ट समाजसेवी व कार्यकर्ताओं को सममानित करने पर विचार किया। सदस्यों से आग्रह किया गया कि ऐसे समाजसेवी का नाम संस्था के समक्ष रखे। इसी क्रम में जगमोहन सिंह बिष्ट, महेश चन्द्र आर्य व दिव्या साह द्वारा समाजसेवियों के नाम सुझाएं गये। इसके अलावा बीडी पाण्डे चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं पर पुनः पत्राचार कर कार्यवाही की जाने का फैसला लिया गया। नैनीताल में जिलाधिकारी नैनीताल व लोक निर्माण विभाग को पूर्व में पार्किंग की उचित व्यवस्था न किये जाने पर आक्रोश प्रकट किया गया। तय किया गया कि संस्था स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के मध्य सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन नवंबर के प्रथम सप्ताह में किये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा नगरपालिका परिषद् नैनीताल को संस्था द्वारा बीएम साह पार्क के सम्मुख स्थान पर एक सुलभ शौचालय बनाये जाने के अनुरोध पर कोई कार्यवाही न होने पर आश्चर्य व्यक्त किया गया और इस संबन्ध में पुनः आगे पत्राचार किया जाये। बैठक में संस्था द्वारा गोलघर से पुराना घोड़ा स्टैण्ड तक वरिष्ठ नागरिकों के आवागमन हेतु रैंप हेतु लिखे पत्र पर जिला विकास प्राधिकरण द्वारा कोई कार्यवाही न होने पर पुनः पत्राचार कर अनुरोध किया गया। बैठक में कुछ सदस्यों द्वारा माल रोड में रात्रि 8 बजे के उपरान्त ई-रिक्शा संचालित न होने पर अत्यधिक आक्रोश प्रकट कियाए इस अव्यवस्था से सामान्य जन के लिये रात्रि के समय काफी कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

# भारत टेस्ट जीतने से 58 रन दूर



**नई दिल्ली, वार्ता।** कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह (तीन-तीन) के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन के शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को स्टंप के समय एक विकेट पर 63 रन बना लिए और उसे अभी जीत के लिए 58 रनों की दरकार है।

उसके पास अभी नौ विकेट शेष हैं। चायकाल के बाद जस्टिन ग्रीव्स ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया। उन्होंने 85 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 50 रन बनाए। 119वें ओवर की पांचवी गेंद पर जसप्रीत बुम. राह ने जेडेन सील्स (32) को आउट कर 390 के स्कोर पर फालोऑन खेल रही वेस्टइंडीज की दूसरी पारी का अंत किया। भारत को जीत के लिए 121 रनों का लक्ष्य मिला। जस्टिन ग्रीव्स और जेडेन सील्स ने 10वें विकेट के लिए 79 रन जोड़े। इस जोड़ी ने 22 से अधिक ओवरों तक मिलकर बल्लेबाजी की। इसके

- **दूसरी पारी में स्कोर 63/1 राहुल-सुदर्शन नाबाद लौटे विंडीज ने 121 रन का लक्ष्य दिया**

बाद 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने नौ रन बनाए थे कि दूसरे ओवर में जोमेल वारि. कन ने यशस्वी जयसवाल (आठ) को एंडरसन फिलीप के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये साई सुदर्शन ने केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए रन जोड़े। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने एक विकेट पर 63 रन बना लिए है और उसे जीत के लिए 58 रनों की जरूरत है। केएल राहुल (नाबाद 25) और साई सुदर्शन (नाबाद 30 ) क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले शाई होप ने भोजनकाल के बाद अपना शतक पूरा किया। इसके कुछ देर बाद मोहम्मद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 214 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए 103 रनों की पारी खेली। यह शाई होप ने टेस्ट करियर का तीसरा और भारत के खिलाफ यह उनका पहला टेस्ट शतक था। होप के बल्ले से आठ साल के इंतजार के बाद यह शतक आया है। उन्होंने आखिरी बार 2017 में शतक लगाया था। इसके बाद कुलदीप यादव ने टेविन इमलाक (12), कप्तान रोस्टन चेज (40) और खारी पिएर (शून्य) को अपना शिकार बनाया। वहीं जोमेल वारिकन (तीन) को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड आउट किया। एंडरसन फिलीप (दो) को भी बुमराह ने आउट किया। चायकाल तक वेस्टइंडीज ने नौ विकेट पर 361 रन बना लिए थे। आज सुबह वेस्टइंडीज ने कल के दो विकेट पर 173 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में जॉन कैंपबेल ने छक्का लगाकर अपने टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा किया। उन्होंने अपने शतक के लिए 174 गेंदों का सामना किया। इस दौरान नौ चौके और तीन छक्के लगाए। इसी के साथ वह सात साल बाद भारत के खिलाफ सेंचुरी लगाने वाले वेस्टइंडीज के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले रोस्टन चेज ने यह कारनामा किया था। 64वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने उन्हें पगबाधा आउटकर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। उन्होंने 199 गेंदों में 12 चौको और तीन छक्को की मदद से 115 रनों की पारी खेली।लंच के समय तक वेस्टइंडीज ने तीन विकेट पर 252 रन बनाए थे। भारत की ओर से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज को दो-दो विकेट मिले। वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। उल्लेखनीय है कि भारत पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर घोषित कर दी थी।



## जॉन कैंपबेल ने जड़ा अपने टेस्ट करियर का पहला शतक

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज़ जॉन कैंपबेल ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन धैर्य और दृढ़ता का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा। इसी के साथ वह दक्षिण अफ्रीका के ट्रेवर गोडार्ड के बाद अपना पहला शतक बनाने वाले, दूसरे सबसे धीमे सलामी बल्लेबाज बन गए। कैंपबेल ने रवींद्र जडेजा की गेंद पर छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें यह उपलब्धि 50वीं टेस्ट पारी में हासिल हुई, जो कि उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने अपने शतक को पूरा करने के लिए 174 गेंदों का सामना किया और इस दौरान नौ चौके और तीन छक्के लगाए। मार्च 2023 के बाद से यह किसी वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज का सभी टेस्ट मैचों में पहला शतक है। दक्षिण अफ्रीका के गोडार्ड ने 58 पारियों में अपना पहला शतक बनाया था। 2006 में बासेटेरे में डैरेन गंगा के 135 रनों के बाद भारत के खिलाफ पहला शतक था। यह 2002 में ईडन गार्डन्स में वेवेल हिंड्स के शतक के बाद भारतीय धरती पर किसी वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज का पहला टेस्ट शतक भी है। लंबे समय से प्रतीक्षित यह शतक केवल एक व्यक्तिगत जीत से कहीं बढ़कर है। इसने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम में एक पुनरुत्थान का संकेत दिया हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डेनमार्क ओपन में लक्ष्य, चिराग व सात्विक की जोड़ी करेगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** लक्ष्य सेन और देश की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मंगलवार से शुरू हो रहे डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। लक्ष्य सेन ने पिछले साल पेरिस 2024 में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उसके बाद से वह सीजन अब तक 10 बार पहले दौर से बाहर हो चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले महीने हांगकांग ओपन में रहा, जहां वे उपविजेता रहे। पुरुष एकल वर्ग में सेन के साथ आयुष शेटी भी होंगे। इस साल की शुरुआत में आयुष ने यूएस ओपन 2025 में पुरुष एकल स्पर्धा का खिताब जीता था।

### हरिहरन ने तुर्की इंटरनेशनल चैलेंज में जीते दो युगल खिताब

**तुर्की, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हरिहरन अम्मसकरुनन ने तुर्की इंटरनेशनल चैलेंज 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मिश्रित युगल और पुरुष युगल के दो खिताब जीते। मिश्रित युगल के फाइनल में हरिहरन अम्मसकरुनन और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने 52 मिनट तक चले मुकाबले में इंडोनेशिया के एम नवाफ खोइरियानसयाह और नहया मुहयिफा की जोड़ी को 21-14, 18-21, 21-11 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल में जीत के तुरंत बाद हरिहरन ने एमआर अर्जुन के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल का खिताब भी जीत लिया। भारतीय जोड़ी ने आधे घंटे से भी कम समय तक चले मुकाबले में जापान के यूटो नोदा और शुन्या ओटा की जोड़ी को 21-13, 21-6 से मात दी।

## जोशना चिनप्पा ने जीता जापान ओपन का खिताब

- **भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त हया अली को 11-5, 11-9, 11-6 व 11-8 से हराया**

**जापान, वार्ता।** दो बार की एशियन चैंपियन भारत की जोशना चिनप्पा ने सोमवार को एक बार फिर दमदार प्रदर्शन करते हुए जापान ओपन 2025 स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र की हया अली को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। यहां खेले गए मुकाबले में 39 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त दुनिया की 53वें नंबर की मिस्र की हया अली को 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराकर पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन का समापन किया। यह उनके करियर का 11वां पीएसए खिताब है।

उल्लेखनीय है कि जोशना चिनप्पा की यह हया अली के साथ दूसरी भिड़ंत थी। इससे पहले दोनों स्क्वैश खिलाड़ी ने इस साल बरमूडा ओपन के दूसरे राउंड में एक-दूसरे का मुक. ाबला किया था। इस मुकाबले में जोशना को 11-8, 10-12, 5-11, 11-9, 11-8 से हार का सामना करना पड़ा था। पूर्व विश्व नंबर 10 स्क्वैश खिलाड़ी, जोशना हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 के बाद घुटने की सर्जरी के बाद से शानदार वापसी कर रही हैं। एशियन गेम्स में वह भारत की कांस्य पदक विजेता महिला टीम का भी हिस्सा थीं। जोशना ने इस साल की शुरुआत में युवा स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह के साथ जून में एशियन चैंपियनशिप में महिला युगल का खिताब जीता था। इसके अलावा इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी, जहां उन्हें अनाहत से हार का सामना करना पड़ा और अनाहत चैंपिनय बनीं।

इससे पहले जापान ओपन में, जोशना ने क्वार्टरफाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त नारदीन गरास को 11-8, 15-13, 11-9 से हराया था। इसके बाद सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मिस्र की राणा इस्माइल को 11-7, 11-1, 11-5 से शिकस्त दी। उन्होंने दूसरे राउंड में फ्रांस की पांचवीं वरीयता प्राप्त लॉरेन बाल्टायन को 11-7, 11-4, 11-9 से और अपने पहले मैच में मलेशिया की एनरी गोह को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया था।



## द. अफ्रीका ने पाक को 378 पर रोका



**लाहौर, वार्ता।** सेनुरन मुथुसामी (छह विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान को 378 के स्कोर पर समेटने के बाद लंच तक बिना कोई विकेट खोए 10 रन बना लिए है।

पाकिस्तान ने कल के पांच विकेट पर 313 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में मुथुसामी ने मोहम्मद रिजवान (75) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को छठे सफलता दिलाई। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर नोमान अली (शून्य) और अगली गेंद पर साजिद खान (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। पाकिस्तान का नौवां विकेट शाहीन शाह अफरीदी (सात) के रूप में गिर। उन्हें भी मुथुसामी ने आउट किया। इसके बाद 111वें ओवर की चौथी गेंद पर प्रीनेलान सुब्रायेन ने शतक की ओर बढ़ रहे आगा सलमान (93) को आउटकर पाकिस्तान की पारी का 378 के स्कोर पर अंत कर दिया।

## सैंटनर होंगे टी-20 में टीम के कप्तान

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए मिशेल सैंटनर को टीम का कप्तान बनाया है और स्टार ऑलराउंडर रचिन रविंद्र को भी टीम शामिल किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार रविंद्र चेहरे की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया श्रृंखला से बाहर होने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि सैंटनर हाल ही में हुई पेट की सर्जरी से उबर चुके हैं और शनिवार से क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में टीम की कप्तानी करेंगे। गुरुवार को विदेश से लौटे विलियमसन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से बाहर रहेंगे और 26 अक्टूबर से तौरंगा में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान उनके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रवींद्र की जगह आखिरी समय में टीम में आए जिमी नीशम को तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के रूप में चुना गया है। उनके साथ जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाज भी होंगे। सेंटनर के साथ स्पिन विभाग में माइकल ब्रेसवेल शामिल होंगे। टिम सीफर्ट विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। टीम को लेकर न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद, एक और विश्व स्तरीय टीम का हमारे यहां आना बहुत अच्छा है। हम जानते हैं कि हैरी ब्रुक और उनके टी-20 खिलाड़ी कितना रोमांचक क्रिकेट खेलते हैं और मुझे यकीन है कि हमारे खिलाड़ी इस चुनौती का डटकर सामना करने के लिए उत्सुक हैं। मिशेल की वापसी बहुत अच्छी है। हमारे कप्तान होने के साथ-साथ, वह दुनिया के सबसे बेहतरीन सीमित ओवरों के स्पिनरों में से एक हैं और उनका कौशल और अनुभव स्वागत योग्य होगा। इसी तरह, रचिन का भी स्वागत है, जो दुर्भाग्य से ऑस्ट्रेलिया दौरे से चूक गए थे और मुझे पता है कि वह इस श्रृंखला के लिए बहुत उत्साहित हैं। इंग्लैड के खिलाफ न्यूजीलैंड की टी-20 टीम इस प्रकार है :- मिशेल सैंटनर, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक आदि।

## शैनन टैन ने जीता गोल्फ महिला इंडियन ओपन का खिताब

- **आखिरी राउंड से पहले संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही टैन ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और 5 अंडर का स्कोर बनाया**

**गुरुग्राम, वार्ता।** सिंगापुर की शैनन टैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला इंडियन ओपन 2025 गोल्फ का खिताब अपने नाम किया। जीतकर लेडीज़ यूरो. पियन टूर (एलईटी) में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। भारत की हिताशी बख्शी तीसरे स्थान पर रही। टैन ने पिछले साल मैजिकल केन्या महिला ओपन में अपना पहला एलईटी गोल्फ खिताब जीता था और जून में अमुंडी जर्मन मास्टर्स में जीत दर्ज की थी।

उन्होंने रविवार को गुरुग्राम के डीएफएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में कुल सात अंडर 281 का स्कोर बनाया और इंग्लैंड की एलिस हेवसन को पछाड़कर खिताब जीता। रविवार को आखिरी राउंड से पहले संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही टैन ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और पांच अंडर का स्कोर बनाया। आखिरी होल में हेवसन ने टैन पर एक शॉट की बढ़त बनाए रखी, लेकिन डबल बोगी के साथ सीधे पानी में चली गईं। टैन आखिरी होल में बर्डी पुट चूक गईं, लेकिन फिर भी नाटकीय अंदाज में खिताब जीत लिया। जीत के बाद टैन ने कहा कि मैं अभी भी सदमे में हूं। इस हफ्ते बहुत कुछ हुआ, शुरुआत में वीजा मिलने में देरी और मंगलवार को यहां पहुंचने तक। जो कुछ हुआ उससे मैं सदमे में हूं, लेकिन मैं सचमुच आभारी हूं और खुश हूं कि मुझे यहां खेलने का मौका मिला। शीर्ष पर चल रही भारत की हिताशी बख्शी का अंतिम राउंड कुछ खास नहीं रहा और वह चार ओवर 76 का स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर रहीं। हिताशी 54 होल के बाद दो शॉट की बढ़त बनाए हुए थीं और टैन से सात शॉट आगे थीं। अंततः वह सिंगापुर की खिलाड़ी से दो शॉट पीछे रहीं और अपना पहला एलईटी खिताब जीतने से चूक गईं। दो अन्य भारतीय गोल्फर शीर्ष पांच में रहीं, प्रणवी उर्स (चार अंडर) चौथे स्थान पर रहीं और अवनि प्रशांत (तीन अंडर) ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। वाणी कपूर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं। दो बार की दीक्षा डागर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह 10 ओवर के कुल स्कोर के साथ 41वें स्थान पर रहीं।

## सूर्यवंशी बने बिहार रणजी टीम के उपकप्तान

- **बीसीसीआई के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोशिएशन को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा**

**पटना, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी को बुधवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के शुरुआती दो राउंड्स के लिए बिहार की टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। टीम की कमान साकिबुल गनी को दी गई है।

सीजन के शुरु होने से दो दिन पहले यह घोषणा हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोसिशन (बीसीबी) को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा। बीसीबी को जल्द पांच सदस्यीय चयन समिति गठित करने का निर्देश दिया गया है। सूर्यवंशी की यह नियुक्ति उनकी शानदार



फॉर्म के कारण हुई है। उन्होंने हाल ही में भारत अंडर-19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शीर्षक्रम में तेज शुरुआत दी। उन्होंने ब्रिसबेन में पहले चार दिवसीय मैच में 78 गेंदों में शतक जड़ा और तीन पारियों में 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती। इससे पहले इंग्लैंड दौरे पर भी सूर्यवंशी का बल्ला खूब बोला था। उन्होंने वॉर्सेस्टर में 143 रन की पारी खेली, जो युवाओं के एकदिवसीय मुकाबलों में सबसे तेज शतक था। पांच मैचों में उन्होंने 174-01 की स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए और सीरीज के सर्वाधिक रन स्कोरर रहे। 14 वर्षीय सूर्यवंशी ने जनवरी 2024 में 12 वर्ष और 284 दिन की उम्र में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। अब तक वह पांच प्रथम श्रेणी मैचों में 10 पारियों में 100 रन बना चुके हैं, जिसमें सर्वाधिक स्कोर 41 है। भारत अंडर-19 की प्रतिबद्धताओं के कारण उन्हें रणजी में लगातार खेलने का अवसर नहीं मिला है। इस साल की शुरुआत में सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से गुजरात टाइटंस के खिलाफ़ 101 रन (38 गेंद) बनाकर इतिहास रचा था। वह पुरुषों के टी-20 में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज़ बने। आईपीएल 2025 में उन्हें 13 वर्ष की उम्र में चुना गया था, जिससे वह लीग के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने 7 मैच खेले, सभी में ओपनिंग की, और 206-55 की स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। बिहार ने 2024-25 रणजी सीजन में बेहद खराब प्रदर्शन किया था और टीम को एक भी जीत नहीं मिली। सात में से छह मैच हारने के बाद उन्हें केवल एक अंक मिला और टीम प्लेट ग्रुप में चली गई।

## आखिरी छह ओवरों में खराब बल्लेबाजी से हारे: हरमनप्रीत कौर

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि आखिरी ओवरों में निचले क्रम की बल्लेबाजी के अचानक ढह जाने से हम 30 से 40 रन पीछे रहे गए और इसी कारण हमें हार का सामना करना पड़ा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा कि जिस तरह हमने शुरुआत की, लगा था कि अगर हम 30-40 रन और जोड़ पाते तो फर्क पड़ता। आखिरी छह-सात ओवर में हम रन नहीं बना सके और वही हमें महंगा पड़ा।

विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था, लेकिन आखिरी छह ओवरों का हम पूरा लाभ नहीं ले पाए।पहले 40 ओवर बहुत अच्छे रहे, लेकिन अंतिम 10 ओवरों में हम सही तरीके से एक्सिक्यूट नहीं कर पाए। मैचों में ऐसा होता है, हर दिन शत प्रतिशत नहीं हो सकता, लेकिन यह अहम है कि वापसी कैसे करें। भारतीय टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि मेरे हिसाब से क्रिकेट में फिनिश बहुत अहम होता है। मैं हमेशा कहता हूं। हां, अच्छी शुरुआत चाहिए लेकिन उससे भी बेहतर अंत चाहिए। दक्षिण अफ्रीका मैच में हमने आखिरी पांच ओवर में खराब गेंदबाजी की और वो गेम गंवाया। आज भी अगर हम 20 रन और बना लेते,



तो नतीजा अलग हो सकता था। लेकिन यह सब प्रक्रिया का हिस्सा है। बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। हमारी सबसे बड़ी सीख यही है कि हमें बेहतर फ़िनिश करना सीखना होगा। मजूमदार ने कहा कि इस मैच के बाद हम निश्चित रूप से इसका विश्लेषण करेंगे। टीम प्रबंधन इस पर चर्चा करेगा और अगले मैच के लिए सही फैसला लेगा। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच के बाद हमने लंबी चर्चा की कि बल्लेबाजी अप्रोच कैसी होनी चाहिए।

## भारत की पुरुष टेबल टेनिस टीम को हांगकांग ने 3-0 से हराया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय पुरुष टीम की एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 में पदक जीतने की उम्मीदें क्वार्टर फाइनल में हांगकांग से 3-0 से हार के साथ खत्म हो गईं। रविवार रात कलिंगा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में विश्व के 72वें नंबर के खिलाड़ी मानुष शाह ने घरेलू टीम के लिए पुरुष एकल टेबल टेनिस रैंकिंग में 48वें स्थान पर काबिज वोंग चुन-टिंग के खिलाफ शुरुआत की और 3-0 (11-5, 11-9, 13-11) से हार गए। विश्व के 39वें नंबर के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकल खिलाड़ी मानव ठक्कर ने दूसरे मैच में 59वें स्थान पर काबिज चैन बाल्डविन को कड़ी टक्कर दी, लेकिन 3-2 (11-8, 11-8, 10-12, 9-11, 11-8) से हार गए। भारत को मुकाबले में बनाए रखने के लिए खेलते हुए, युवा अंकुर भट्टाचार्य ने जोरदार प्रयास किया, लेकिन अंततः लैम सियु हांग के खिलाफ 3-2 (7-11, 11-9, 12-14, 11-6, 11-7) से हार गए।

CMYK



### भगवानपुर नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में विकास कार्यों के प्रस्ताव पास

# कस्बे का किया जा रहा बुनियादी विकास : गुलबहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** सोमवार को नगर पंचायत भगवानपुर की बोर्ड की बैठक नगर पंचायत के सभाकक्ष में मों. गुलबहार अध्यक्ष की अध्यक्षता में आहूत की गयी।

बोर्ड बैठक में, नगरवासियों को डोर टू डोर कूड़ा कलैक्शन, हेतु 01 ट्रैक्टर मय ट्रॉली व 01 टाटा एस क्रय किया जाना, ओपन जिम पार्क निर्माण, डोर टू डोर कूड़ा क्लेक्शन, डस्टबिन क्रय किया जाना, चौराहों/ तालाबों/पार्कों का सौन्दर्गीकरण तथा पथ प्रकाश व्यवस्था हेतु मिनी हाई मास्ट एल०ई०डी० लाईट की व्यवस्था किये जाने सफाई व्यवस्था को सही करने हेतु आवश्यकतानुसार डस्टबिन कय करने तथा पथ प्रकाश व्यवस्था के हेतु 1000 एल०ई०डी० लाईट कय करने, सार्वजनिक शौचालय का निर्माण, मोबाईल टॉयलेट क्रय, फोगिंग मशीन क्रय किये जाने के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये, जिसे बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया इसके अतिरिक्त बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से शाहरूख अवर अभियन्ता को नगर



पंचायत भगवानपुर के अतिरिक्त कार्यभार से कार्यमुक्त करने का निर्णय लिया गया। चेयरमैन मो. गुलबाहर ने कहा किकस्बे के बुनियादी विकास के लिए प्रस्ताव रखे गए और जो सभी सभासदों की सर्व सम्मति से पास किए गए हैं उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र का चहुमुखी विकास करना ही उनका मकसद है और वहनगर पंचायत के तमाम अधिकारियों कर्मचारियों व सभासद गांव को साथ लेकर पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी के साथ कस्बे का विकास कर रहे हैं उन्होंने यह भी कहा किनगर पंचायत क्षेत्र में बिना भेद -भाव सभी वर्गों का विकास कराया जाएगा। उक्त के अतिरिक्त समस्त सभासदगणों द्वारा बोर्ड बैठक में प्रस्तावित किये गये समस्त विकास /निर्माण कार्यों के प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया है। बोर्ड बैठक में गुलबहार अध्यक्ष व अंकित राणा अधिशासी अधि कारी, श्री जुनैद गौड अपर सहायक अभियन्ता तथा वार्ड सभासद किरत पाल, मोकम सिंह, सलमान, हसीन, शहनवाज, सलीम, कु० रजनी, श्रीमती अर्चना व कार्यालय कर्मचारी इन्द्र सिंह रावत व सरिता लिपिक, आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 1 किलो 400 ग्राम चरस के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक नशा तस्कर को दबोच कर उसके पास से 1 किलो 400 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान 2025 के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/ चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में भगवानपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत दौराने चौकिंग दिनाक 12/10/2025 को अभियुक्त शावेज उर्फ मौहम्मद मियां पुत्र महबूब निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना जिला सहारनपुर उ0प्र0 को 01 किलो 400 ग्राम अवैध चरस के साथ हसनपुर मदनपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 342/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। वहीं 'पुलिस टीम में उ0नि0 विनय मोहन, कानि0 अनिल तोमर, कानि0 विकेटश्रवर आदि शामिली रहे।

## विधायक ने किया सोनाली पुरम वेलफेयर के दीपावली मेले का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सोनाली पुरम वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित भव्य दीपावली मेला रंग, रोशनी और उत्साह से भरपूर रहा। मेले का शुभारंभ विधायक प्रदीप बत्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व हमें प्रकाश, सकारात्मकता और एकता का संदेश देता है। इस तरह के आयोजन समाज में आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना को और मजबूत करते हैं।

मेले में स्थानीय कारीगरों और महिला उद्यमियों द्वारा स्थापित स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे, जहाँ स्वदेशी वस्तुएं, हस्तशिल्प और घरेलू उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। विधायक बत्रा ने सभी स्टॉलों का अवलोकन कर प्रतिभागियों की सराहना की और उन्हें आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अनीता ललित अग्रवाल, श्री ललित मोहन अग्रवाल, पार्षद श्रीमती देवकी जोशी, पार्षद प्रतिनिधि श्री रमेश जोशी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। मेले के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी मनोरम बना दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों और नृत्यों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विधायक प्रदीप बत्रा ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि, "सोनाली पुरम वेलफेयर एसोसिएशन समाज सेवा और सांस्कृतिक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच और छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलता है।" पूरे आयोजन के दौरान दीपों की जगमगाहट और उल्लास ने दीपावली के आगमन की झलक प्रस्तुत की। रुड़की। सोनाली पुरम वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित भव्य दीपावली मेला रंग, रोशनी और उत्साह से भरपूर रहा।

## आज बदलेगा रूट प्लान, देखकर निकलें घर से

**❖किसान महापंचायत के चलते पुलिस ने तैयार किया रूट प्लान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय किसान यूनियन (रोड) द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर नगर निगम के पास 14 अक्टूबर को महापंचायत प्रस्तावित है। महापंचायत के दृष्टिगत् समय कल 14 अक्टूबर सुबह 11:00 बजे से लगभग 1700 बजे (समाप्ति तक) पुलिस ने यातायात प्लान जारी किया है। जो कि निम्न प्रकार से रहेगा।

01.गांव वाजूहेडी (कांवड पटरी) से रुडकी शहर में आने वाले समस्त वाहनो को सोलानी नहर पटरी पुल (नीला पुल) से डायवर्ट कर वाया सोलानी नदी पुल एटूजेड मलकपुर चुंगी होते हुये रुडकी शहर को भेजा जायेगा। 02. कलियर, मेवडपुल (पुरानी गंगनहर पटरी) से रुडकी शहर को आने वाले समस्त वाहनो को सोलानी पार्क पुल (निकट जल पुलिस चौकी से डायवर्ट कर वाया सोलानी नहर पटरी पुल (नीला पुल) से सोलानी नदी पुल एटूजेड मलकपुर चुंगी होते हुये रुडकी शहर को भेजा जायेगा।

03. गोशाला तिराहा, नेहरु स्टेडियम से सिविल लाईन में आने वाले वाहनो को नया पुल से डायवर्ट कर वाया बोट क्लब रुडकी टाकीज से गंन्तव्य को भेजा जायेगा। 04. टैंक चौक से नगर निगम पुल की ओर जाने वाले समस्त वाहनो को अग्रसैन चौक बोट क्लव रुड़की से डायवर्ट कर वाया रुडकी टाकीज मलकपुर चुंगी को भेजा जायेगा। पार्किंग व्यवस्था:-05. लक्सर, मंगलौर, झबरेडा से महापचांयत मे आने वाले समस्त टैक्टर ट्राली को मिलीट्री चौक-टैंक चौक नहर पटरी बोट क्लव रुड़की के पास कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग परिसर में पार्क कराया जायेगा। 06. भगवानपुर से महापंचायत में आने वाले समस्त टैक्टर ट्राली को टैंक चौक नहर पटरी बोट क्लव रुडकी के पास अभियन्ता कार्यालय परिसर मे पार्क किया जायेगा। 07. हरिद्वार, बेल्डा गांव से पहापंचायत में आने वाले समस्त टैक्टर ट्राली को मलकपुर चुंगी नगर निगम पुल नहर पटरी नया बुद्ध बाजार गाउण्ड मे पार्क किया जायेगा। 08. महापंचायत में आने वाले चारपहिया / दोपहिया वाहनो को चौपाटी वाजार पार्किंग में पार्क किया जायेगा। 09.उपरोक्त सभी पार्किंग के भर जाने की स्थिति में वाहनो को मलकपुर चुंगी के पास खाली जगह मे पार्क किया जायेगा। पटियाला लस्सी चौक, नगर निगम पुल पर यातायात का दबाव बढने की स्थिति में रुट प्लान 01. नगर निगम पुल से मलकपुर चुंगी की ओर वाहनो को वनवे किया जायेगा। 02 प्रेम मन्दिर चौक से गंगा ब्रिज दीनदयाल पुल की ओर वाहनो को वनवे किया जायेगा।

एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने निर्देश दिए है कि यातायात व्यवस्था हेतु प्रभारी यातायात पुलिस / प्रभारी सीपीयू के साथ-साथ प्रभारी कोतवाली रुड़की, प्रभारी कोतवाली गंगनहर द्वारा समय से पूर्ण डियुटीयां नियुक्त की जायेगी व साथ ही जिन मार्गो से उक्त महापंचायत में टैक्टर प्रतिभाग करने आयेंगे वे सभी थाने अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत यातायात व्यवस्था हेतु डियुटियों को समय से लगाना सुनिश्चित करेंगे।

### दीपावली के मद्देनजर झबरेड चेयरमैन ने व्यापारियों से की वार्ता

# आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाएं त्योहार : किरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** नगर पंचायत झबरेड़ा कार्यालय पर सोमवार को कस्बे वासियों तथा व्यापारियों की बैठक दीपावली के त्यौहार को सुख शांति व सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी द्वारा सहयोग करने को कहा है। उन्होंने व्यापारियों से कस्बे के बाजार में अतिक्रमण न करने के लिए भी सहयोग मांगा है। नगर पंचायत अध्यक्ष झबरेड़ा किरण चौधरी ने कस्बे के व्यापारियों व कस्बे वासियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली के त्यौहार पर पटाखे बेचने वाले दुकानदार अपना लाइसेंस अवश्य बनवा ले। तथा पटाखे बाजार में न बेचकर नगर पंचायत द्वारा तय किए गए बाजार से बाहर खुले मैदान में निर्धारित स्थान पर ही पटाखे बेचे। बाजार में दीपावली के त्योहार पर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रहाको की अधिक भीड़ होती है इससे वहां पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। दुकानदार अपना सहयोग करते हुए जितना भी हो सके दुकान का अपना सामान सड़क पर न रखें। उन्होंने कहा कि दीपावली के दिन मुख्य बाजार में चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। इसमें उन्होंने पुलिस से भी सहयोग मांगा । क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति ने कहा कि अगर कस्बे के दुकानदार चाहे तो कस्बे के बाजार में अतिक्रमण नहीं हो सकता। सभी दुकानदार दीपावली पर अपनी दुकानों का सामान सड़क



पर न रखकर अपनी दुकान में ही बनाए रखें। इससे जाम की स्थिति पैदा नहीं होगी तथा जाम नहीं लगने की दिशा में दुकानों पर अधिक ग्राहक आएंगे इससे दुकानदारों को लाभ मिलेगा । पूर्व राज्य मंत्री डॉ गौरव चौधरी ने कहा कि सभी कस्बे वासी हिंदू हो या मुसलमान दीपावली का त्यौहार सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाते हुए दीपावली के दिन अपने घर के बाहर एक दीपक अवश्य जलाएं। थानाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि दीपावली के त्योहार पर पटाखे बेचने वाले अपना लाइसेंस अवश्य बनवा ले। कोई भी दुकानदार बिना लाइसेंस के पटाखे बेचते पाया गया तो उस पर कानूनी कार्रवाई अवश्य की जाएगी। त्योहारों पर माहौल खराब करने वालों को किसी कीमत पर नहीं बक्शा जायेगा। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत राजेंद्र सिंह ओमपाल सिंह यशवीर सिंह सभासद अनुज सैनी सलमान सत्र शुभम गोयल गौरव चौधरी महेंद्र शर्मा राव कुर्बान अली बच्चू जैन कानून को सुशील कुमार लेखपाल नीलम देवी अनिल गुप्ता राजीव कुमार जय भगवान आदि उपस्थित रहे।

## आपरेशन लगाम के तहत कार्रवाई नशे में वाहन चलाते एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन लगाम के तहत ओवर स्पीड, रैश ड्राइविंग, वाहन चालाते मोबाइल का प्रयोग करना, नशे में वाहन चालान, मोडिफाईड/रेट्रो साईलेन्सर,, नाबालिंग द्वारा वाहन चलाना, ओवर लोडिग, ट्रिपल राईडिग आदि के विरुद्व चलाये गये अभियान को सफल बनाने के लिये एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में यातायात के नियमो का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्व कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में पुलिस टीमें निकालकर वाहन चौकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें एक व्यक्ति को शराब पीकर वाहन चलाते । व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया 'गिरफ्तार व्यक्ति अन्तर्गत धारा 185/207 में प्रीतम पुत्र राजपाल नि ग्राम तगीपुर थाना बेहट सहारनपुर का वाहन सीज किया।

**नाम परिवर्तन-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम परिवार रजिस्टर में भूलवश अजय दर्ज हो गया था जो गलत है। मेरा सही नाम **सुभाष पुत्र घसीटू नि. मौहम्मदपुर बुजुर्ग विकासखण्ड व तहसील लक्सर जिला हरिद्वार** के नाम से ही जाना पहचाना पढा लिखा व दर्ज किया जाये।

## मारपीट में बाप बेटा घायल

**लंढौरा।** पैसे लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें बाप बेटा घायल हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संघीपुर निवासी इकराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि लंढौरा निवासी एक व्यक्ति पर उसके तेईस लाख रुपये है। सोमवार को वह अपने पुत्र के साथ लंढौरा में पैसे लेने गया था। आरोप है कि जब उसने अपने पैसे मांगे तो पांच लोगों ने लात घूंसों से हमला बोल दिया। इसमें वह उसका पुत्र अजीज घायल हो गए। चौकी प्रभारी महिपाल सैनी का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राओं ने

# मॉडलों से समाज व संस्कृति से कराया रूबरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज में समाज शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष नीरा पाहवा के नेतृत्व में भारतीय समाज और संस्कृति विषय पर आधारित मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय की प्रबंधिका मिस जे सिंह व प्राचार्या डॉक्टर अमीता श्रीवास्तव ने रिबन काटकर किया।

इस दौरान प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा अनेकता में एकता, संयुक्त परिवार, भारतीय संगीत, नृत्य,योग, आश्रम व्यवस्था, विवाह व्यवस्था, गुरुकुल प्रणाली, आश्रम व्यवस्था पर सुंदर और आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी ! कॉलेज की प्रबंधिका मिस जे सिंह ने कहा की इस कार्यशाला का आयोजन का महत्व छात्राओं में उनके भीतर छिपी प्रतिभा को प्रस्तुत करना व अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ाना है ! निर्णायक मंडल में सीमा पांडे और रश्मि रही। प्रतियोगिता में नेहा,असका, अंजलि,आकांक्षा,लवीशना प्रथम वशिका,पलक द्वितीय और ट्विंकल,आतिफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विजेता



छात्राओं को प्रचार्या डॉ अमिता श्रीवास्तव द्वारा प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रही।

## इंसानियत वेलफेयर ट्रस्ट ने चलाया नशा जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** रविवार को रहनुमा ए इंसानियत वेलफेयर ट्रस्ट भगवानपुर की ओर से गांव छापुर में नशा मुक्त जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष अब्दुल्ला नफीस ने गांव में फैली तमाम बुराइयों के ऊपर रोशनी डाली और लोगों को संगठित होकर गांव को नशा मुक्त करने का आह्वान किया मुफ्ती अब्दुल वाहिद ने नशे से होने वाली तमाम बुराइयों से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया और अपने नौजवान बच्चे और बच्चियों को नशे से दूर रहने एवं जिन चीजों से नशा होता है ओर नशे की लत से बचने के लिए गांव के लोगों को समझाया और दहेज जैसी रस्मों को खत्म करने वे शादियों में पटाखे डीजे और खड़े होकर खाना खाने एवं दूसरी बुराइयों को खत्म करने के लिए गांव के अंदर एक टीम गठित करने का आह्वान किया। सचिव मास्टर मोहम्मद रिजवान ने सभी गांव वालों को हर बच्चे को स्कूल कालेज वे मदरसे से तालीम हासिल कर के बच्चे अपने घर परिवार का नाम रोशन करने को हौसला बढ़ाया । मौलाना मुशर्रफ साहब ने लोगों को शादियों में नई रस्म वे दहेज का बाई काट करने के लिए कहा गया ।

डॉक्टर इरकान व एडवोकेट सरफराज ने भी अपने विचार रखें और लोगों को अपने कागजात को दुरुस्त करने का आह्वान



किया। इस मौके पर छापुर शेर अफगनपुर के जिम्मेदार हाफिज इकबाल साहब,डॉक्टर नदीम साहब,मास्टर तौफीक साहब,हाफिज सलीम साहब, मौलाना जुबेर साहब,अब्दुल बारी साहब,भाई मोहम्मद रिजवान,डॉक्टर अब्दुल सत्तार साहब,अब्दुल कबीर साहब ,मोहम्मद आरिफ साहब, अब्दुल कबीर साहब,अब्दुल वहाब साहब, मोहम्मद आरिफ साहब,कारी मोहम्मद अहमद साहब,प्रधान मोहम्मद मुर्तजा साहब,भाई दाऊद साहब आदि और सैकड़ो लोगों ने शिरकत की.।

### चलो अबकी बार इस दीपावली कुछ अच्छा करें

# निर्बल व वंचित को शिक्षित बनाने की लें शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दीवाली, जिसे दीपावली भी कहा जाता है, भारत का सबसे बड़ा और पवित्र त्यौहार है। यह "प्रकाश का पर्व" कहलाता है। यह त्यौहार हर वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है, जो सामान्यत: अक्टूबर या नवंबर महीने में आती है।

दीवाली का संबंध भगवान राम के जीवन से जुड़ा है। कहा जाता है कि जब भगवान राम चौदह वर्षों का वनवास पूरा कर और रावण का वध करके अयोध्या लौटे, तो अयोध्यावासियों ने उनके स्वागत में पूरे नगर को दीपों से सजाया था। उसी दिन से यह पर्व "दीपावली" के नाम से मनाया जाने लगा। दीवाली से पहले लोग अपने घरों की पूरी सफाई करते हैं, नए कपड़े और सजावट की वस्तुएँ खरीदते हैं। घरों, दुकानों और सड़कों को दीपक, मोमबत्तियों, लाइटों और रंगोली से सजाया जाता है। इस दिन लोग मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करते हैं ताकि उनके जीवन में समृद्धि, शांति और सौभाग्य बना रहे। दीवाली न केवल धार्मिक महत्व वाला त्यौहार है, बल्कि यह आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर



अच्छाई की हमेशा विजय होती है।यह त्योहार हमें सिखाता है कि हमें अपने जीवन में अच्छाई, प्रेम और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। डॉ अनुज शर्मा ने कहा की दीवाली के दिन हम दीपक से दीपक प्रज्वलित करके एक सुंदर दीपमाला बनाते हैं। यह दीपमाला अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक होती है। जब हम एक दीपक से दूसरे दीपक को जलाते हैं, तो यह हमें सिखाता है कि जैसे एक दीपक अपना प्रकाश बाँटकर दूसरे को भी प्रकाशित करता है, वैसे ही हमें भी अपने ज्ञान, प्रेम और खुशियाँ दूसरों के साथ बाँटनी चाहिए।इसी प्रकार इस सांसारिक बेला में इस दिवाली यह प्रण लें कि अपने जीवन में हम किसी निर्बल या वँचित बच्चे को शिक्षित करंगे-तो वह दिन दूर नहीं होगा जब हमारे समाज में कोई भी बच्चा अशिक्षित नहीं होगा, और हम नये और उत्तम समाज का नवनिर्माण कर पायेंगे- और यह हम कर सकते है। आओ एक साथ हाथ से हाथ मिलकर समाज के प्रति इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वाहन करें- और एक खुशहाल समाज की स्थापना करे- जहाँ कोई भी बच्चा अशिक्षित या दुखी ना हो। कोई भी बच्चा बालमजदूरी को विवाह ना सके- हम सब मिलकर आओ इस दिवाली यह प्राण लें। और खुशियों,मिठाई के साथ साथ शिक्षा के भी वाहक बने। और हम सभी यह पवन त्योहार हर्षों उल्लाहस के साथ एक साथ मिलकर बनायें।

**डा. अनुज शर्मा**
**डीन मदरहुड युनिवर्सीटि**

## वोट चोरी को लेकर कांग्रेसियों का केंद्र सरकार के खिलाफ हल्लाबोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कस्बे में आज उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी शैलजा कुमारी पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की सरकार के द्वारा कई जगह पर देश में चुनाव आयोग से मिलीभगत कर सरकार बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा सभी लोगों को 2027 के चुनाव में अपनी वोटर लिस्ट ध्यान से देख लेनी चाहिए क्योंकि यह लोग कुछ ऐसा भी करते हैं वही वोट उत्तराखंड वही मध्य प्रदेश वही हरियाणा आदि में पहुंचा देते हैं और लोगों के साथ धोखाधड़ी करते हैं शैलजा कुमारी ने कहा कि अगर इस बार कांग्रेस कार्यकर्ता सही तरीके से अपने बूत को मजबूत करेंगे



तो सरकार आने से कोई नहीं रोक सकता। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि इस बार ऐसे लोगों से भी सावधान रहा जाएगा जो अपने वोटर को भी बहका देते हैं। उन्होंने कहा इस सरकार में आईपीएस अधिकारी इतने परेशान हो जाते हैं कि खुद ही अपने आप को गोली मार लेते हैं। इस मौके पर वीरेंद्र रावत विधायक फुरकान अहमद विधायक अनुपमा रावत विधायक रवि बहादुर पूर्व विधायक तस्लिम अहमद पूर्व विधायक रामजस बालेश्वर सिंह संजय सैनी करणपाल प्रधान बंजारा गुरजर ताहिर हसन ईरसाद अंसारी आरिफ प्रधान रहीश अहमद आदि मौजूद रहे।

CMYK

# बिहार पर नजर

सोमवार को चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा 7 अन्य राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 8 सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को चुनाव कराए जा रहे हैं। बिहार के दूसरे चरण के चुनाव के साथ ही पंजाब, राजस्थान, उड़ीसा, झारखंड, तेलंगाना, मिजोरम तथा जम्मू कश्मीर विधानसभा के उपचुनाव 11 नवंबर को कराए जाने हैं। यह अधिसूचना ऐसे समय में आई है, जब जनता दल आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव को राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार मामले में उन पर आरोप तय कर बड़ा झटका दिया है। इससे बिहार चुनाव में एक नया मोड़ आ गया है। चुनाव आयोग की घोषणा के अनुसार मतगणना 14 नवंबर को कराई जाएगी। इसमें कोई दोराय नहीं कि बिहार के विधानसभा चुनाव पर पूरे देश ही नहीं बल्कि विदेशों की भी नजर है। यूं भी चुनाव आयोग बिहार में एसआईआर कराने के बाद वहां चुनाव कराने जा रहा है। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर आरोप भी लगते रहे हैं कि उसने अपनी मनमानी के चलते बड़ी संख्या में लोगों को चुनाव से वंचित कर दिया, विशेषकर हाशिए पर पड़े लोगों को। विपक्ष ने इसको बड़ा मुद्दा भी बनाया है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस समय चुनाव आयोग के सामने पारदर्शी व निष्पक्ष रूप से बिहार के विधानसभा चुनाव कराना बड़ी चुनौती बना है, क्योंकि बिहार ही नहीं कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि वह वोट चोरी कराता है। कांग्रेस अध्यक्ष एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी खुलकर इस तरह के सबूत भी दे चुके हैं जिससे संदेह होता है कि कहीं न कहीं वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है या वह हो रही है। जहां तक बात चुनाव आयोग की है वह बराबर राहुल गांधी के आरोपों से इन्कार करता रहा है, लेकिन कोई ठोस तर्क इसकी तरफ से कोई देखने में नहीं आया है। इस बात का चुनाव आयोग ने अब तक कोई ठोस जवाब नहीं दिया है कि एकाएक किसी विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदाता कैसे जोड़े गए या कहीं उनके नाम काट दिए गए। एक नहीं दर्जनों स्थानों पर ऐसा भी देखने में आया है जहां एक ही कमरे के पते पर हजार वोटों से ऊपर दर्ज हैं। होना तो यह चाहिए था कि चुनाव आयोग आगे आकर यह कहता कि वह इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष तरी से जांच कराएगा। इसके उलट वह राहुल गांधी से ही उस संबंध में शपथपत्र मांग रहा है। इससे और संदेह पैदा होता है। जबकि चुनाव प्रक्रिया में किसी तरह का संदेह नहीं होना चाहिए और सबसे बड़ी बात चुनाव आयोग को अपनी कार्यशैली से कभी भी ऐसा नहीं लगना चाहिए कि वह सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रहा है, क्योंकि अगर चुनाव ही निष्पक्ष नहीं होंगे, तो यह हमारी पूरी लोकतंत्र प्रणाली के लिए बेहद घातक सिद्ध होगा और उस सरकार की विश्वसनीयता ही क्या रह जाएगी जिस पर धांधली से सत्ता में आने के आरोप लगे हैं। यही कारण है कि बिहार के विधानसभा चुनाव पर सबकी नजर लगी हुई है। यह अच्छी बात है कि पिछली बातों से सबक लेकर इस बार चुनाव आयोग ने वहां दो चरणों में चुनाव कराने का फैसला लिया है, क्योंकि जब पिछले चुनाव हुए थे तो वह सात चरणों में हुए थे। इसको लेकर चुनाव आयोग की आलोचना भी हुई थी। अब जबकि दूसरे चरण की अधिसूचना जारी हो गई है, उम्मीद की जानी चाहिए कि चुनाव आयोग बेहतर काम करेगा।

## खेल अब केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं



उप्र सरकार ने विगत 3 वर्षों में 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस और विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई है, खेल, व्यक्ति को स्वस्थ रखने का एक माध्यम है, खेल अब केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं है, अपितु यह जीवन की आवश्यकता एवं स्वावलंबन का आधार भी है, विधायक और सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं में आठ खेल विधाओं को हमने शामिल किया है, हमारे युवाओं को प्रतिस्पर्धा का जब उचित अवसर प्राप्त होता है, तो वे अपनी प्रतिभा की छाप राष्ट्रीय स्तर पर छोड़ते हैं, विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का अभियान सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप**

# मानव जीवन में मादक पदार्थों से नुकसान तथा उनसे बचाव

**प्रो. आरके सिंह**

भारत में युवा पीढ़ी में मादक द्रव्यों का दुरुपयोग अप्रत्याशित ढंग से बढ़ा है। आधुनिक समय के जीवन के तनाव ने व्यक्ति को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग की समस्या की ओर उन्मुख कर दिया है। शराब एवं मादक द्रव्यों की लत से न केवल सेवन करने वाले व्यक्ति बल्कि परिवार एवं समाज को भी बहुत ही प्रभावित करता है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी (10-75 वर्ष के बीच की) विभिन्न प्रकार के नशे की चपेट में है। पूरी दुनिया में लगभग 30 लाख करोड़ का है नशे का कारोबार, जिसके चलते शराब और नशीली दवाओं के सेवन से प्रतिवर्ष 30 लाख से अधिक मौतें होती हैं, जिनमें से अधिकांश पुरुषों की होती हैं। ये आंकड़े हर मां-बाप के लिए चिंता. जनक हैं। इन मादक द्रव्यों और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम में माता-पिता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए माता-पिता को बिना शर्त प्यार देना चाहिए, अपने बच्चे के आत्म-सम्मान को मजबूत करना चाहिए और अच्छे विशेषज्ञों या डॉक्टर की मदद लेने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए।

**मादक पदार्थों के विरुद्ध सरकारी प्रयास**

मादक पदार्थों के विरुद्ध का अर्थ है नशीले पदार्थों के सेवन, निर्माण, तस्करी और व्यापार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए किए जाने वाले प्रयास, जिसमें कानून बनाना, सख्त कानून लागू करना, सार्वजनिक जागरूकता फैलाना और साम. ुदायिक स्तर पर हस्तक्षेप शामिल है। भारत में 1985 में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस NDPS एक्ट लागू किया गया था, जो मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन के खिलाफ कड़े प्रावधानों वाला एक कानून है। साइकोट्रॉपिक या नशीली औषधियां Psychotropic : औषधियों का एक ऐसा समूह होता है जो तन्त्रिका तन्त्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, साइकोट्रॉपिक या नशीली औषधियां कहलाता है। इनको नियमित रूप से प्रयोग करने वाले व्यक्तियों को इनकी लत पड़ जाती है, इसे औषध व्यसन drug addiction कहते हैं। इसके कारण व्यक्ति शारी. रिक तथा मानसिक रूप से रोगी हो जाता है।

मादक पदार्थों के उपयोग से निपटने के लिए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 15 अगस्त, 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) शुरू किया। जिसका शुभारंभ 32 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 272 जिलों के लिए किया गया है, जिन्हें देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे संवेदनशील माना गया है।

**मादक पदार्थों की लत का कारण क्या है**

**मनोवैज्ञानिक कारक**-मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, जैसे अवसाद, चिंता या आघात, मादक द्रव्यों के सेवन में योगदान कर सकती हैं, क्योंकि लोग भावनात्मक दर्द से राहत चाहते हैं।

**सामाजिक कारक**- साथियों का दबाव, सामाजिक मानदंड और सामाजिक स्वीकृति के कारण व्यक्ति पदार्थों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।



**मादक पदार्थों के नुकसान**- भारत में अनेकों प्रकार के मादक पदार्थों का प्रयोग दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है जैसे अफीम, हेरोइन, बार्बिटुरेट्स आदि।

**उत्तेजक पदार्थ**- ये दवाएं केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की गतिविधि को बढ़ाती हैं। जैसे- एम्फैटेमिन, कोकीन, आदि।

**मतिभ्रमकारी पदार्थ**- ये ऐसी दवाएं हैं जो हमारी सामान्य दृष्टि, श्रवण और अनुभूति की क्रियाओं को विकृत कर देती हैं।

मादक द्रव्यों के सेवन से जुड़ी समस्याओं में कई जटिलताएं होती हैं। यह यकृत रोग, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग, विटामिन की कमी और मस्तिष्क क्षति जैसी शारीरिक समस्याएं पैदा कर सकती हैं। कुछ पदार्थ जन्म दोष पैदा कर सकते हैं और कुछ प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। मादक द्रव्यों के सेवन से ग्रस्त कई लोग अवसाद , चिंता या द्विध्रुवी विकार जैसे अन्य मानसिक विकारों का भी अनुभव करते हैं। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों के परिणामस्वरूप अवैध गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है, साथ ही शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य परिणाम भी हो सकते हैं, जैसे खराब शैक्षणिक प्रदर्शन, खराब स्वास्थ्य स्थिति, मस्तिष्क संरचना में परिवर्तन, तथा अधिक मात्रा में मादक द्रव्यों के सेवन से मृत्यु और आत्महत्या का खतरा बढ़ सकता है।

**मादक द्रव्यों से बचाव**

मादक पदार्थों से बचाव के लिए शिक्षा, सकारात्मक आदतें, और सही संगति बहुत महत्वपूर्ण हैं। मादक पदार्थों का सेवन न करने के लिए मना करना सीखें, ऐसे शौक या गतिविधियों में शामिल हों जिनमें आपकी रुचि हो, और ऐसे दोस्तों के साथ रहें जो सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हों। अगर आपको या आपके किसी परिचित को मादक द्रव्यों के सेवन से निपटने में मदद की जरूरत है, तो योग्य विशेषज्ञों या डॉक्टर से सलाह लेना सबसे अच्छा है।

मादक द्रव्यों से बचाव के लिए शिक्षा, वकालत और सुरक्षित वातावरण तैयार करना महत्वपूर्ण है। इसमें छात्रों को नशीली दवाओं के दुष्परिणामों के बारे में शिक्षित करना और श्नाश कहना सिखाना शामिल है। इसके अलावा, सामाजिक सहायता, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और नशीले पदार्थों की उपलब्धता कम करने वाले कानूनों को मजबूत करना भी प्रभावी कदम हैं।

**व्यक्तिगत स्तर पर बचाव के उपाय**

**शिक्षा और जागरूकता**- मादक द्रव्यों के सेवन के जोखिमों और हानिकारक प्रभावों के बारे में खुद को और दूसरों को शिक्षित करें।

**न कहना सीखें**- जब कोई आपको मादक पदार्थ देने की कोशिश करे तो श्नाश कहने का अभ्यास करें।

**सकारात्मक आदतें अपनाएं**- अपनी रूचि के अनुसार खेल, संगीत, या किसी अन्य रचनात्मक गतिविधि में खुद को व्यस्त रखें।

**स्वस्थ दोस्ती**- ऐसे दोस्तों के साथ रहें जो सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं।

**भावनात्मक मुकाबला**- तनाव, चिंता या उदासी से निपटने के लिए स्वस्थ तरीके खोजें। जैसे कि व्यायाम करना, योग करना, या किसी दोस्त से बात करना।

**मदद मांगें**- अगर आप संघर्ष कर रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय वयस्क, जैसे माता-पिता, शिक्षक या परामर्शदाता से बात करें।

**धैर्य और दृढ़ संकल्प**- मादक द्रव्यों के सेवन से बचाव एक सतत प्रक्रिया है। खुद पर और अपनी पसंद पर विश्वास रखें।

**सामुदायिक और सामाजिक स्तर पर बचाव के उपाय**

**शिक्षा कार्यक्रम**- स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में नशीली दवाओं की रोकथाम के कार्यक्रम चलाएं जो शैक्षिक और संवादात्मक हों। ऐसे कानूनों और नीतियों का समर्थन करें जो नशीली दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण को नियंत्रित करते हों। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक अभियान चलाए जाने चाहिए।

**कानूनी उपाय**

**नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट**

यह कानून मादक द्रव्यों के निर्माण, बिक्री, तस्करी, आयात और निर्यात को प्रतिबंधित करता है। एक्ट के उल्लंघन पर कठोर कारावास और भारी जुर्माना दोनों का प्रावधान है, जिसमें आजीवन कारावास तक की सजा शामिल हो सकती है। स्वास्थ्य शिक्षा और सार्वजनिक जागरूकता अभियान मादक द्रव्यों के सेवन के खतरों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मादक पदार्थों के व्यापार को रोकने और तस्करों को पकड़ने के लिए जनता और स्थानीय निकायों का सहयोग आवश्यक है। उन लोगों को उपचार प्रदान करना जो मादक द्रव्यों के सेवन के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं (जैसे अवसाद या चिंता) से भी जूझ रहे हैं, महत्वपूर्ण है।

**नशीली दवाओं से बचने के लिए ध्यान रखने योग्य बातें**

1. नशीली दवाओं से दूर रहें, खासकर जब आप तनाव या दबाव में हों।

2. उन दोस्तों और गतिविधियों से बचें जो आपको नशीली दवाओं के प्रति आकर्षित कर सकते हैं।


3. अपने परिवार और भरोसेमंद दोस्तों से बात करें यदि आपको लगता है कि आप मादक द्रव्यों के सेवन के जोखिम में हैं। यदि आप या आपका कोई परिचित मादक द्रव्यों के सेवन से जूझ रहा है, तो मनोरोग विशेषज्ञ या डॉक्टर से मदद लें।

मादक पदार्थों के विरुद्ध लड़ाई में न केवल कानूनी और प्रवर्तन उपाय शामिल हैं, बल्कि समाज और समुदाय की भागीदारी, शिक्षा और पुनर्वास कार्यक्रम भी महत्वपूर्ण हैं। मादक द्रव्यों से भावी रोकथाम के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण आवश्यक है, जिसमें व्यक्तिगत स्तर पर सामाजिक कौशल और मुकाबला करने की रणनीतियों को बढ़ावा देना, परिवारों और समुदायों को शामिल करना और व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियां शामिल हैं, जो युवा और जोखिम वाले समूहों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। साथ ही मादक द्रव्यों से बचाव अभियान की सफलता व्यक्ति, परिवार और समुदाय के संयुक्त प्रयासों पर निर्भर करती है, जो एक सतत और अनुक. ूलनीय रणनीति अपनाते हैं।

(लेखक हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट सी.सी.आर पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर से संबंधित हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी थे कलाम

**कमरुल इस्लाम**




डाएपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम शहर में एक साधारण से गरीब परिवार में हुआ था। बचपन में अखबारों को बेचते हुए डॉ. कलाम ने मद्रास इंजीनियरिंग कॉलेज, मद्रास से एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की। शुरू में उनका लक्ष्म पायलट बनने का था किन्तु नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था। डॉ. कलाम ने शुरू में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में सेवाओं प्रदान की और फिर डीआरडीओ में इंटग्रेटेड गाईडेड मिसाईल डवलपमेंट प्रोग्राम IGMDP के प्रमुख के रूप में पांच मिसाईल पृथ्वी-आकाश-त्रिशूल, नाग और अग्नि के अनुसंधान और निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आगे चलकर, इस तकनीक को और उन्नत रूप से विकसित किया गया। आज राज दुनिया की बेहतरीन व उन्नत मिसाईल बनाने में सक्षम है। अब डॉ. कलाम की चर्चा सारे विश्व में मिसाईल मेन के रूप में होने लगी थी।

भारत के रक्षा वैज्ञानिक सलाहकार एवं चीफ डीआरडीओ के उच्च पद पर कार्य करने के पश्चात भी डॉ. कलाम तकनीकी और गैर-वैज्ञानिक गतिविधियों में अपना योगदान दे रहे। डॉ. कलाम महान वैज्ञानिक ही नहीं, अपितु शिक्षण गतिविधियों में भी उनकी विशेष रूचि रही। वह सबों के साथ उनका मधुर स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और जीवन में देश के लिए कुछ कर गुजरने की लालसा उन्हें एक उत्कृष्ट व्यक्तित्व का मालिक बनाती है। भारत सरकार ने उनकी उपलब्धियों का महत्व देते हुए उन्हें पद्म भूषण, पद्म विभूषण तथा भारत रत्न के सम्मान से नवाजा। 25 जुलाई 2002 में डॉ. कलाम भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति बने।

( लेखक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में निजी सचिव रह चुके हैं, फिल्हाल वह सेवानिवृत्त हैं)

# वक्फ संशोधन बिल को लेकर जल्दबाजी ठीक नहीं



**मसूद हसन**



वक्फ संशोधन कानून और उसे चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय के अन्तरिम फैसले से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर मुसलमानों के बड़े तबक े को आशंकाओं एव ं असन्तोष ने घेर लिया है। यदि सरकार ने इन आशंकाओं पर गौर किए बिना कानून को जल्दबाजी में लागू करने और मुसलमानों के अनुसार उनका दुरुपयोग करने का प्रयास किया तो मुसलमानों की ओर से यह एक बड़े आन्दोलन का रूप ले कसता है। यह आन्दोलन सीएए और एनआरसी विरोधी आन्दोलन से बड़ा भी हो सकता है क्योंकि इसमें धर्म का रंग भी शामिल है।

मुसलमानों को मुख्य आपत्ति जिलाधिकारी को असीमित अधिकार देने, वक्फ बोर्डों में गैर मुसलमानों की नियुक्तियों और वक्फ बोर्ड यूजर का प्रावधान खत्म किए जाने पर था। अदालत ने जिलाधिकारी के अधिकार पर अन्तरिम रोक लगाने के साथ गैर मुस्लिमों की सदस्य संख्या भी सीमित की है, लेकिन अदालत वक्फ बोर्ड यूजर पर खामोश है।

मुसलमानों का कहना है कि देश के बंटवारे के बाद मौलाना अबुल कलाम आजाद ने दिल्ली में जामा मस्जिद में दिए गए ऐतिहासिक खुतबे में मुसलमानों से पाकिस्तान न जाने की अपील करते हुए उन्हें बुजुर्गों का कब्रों का हवाला दिया था और आज उन्हीं कब्रों पर संकट आ गया है। संविधान का अनुच्छेद 26 प्रत्येक समुदाय को अपने धार्मिक मामले में अपने धर्म अनुसार पालन करने का अधिकार देता था। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के जिन कुछ प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगा दी है, उसमें वक्फ बोर्ड सदस्य बनने के लिए इस्लाम का पांच साल तक पालन करने की शर्त और जिला कलेक्टर को किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने का अधिकार देना शामिल है। उच्चतम न्यायालय ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट वक्फ संशोधन अधिनियम की संवैधानिकता पर आगे सुनवाई करेगा, क्योंकि कई याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। विभिन्न मुस्लिम संगठनों और धार्मिक नेताओं ने न्यायालय के इस फैसले का सीमित स्वागत किया है, क्योंकि इससे मुस्लिम संपत्तियों पर सरकारी हस्तक्षेप को रोकने में कुछ हद तक मदद मिलेगी। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश को आंशिक राहत लेकिन कई प्रावधानों पर निराशा जताई है। ला बोर्ड ने कलेक्टरों की शक्तियों पर रोक और वक्फ बाई यूजर को सुरक्षित रखने का स्वागत किया लेकिन कई धाराओं को असंवसैधानिक बताया। लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के आदेश की समीक्षा बैठक की बोर्ड ने उन सभी लोगों का आभार जताया जिन्होंने इस बिल का विरोध किया।


वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 वक्फ अधिनियम 1965 में संशोधन करता है, जिसमें केन्द्र का नियंत्रण बढ़ता है और गैर-मुस्लिम सदस्यों की भूमिका होती है, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेबही बढ़े। राष्ट्रपति ने अप्रैल 2025 में इसे मंजूरी दी, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने सितम्बर 2025 में वक्फ संशोधन अधिनियम बनाने के लिए पांच साल की मुस्लिम होने की शर्त पर रोक लगा दी है, साथ ही कलेक्टर द्वारा संपत्ति अधिकार तय करने के प्रावधान पर भी रोक लगाई है, जो शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन माना गया। विधेयक वक्फ संपत्तियों पर केन्द्र के नियंत्रण को बढ़ाता है और भविश्य की वक्फ संपत्तियों के लिए उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अवधारणा को समाप्त करता है। कई राउंड की सुनवाई के बाद अन्तरिम फैसला आया है। इस कानून के खिलाफ जिन मुस्लिम समुदायों के लोगों ने विरोध जताया है, उन का कहना है यह लड़ाई लम्बी है। कांग्रेस नेता इमरान प्रताप गढ़ी भी याचिकाकर्ता हैं, उन्होंने इस फैसले पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने वक्फ संशोधन कानून की आत्मा पर रोक लगा दी है। वक्फ का अर्थ अल्लाह की सेवा के लिए किसी मुसलमान द्वारा अपनी किसी भी चल या अचल संपत्ति को धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए स्थाई रूप से समर्पित करना है।

एक बार जब कोई संपत्ति वक्फ घोषित हो जाती है, तो वह अविभाज्य हो जाती है और जिसे बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है और वह हमेशा के लिए अल्लाह की संपत्ति मानी जाती है। किसी व्यक्ति द्वारा मस्जिद, स्कूल, अस्पताल या अन्य सार्वजनिक संस्थानों के निर्माण जैसे धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए किया गया दान। वक्फ की सम्पत्ति को बेचा नहीं जा सकता, विरासत में नहीं दिया जा सकता या उस पर कोई बोझ नहीं डाला जा सकता। वक्फ संपत्ति अल्लाह में निहित होती है। यह स्थाई मानी जाती है। एक बार वक्फ, हमेशा वक्फ का नियम लागू होता है। वक्फ संपत्तियों का प्रबन्धन वक्फ बोर्डों द्वारा किया जाता है, जो वक्फ की देखरेख करते हैं। दिल्ली सल्तनत के दौरान वक्फ की प्रक्रिया को व्यवस्थित किया गया था, जब शासकों ने मस्जिदों, मदरसों और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए संपत्तियां दान की थीं। नवाबों ने धार्मिक और परोपकारी गतिविधियों के लिए जमीनें वक्फ की थीं। वक्फ बोर्ड का गठन वक्फ अधिनियम, 1954 के तहत किया गया था ताकि वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और देखरेख को व्यवस्थित किया जा सके। 1964 में केन्द्रीय वक्फ परिशद की स्थापना हुई, जो राज्य वक्फ बोर्डों के कामकाज की निगरानी और सलाह देने का काम करती है। इस अधि. नियम को वक्फ अधिनियम 1995 में प्रतिस्थापित किया गया। वक्फ प्रबन्धन को मजबूत करने और वक्फ संपत्तियों की देखरेख के लिए एक औपचारिक ढांचा स्थापित किया गया। वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्य वक्फ से संबंधित संपत्तियों का प्रबंधन, संरक्षण और प्रशासन करना है। वक्फ बोर्ड एक वैधानिक निकाय है, जिसका गठन वक्फ अधिनियम के प्रावधानों के तहत किया जाता है। यह एक व्यवस्था है जो राज्य वक्फ बोर्डों की देखरेख करता है। विभिन्न राज्यों में वक्फ बोर्ड स्थापित किए जिनका काम अपने राज्य की वक्फ संपत्तियों का प्रब ंधन करना है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी

## तटरक्षक बल ने फिलीपींस के सरकारी जहाज को निशाना बनाया




■ इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई

**बीजिंग।** चीन और फिलीपींस के बीच दक्षिण चीन सागर में टकराव का एक और गंभीर मामला सामने आया है। बताया गया है कि चीनी तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) के जहाजों ने फिलीपींस के एक सरकारी पोत पर पानी की तेज बौछार से हमला किया और इसके बाद में उसे टक्कर मार दी।

इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई। फिलीपींस तटरक्षक बल के अनुसार, यह घटना दक्षिण चीन सागर के विवादित इलाके में स्थित थीटू द्वीप के पास हुई। यह द्वीप फिलीपींस के कब्जे में है और वहां फिलीपींस के नागरिकों और मछुआरों की बस्ती भी है। घटना के समय फिलीपींस का सरकारी जहाज बीआरपी दातु पगबुआया वहां दो अन्य मछली पालन विभाग के जहाजों के साथ लंगर डाले हुए था। तीनों जहाज मछुआरों को सहयोग देने के लिए उस इलाके में मौजूद थे। तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमोडोर जे टारिएला ने बताया कि अचानक चीनी तटरक्षक जहाज और कुछ संदिग्ध सैन्य नौकाएं तेजी से वहां पहुंचीं और खतरनाक ढंग से उसके जहाजों के बहुत करीब आ गईं। इसके बाद एक चीनी जहाज, जिसका नंबर 21559 था, ने दातु पगबुआया पर सीधा पानी की तेज बौछारें दागीं। कुछ ही मिनटों बाद उसी जहाज ने फिलीपींस के पोत के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे उसे हल्का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि किसी भी चालक दल को चोट नहीं आई और जहाज बाद में सुरक्षित स्थान पर चला गया। फिलीपींस तटरक्षक बल द्वारा जारी एक वीडियो में चीनी जहाज को पानी की तेज धार से हमला करते और फिलीपींस के झंडे को निशाना बनाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में फिलीपींस का जहाज हमले से बचने के लिए दिशा बदलता भी दिखाई देता है। फिलीपींस तटरक्षक बल के प्रमुख एडमिरल रॉनी गिल गवान ने कहा कि ऐसी घटनाएं उनके मनोबल को कमजोर नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि फिलीपीनी मछुआरों की आजीविका इन जलक्षेत्रों पर निर्भर है। चाहे पानी की तोप चले या जहाजों से टक्कर मारी जाए, हम अपने क्षेत्र की एक इंच जमीन भी किसी विदेशी ताकत को नहीं सौंपेंगे।

## रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडिटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक भारतः यूक्रेनी थिंक टैंक

**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगाने का एलान किया था। ट्रंप ने भारत पर रूस-यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का गंभीर आरोप लगाया था। हालांकि भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। अब यूक्रेन के एक थिंक टैंक ने भारत पर एक और बड़ा आरोप लगाया है। यूक्रेनी थिंक टैंक ने दावा किया है कि भारत, रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडीटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और रूसी लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन को बेहतर करने में मदद कर रहा है।



नई दिल्ली। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका में बस दुर्घटना में 40 लोगों की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के लिम्पोपो प्रांत में रविवार शाम हुई एक बस दुर्घटना में सात बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सड़क यातायात प्रबंधन निगम ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि बस एक पहाड़ी दर्रे पर सड़क से उतरकर नीचे गिर गई। बस हादसे में हताहत लोग जिम्बाब्वे और मलावी के नागरिक थे जो पूर्वी केप प्रांत से स्वदेश लौट रहे थे। लिम्पोपो प्रांतीय सरकार के प्रमुख फोफी रामाथुबा ने कहा कि यह एक बहुत ही गंभीर त्रासदी है।

### साउथ कैरोलिना में गोलीबारी, चार की मौत, 20 घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी के साउथ कैरोलिना के ब्यूफोर्ट काउंटी के एक भीड़भाड़ वाले बार में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और अन्य 20 घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी थी। ब्यूफोर्ट काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि कल सेंट हेलेना द्वीप स्थित विलीज़ बार एंड ग्रिल में गोलीबारी की कई खबरें मिलने पर पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के समय सैकड़ों लोग घटनास्थल पर मौजूद थे।

### तुर्की दजला, फरात नदियों में और पानी छोड़ेः इराक

**बगदाद।** इराक के जल संसाधन मंत्री औन दियाब ने रविवार को कहा कि देश में पानी की कमी को दूर करने के लिए उन्होंने पड़ोसी मुल्क तुर्की से दजला और फ़रात नदियों में और पानी छोड़ने की मांग की है। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, तुर्की से गुजारिश की गई है कि अक्टूबर और नवम्बर महीने के लिए दजला और फ़रात नदियों में पानी ज्यादा मात्रा में छोड़ा जाये। दियाब ने आने वाले सर्दियों के मौसम का हवाला देते हुए कहा कि यह वर्ष, 1933 के बाद इराक में पानी की कमी का सबसे कठिन और गंभीर वर्ष है।

### यूक्रेनी ड्रोन डोनेट्स्क में बस पर किया हमला, छह घायल

**मॉस्को।** यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र के गोरलोव्का में एक यूक्रेनी ड्रोन ने एक यात्री बस पर हमला किया, जिससे छह नागरिक घायल हो गए। गोरलोव्का के मेयर ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के अनुसार गोरलोव्का के मेयर इवान प्रिखोदको ने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि गोरलोव्का के एक आवासीय क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन ने एक बस पर हमला किया, जिससे छह लोग घायल हो गए।

# हमास ने सभी 20 इजरायली बंधक रिहा किए

## 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया, बदले में इजरायल ने 250 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया




**तेल अवीव।** हमास ने सभी 20 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया है। इन्हें 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया। हमास ने इन्हें रिहा कर रेडक्रास को सौंपा। इसके बाद इजरायली सेना के हवाले किया गया। सभी बंधक इजरायल पहुंच चुके हैं। हमास के पास अब कोई भी जिंदा इजरायली बंधक नहीं है।

हमास आज ही 28 इजरायली शवों को भी सौंपेगा। इसके बदले में इजरायल ने आज 250 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल पहुंचे हैं। खुद बेंजामिन नेतन्याहू उन्हें रिसीव करने बेन गुरियन एयरपोर्ट पहुंचे थे। ट्रम्प, नेतन्याहू के साथ इजरायली संसद पहुंचे। इससे पहले नेतन्याहू ने संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने दुनिया में शांति के लिए बहुत कोशिशें की हैं। उन्हें अगले साल शांति का नोबेल मिलना

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल पहुंचे, खुद बेंजामिन नेतन्याहू उन्हें रिसीव करने बेन गुरियन एयरपोर्ट पहुंचे थे**

चाहिए। इजरायली सूत्रों के अनुसार, हमास गाजा में बचे सभी मृत बंधकों के शवों को नहीं ढूंढ पा रहा है।

इससे दूसरे चरण के समझौते में मुश्किलें आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार, इजरायल सरकार को पता है कि हमास कुछ मृत बंधकों का ठिकाना नहीं जानता और उन्हें वापस लाने में असमर्थ है। फिलहाल, यह संख्या 1 से 9 बताई जा रही है, जबकि इसके और ज्यादा होने का अनुमान है। इजरायल ने हाल की शांति बातचीत में सभी बंधकों (जीवित और मृत) की वापसी का शर्त रखी थी।अमेरिका को भी इस बात की जानक.ारी है कि कुछ बंधक गाजा के उन समूहों के कब्जे में हैं, जिन पर हमास का पूरा कंट्रोल नहीं है। अमेरिकी अधिकारी बारबरा लीफ ने सीएनएन से कहा कि मृत बंधकों की वापसी मुश्किल हो सकती है। पूर्व इजरायली सैन्य कमांडर गल हिर्श ने कहा कि सभी बचे हुए शवों को खोजने के लिए इजरायल, अमेरिका, मिस्र, कतर और तुर्की एक संयुक्त टीम बनाएगी। ट्रम्प का भाषण नेसेट में कुछ समय के लिए रो.कना पड़ा, क्योंकि 2 इजरायली सांसद फलस्तीन के पक्ष में नारेबाजी कर रहे थे। सुरक्षा अधिकारियों ने इन्हें संसद से बाहर खींचकर बैनर छीन लिए। इजरायली सांसद ने संसद में एक प्लेकार्ड पकड़ा है जिसपर 'फलस्तीन को मान्यता दो' का नारा लिखा है। ट्रम्प ने अपने भाषण में गाजा बंधक समझौते के लिए अरब देशों और मुस्लिम नेताओं की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने हमास पर दबाव बनाकर बंधकों को रिहा कराने में मदद की। उन्होंने आगे कहाः यह इजरायल और दुनिया के लिए एक बड़ी जीत है कि इतने सारे देश शांति के लिए एक साथ काम कर रहे हैं। यह एक नए मिडिल ईस्ट की ऐतिहासिक सुबह है।

### ट्रम्प ने किया इजरायल-हमास जंग के खात्मे का एलान



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को इज़रायल और हमास के बीच जंग के खत्म होने का एलान कर दिया। ट्रम्प ने अपने खास विमान एयर फ़ोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए युद्धविराम के टिके रहने पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह जारी रहेगा। इसके जारी रहने के कई कारण हैं। लेकिन मुझे लगता है कि लोग इससे थक चुके हैं। सदियों बीत गए हैं। मुझे लगता है कि लोग इससे थक चुके हैं। शुक्रवार सुबह लागू हुआ यह युद्धविराम ट्रम्प की 20-सूत्रीय गाजा शांति योजना के पहले चरण के बाद आया है। इस योजना में हमास का निरस्त्रीकरण और क्षेत्र में अमेरिका के नेतृत्व में एक समन्वय केंद्र की स्थापना शामिल है। इसके अगले चरणों पर बातचीत अभी भी जारी है। युद्धविराम समझौते के तहत, हमास और इजरायल सभी बंधकों को रिहा करेंगे। यह जंग सात अक्टूबर, 2023 को इज़रायल पर हमास के हमलों से शुरू हुई थी। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, तब से इज़रायल की सैन्य प्रतिक्रिया में 67000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें 18000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। उड़ान भरने से पहले ट्रम्प ने इस यात्रा को 'एक बेहद खास समय' बताते हुए इसे दुर्लभ एकता का क्षण बताया। उन्होंने युद्ध विराम के लिए इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और कतर की भूमिका की प्रशंसा की।

# गाजा में हमास लीडर के बेटे समेत 64 की मौत

## फलस्तीनी पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**गाजा।** गाजा सिटी में हमास और डोगमूश कबीले के बीच हुई झड़प में 64 लोग मारे गए हैं। इनमें 52 डोगमूश और 12 हमास लड़ाके शामिल हैं। हमास के टेलीविजन चैनल के मुताबिक हमास के सीनियर अधिकारी बासेम नैम का बेटा भी झड़प में मारा गया। झड़प में एक फलस्तीनी पत्रकार की भी गोली लगने से मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया।

डोगमूश कबीले ने आरोप लगाया कि हमास ने सीजफायर का फायदा उठाकर उन्हें निशाना बनाया। हमास ने चेतावनी दी है कि जो मिलिशिया मेंबर और अपराधी खूनखराबे में शामिल नहीं हैं, वे अगले रविवार तक आत्मसमर्पण कर सकते हैं, अन्यथा उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोलीबारी से लोग डरकर भाग रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बीबीसी को बताया कि इस बार लोग इजरायली हमलों से नहीं, बल्कि अपने ही लोगों से भाग रहे थे। डोगमूश नाम की उत्पत्ति

**यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया**

तुर्किश मूल की बताई जाती है। इसका मतलब होता है- तुर्की में जन्मा हुआ। कहा जाता है कि डोगमूश कबीला 20वीं सदी की शुरुआत में पलायन कर गाजा पहुंचा था। यह कबीला गाजा सिटी के साब्रा और तेल अल-हवा में बसा हुआ है। डोगमूश गाजा के बड़े घरानों में गिना जाता है। डोगमूश पर अलकायदा के करीबी होने का आरोप लगता है। इस कबीले पर ब्रिटिश पत्रकार एलन जानस्टन और इजरायली कैदी गिलाश शालिद के अपहरण में शामिल होने का आरोप है। गाजा में सत्ता हासिल करने को लेकर डोमगूश और हमास के बीच कई बार संघर्ष हो चुका है।

# ट्रम्प के फैसले के खिलाफ निर्वस्त्र होकर लोगों ने निकाली बाइक रैली




■ सैनिकों की तैनाती का कर रहे विरोध

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले के खिलाफ ओरेगन के पोर्टलैंड शहर में अनोखा विरोध प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने निर्वस्त्र होकर बाइक रैली निकाली। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा पोर्टलैंड में नेशनल गाड्र्स की तैनाती के विरोध में ये बाइक रैली निकाली गई।

अमेरिका के कई शहरों में संघीय बल नेशनल गाड्र्स की तैनाती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पोर्टलैंड में हर साल विश्व नग्न बाइक राइड का आयोजन किया जाता है, लेकिन ट्रम्प प्रशासन द्वारा पोर्टलैंड में अप्रवासियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और नेशनल गाड्र्स की तैनाती के फैसले की खिलाफ इस बार समय से पहले ही इस अनोखी बाइक रैली का आयोजन किया गया। पोर्टलैंड में बीते कई दिनों से अप्रवासियों के खिलाफ आव्रजन विभाग की कार्रवाई का विरोध हो रहा है। आव्रजन केंद्र के बाहर कई बार प्रदर्शनकारी और सुरक्षाकर्मियों की भिड़ंत हो चुकी है। रैली में शामिल हुए एक प्रदर्शनकारी जेनेन किंग ने निर्वस्त्र बाइक राइड को विरोध करने का पोर्टलैंड का विशिष्ट तरीका बताया। 51 वर्षीय महिला ऊनी मोजो, जो एक विग और एक टोपी के अलावा पूरी तरह निर्वस्त्र थी, उसने गर्म चाय की चुस्की लेते हुए कहा कि उसे लगातार हो रही बारिश से कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम बिल्कुल नहीं चाहते कि हमारे शहर में सैनिक आएं। साल 2004 से ओरेगन के सबसे बड़े शहर पोर्टलैंड की सड़कों पर हर साल नग्न निकाली जाती है।

## भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति 43 साल बाद रिहा, गलत आरोप में काटी सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में भारतीय-अमे.रिकी सुब्रमण्यम वेदम 43 साल तक हत्या के एक झूठे मामले में जेल में रहने के बाद रिहा कर दिए गए हैं। 64 साल के वेदम को 3 अक्टूबर को रिहा किया गया था। वेदम, एक स्थाई अमेरिकी निवासी है। 1980 में उनपर अपने क्लासमेट की हत्या के आरोप लगे। हालांकि, वेदम ने हमेशा अपनी बेगुनाही का दावा किया, फिर भी उसे 1983 और 1988 में दो बार दोषी ठहराया गया और बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अगस्त 2025 में, सेंटर काउंटी के जज जोनाथन ग्राइन ने उनकी सजा को पलट दिया।

# इकोनॉमिक्स का नोबेल दो अमेरिकी और एक ब्रिटिश प्रोफेसर का

**आर्थिक विकास में इनोवेशन की स्टडी के लिए मिला, 10 करोड़ प्राइज मिलेगा**

**स्टाकहोम।** इस साल इकोनामिक्स का नोबेल पुरस्कार तीन अर्थशास्त्रियों जोएल मोकिर (अमेरिका), पीटर हाविट (अमेरिका) और फिलिप एगियान (यूके) को मिला है। नोबेल समिति ने बताया कि इन अर्थशास्त्रियों ने बताया कि इना.वेशन से कैसे आर्थिक विकास का रास्ता खुलता है।

तकनीक तेजी से बदलती है और हम सभी पर असर डालती है। उत्पाद और उत्पादन के नए तरीके पुराने तरीकों को बदलते रहते हैं और यह प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती। यही लगातार आर्थिक विकास का आधार है, जिससे दुनिया भर के लोगों की जीवन गुणवत्ता, स्वास्थ्य और जीवन स्तर बेहतर होता है। विज.ताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपये), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा। पुरस्कार 10 दिसम्बर को स्टाकहोम में दिए जाएंगे।

नोबेल समिति के मुताबिक, जोएल मोकिर ने इतिहास को देखकर यह बताया कि लगातार आर्थिक विकास क्यों हो पाया। उन्होंने कहा कि अगर नए-नए आविष्कार और सुधार लगातार होते रहते हैं, तो हमें सिर्फ यह पता होना जरूरी नहीं कि कोई चीज काम करती है, बल्कि यह भी समझना जरूरी है कि क्यों वह काम करती है।

औद्योगिक क्रांति से पहले लोग यह अक्सर नहीं समझ पाते थे, इसलिए नए खोजों और आविष्कारों का सही इस्तेमाल करना मुश्किल था। इसके अलावा, मोकिर ने कहा कि समाज का नए विचारों के लिए खुला होना और बदलाव स्वीकार करना भी बहुत जरूरी है। फिलिप एगियान और पीटर हाविट ने लगातार आर्थिक विकास कैसे होता है, इसे समझाने की कोशिश की। इन दोनों ने 1992 में एक मॉडल बनाया जिसे 'क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन' यानी 'रचनात्मक विनाश' कहा गया।

# अवैध रूप से रह रहे छह अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

## पुलिस ने कार्रवाई कर एफआरआरओ को सौंपे



**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिले की पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई निहाल विहार थाना क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस की गश्ती टीम ने सतर्कता दिखाते हुए सभी को मौके पर पकड़ लिया। बाद में सभी को कानूनी प्रक्रिया के तहत विदेशी नागरिक सीधे संबंधित नागरिक प्राधिकरण (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया है ताकि उनके निर्वासन की कार्रवाई पूरी की जा सके। पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने सोमवार को बताया कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए अभियान तेज किया गया है। निहाल विहार थाने की टीम ने 10 अक्टूबर को चंदर विहार इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि कुछ विदेशी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के एक मकान में रह रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम ने तत्परता से छापा मारा। पुलिस को देखकर सभी छह विदेशी नागरिक भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने पासपोर्ट और वीज़ा दस्तावेज दिखाने में असमर्थता जताई। आगे जांच में पाया गया कि उनके वीज़ा की अवधि समाप्त हो चुकी है और वे लंबे समय से दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे। इन गिरफ्तारियों में विदेशी नागरिकों की पहचान कैमरून निवासी फ्रैंक फोटचिंग, रोमियो लूसियन, नाइजीरिया निवासी सैमुएल, माल्क फराडे, इनौसा, घना निवासी इवांस डांसो के रूप में हुई है। पुलिस ने विद.ेशी नागरिकों को आश्रय देने के आरोप में मकान मालिक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। सभी छह विदेशी नागरिकों को नरेला स्थित सेवा सदन, लैंपुर डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। एफआरआरओ के समन्वय में निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि दिल्ली पुलिस की नीति 'शून्य सहिष्णुता' के तहत किसी भी व्यक्ति को बिना वैध दस्तावेजों के देश में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## सूडानी सेना ने पश्चिमी सूडान में 100 से ज्यादा लड़ाकों के मारे जाने का किया दावा

**खारतूम।** सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने रविवार को कहा कि पश्चिमी सूडान के एल फशर में हुई लड़ाई में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के 100 से जयादा लड़ाके मारे गए हैं। एसएएफ के छठी इन्फैंट्री डिवीजन ने एक बयान में कहा कि उसने रविवार तड़के एल फशर शहर पर मिलिशिया द्वारा किए गए भीषण हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। इसमें आगे कहा गया कि हमारे बलों ने बहादुरी से हमलावरों का सामना किया, जिससे कर्मियों और उपकरणों को भारी नुकसान हुआ, 100 से जयादा मिलिशिया लड़ाके मारे गए और अन्य घायल हुए। सूडान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया था कि आरएसएफ के ड्रोन हमलों में एल फशर स्थित एक अस्थाई आश्रय स्थल पर 57 नागरिक मारे गए, हालांकि आरएसएफ ने रविवार को इस बमबारी की जिम्मेदारी से इनकार किया।

